


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 251 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु.2, 2079 शुक्रवार, 25 नवंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## शरद पवार ने महाराष्ट्र के गवर्नर पर साधा निशाना, कहा उन्होंने पार कर दी हर हद

मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में शिवाजी को लेकर गवर्नर कोश्यारी के बयान को लेकर छिड़ी रार थमने का नाम नहीं ले रही है। अब इस मामले में एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गवर्नर ने हर हद पार कर दी है।

इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को हस्तक्षेप करना चाहिए। बड़े पद पर होने का यह मतलब नहीं कि वहां बैठे लोगों को गैरजिम्मेदाराना बयान देने का अधिकार मिल जाता है।

# बिजली की तेजी से फाइल क्लियर

## सुप्रीम कोर्ट बोला सवाल ईसी पर नहीं, प्रक्रिया पर



नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के अपॉइंटमेंट की ओरिजिनल फाइल सुप्रीम कोर्ट को सौंपी। सुप्रीम कोर्ट सीईसी और ईसी की नियुक्ति प्रक्रिया पर सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से अपॉइंटमेंट की फाइल मांगी थी।

आज फाइल देखने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा, चुनाव आयुक्त के अपॉइंटमेंट की फाइल बिजली की तेजी से क्लियर की गई। यह कैसा मूल्यांकन है। सवाल उनकी योग्यता पर नहीं है। हम अपॉइंटमेंट प्रोसेस पर सवाल उठा रहे हैं।

**5 जजों की संवैधानिक बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा :**

संविधान पीठ के सामने हुई लंबी बहस के बाद बेंच ने इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस केएम जोसेफ की अगुआई वाली बेंच में जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस सीटी रविकुमार इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं।

**चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति पर बवाल क्यों :**

दरअसल, 1985 बैच के आईएएस अरुण गोयल ने उद्योग सचिव पद से 18 नवंबर को वीआरएस लिया था। इस पद से उन्हें 31 दिसंबर को रिटायर होना था। गोयल को 19 नवंबर को चुनाव आयुक्त अपॉइंट कर दिया गया। वह मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय के साथ निर्वाचन आयोग का हिस्सा रहेंगे।

इस नियुक्ति पर सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने एक याचिका दायर कर सवाल उठाया है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार से इस मामले पर सुनवाई शुरू की है। गुरुवार को सुनवाई का तीसरा दिन है। कोर्ट सीईसी और ईसी की नियुक्ति की प्रक्रिया पर 23 अक्टूबर 2018 को दायर की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में कहा गया था कि सीबीआई डायरेक्टर या लोकपाल की तरह ही केंद्र एकतरफा चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति करता है। याचिका में इन नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम सिस्टम की मांग की गई है।

**अटॉर्नी जनरल ने अपॉइंटमेंट फाइल मांगने पर ऐतराज जताया था :**

बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान गोयल की नियुक्ति से संबंधित फाइल को देखने की कोर्ट की इच्छा पर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने आपत्ति जताई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आपत्ति खारिज कर दी। वेंकटरमणि ने कहा कि कोर्ट चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के बड़े मुद्दे को सुन रहा है। ऐसे में वह प्रशांत भूषण द्वारा उठाए गए एक व्यक्तिगत मामले को नहीं देख सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, सेशन जैसा कैरेक्टर चाहिए, कार्यकाल ही पूरा नहीं होता :**

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त, यानी सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सरकार को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा कि 1990 से 1996 के बीच सीईसी रहे टीएन शेषन के बाद किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त को अपने पूरे कार्यकाल का मौका नहीं मिला। क्या ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि सरकार को सीईसी बनाए जाने वाले व्यक्ति के जन्म की तारीख पता होती है? वर्तमान सरकार के समय ही नहीं, यूपीए की सरकार के समय भी होता आया है।

**इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की 2 अहम टिप्पणियां**

**1. सबसे काबिल आदमी ही इस पद पर पहुंचे**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संविधान में चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) और दो इलेक्शन कमिश्नरों (ईसी) के कंधों पर महत्वपूर्ण शक्तियों का भार है। इन जिम्मेदार पदों पर नियुक्ति के समय चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाना चाहिए, ताकि बेस्ट पर्सन ही इस पद पर पहुंचे। यह बहुत अहम हो जाता है कि आखिर बेस्ट अधिकारी का सिलेक्शन और उसकी नियुक्ति कैसे की जाती है।

**2. पिछले 70 साल से सीईसी की नियुक्ति का कानून नहीं :**

बेंच ने कहा था कि संविधान में बताई प्रक्रिया के तहत इलेक्शन कमिश्नर की नियुक्ति नहीं होने का परिणाम अच्छा नहीं होता। संविधान के अनुच्छेद 324 (2) में सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए कानून बनाने की बात कही गई है। पिछले सात दशकों में नियमों के तहत नियुक्ति नहीं हुई हैं।

## बहुविवाह और निकाह-हलाला पर पाबंदी की मांग सुप्रीम कोर्ट बनाएगी नई संविधान पीठ

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिमों में प्रचलित बहुविवाह और निकाह-हलाला के मामलों पर विचार के लिए संविधान पीठ बनाने की सहमति दे दी है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पीठ ने आज कहा कि वह इन प्रथाओं को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार के लिए नई संविधान पीठ बनाएगी। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि नई पीठ इन मामलों की सुनवाई करेगी। यह निर्देश वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर दिया गया। उपाध्याय ने याचिका का आज सुबह चीफ जस्टिस की पीठ के समक्ष उल्लेख किया था। याचिका में मुस्लिमों की बहुविवाह और हलाला प्रथा को प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। उपाध्याय ने पीठ से कहा कि दो न्यायाधीश जस्टिस इंदिरा बनर्जी और जस्टिस हेमंत गुप्ता सेवानिवृत्त हो चुके हैं और नई पीठ बनाई जाना है। इससे पूर्व पांच जजों (जस्टिस इंदिरा बनर्जी, हेमंत गुप्ता, सूर्यकांत, एमएम सुंदरेश और सुधांशु धुलियां) की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में मांग की गई है कि मुस्लिमों में प्रचलित बहुविवाह प्रथा और निकाह हलाला को प्रतिबंधित किया जाए। ये अवैध व असंवैधानिक हैं।

याचिका में कहा गया है कि निकाह-हलाला की प्रथा में एक तलाकशुदा महिला को पहले किसी और से शादी करना होती है। इसके बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत अपने पहले पति से फिर शादी करने के लिए तलाक लेना पड़ता है।

# मल्ला रेड्डी की संपत्तियों पर आईटी का छापा नाटकीय ढंग से खत्म



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रम मंत्री सीएच मल्ला रेड्डी और उनके रिश्तेदारों के आवासों, संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठानों पर आयकर की तलाशी गुरुवार की तड़के नाटकीय रूप से समाप्त हुई। करीब 400 अधिकारियों ने राज्य मंत्री के स्वामित्व वाली संपत्तियों पर तीन दिनों तक छापेमारी की।

### मंत्री पर आयकर अधिकारी को धमकाने का आरोप

छापेमारी के दौरान आईटी अधिकारियों ने छापेमारी के स्थानों से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज, नकदी और सोना जब्त किया है। हालांकि, जब आईटी अधिकारी और मंत्री बोइनपल्ली पुलिस स्टेशन पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत की, तो एक उच्च नाटक हुआ।

मामला तब शुरू हुआ जब मल्लारेड्डी एक आयकर अधिकारी रत्नाकर के साथ बोइनपल्ली पुलिस स्टेशन आए। मंत्री ने आरोप लगाया कि अधिकारी उस अस्पताल में आए थे जहां उनका बेटा महेंद्र रेड्डी भर्ती है और उनसे जबरदस्ती हस्ताक्षर किए हैं। सीआरपीएफ के जवान, जो आयकर अधिकारी के साथ थे, भी साथ आए और थाने के फाटकों को बंद कर दिया और किसी को भी नहीं जाने दिया। मंत्री के अनुयायी रत्नाकर का लैपटॉप मंत्री को सौंपने के लिए थाने ले आए थे। हालांकि, सीआरपीएफ कर्मियों ने मंत्री के अनुयायियों को अंदर नहीं जाने दिया और इसका विरोध हुआ। मल्ला रेड्डी ने बाद में आईटी अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने उनके बेटे को बेरहमी से पीटा और उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

# बीएल संतोष को बनाया आरोपी



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने भारतीय जनता पार्टी नेता बीएल संतोष सहित तीन अन्य को आरोपी बनाया है। एसआईटी ने टीआरएस के चार विधायकों को कथित तौर पर अपने पक्ष में ले जाने का आरोप लगाया है। गुरुवार को पुलिस के अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी।

तेलंगाना हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद मामले की जांच कर रही एसआईटी ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष को दूसरा नोटिस भी जारी किया, जो अभी तक उसके सामने पेश नहीं हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ताजा नोटिस में बीएल संतोष पूछताछ के लिए 26 नवंबर या 28 नवंबर को एसआईटी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। अब तक की जांच के आधार पर एसआईटी ने यहां एक विशेष भ्रष्टाचार ब्यूरो (एसीबी) अदालत बीएल संतोष और केरल के दो व्यक्तियों जग्गू स्वामी और तुषार वेल्लापल्ली के अलावा बी श्रीनिवास का नाम आरोपी के तौर पर जोड़ा गया है। टीआरएस विधायक पायलट रोहित रेड्डी और चार विधायकों ने 26 अक्टूबर को उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद मामले में रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंद कुमार और सिंहयाजी स्वामी भी नामजद हैं। ये कोई पहला मौका नहीं है जब तेलंगाना में बीजेपी ने विधायकों के खरीद-फरोख्त की कोशिश की हो इसके पहले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों की ओर से भी खरीद-फरोख्त के आरोप की बातें सामने आईं थीं। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया था। उस समय भी बीआरएस नेताओं ने विधायकों की खरीद-फरोख्त के पीछे बीजेपी का हाथ होने का आरोप लगाया था।

# पीएम मोदी ने रोजगार मेले को किया संबोधित

*कहा 2047 तक देश और गोवा का विकास युवाओं के हाथ*

पणजी, 24 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गोवा के पणजी में रोजगार मेले को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा, भाजपा शासित सभी राज्यों में एक के बाद एक रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। युवाओं को केंद्र सरकार भी नौकरी दे रही है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज गोवा सरकार ने अहम कदम उठाया है।


(फाइल फोटो)

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा, आने वाले कुछ महीनों में गोवा पुलिस समेत अन्य विभागों में कई भर्तियां होने वाली हैं। इससे गोवा पुलिस और मजबूत होगी और नागरिकों, पर्यटकों की सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी सुविधा बढ़ने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा, गोवा रोजगार मेले में जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र मिले हैं, आपके सबसे महत्वपूर्ण 25 साल अब शुरू हो रहे हैं। 2047 तक देश और गोवा का विकास आपको सौंपा गया है।

## 'दो सप्ताह के लिए स्थगित रखें आगे की कार्रवाई'

तिरुवनंतपुरम, 24 नवंबर (एजेंसियां)। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के साथ करीब तीन साल पहले दिसंबर 2019 में कथित तौर पर उस समय बदसलूकी की गई थी, जब वे कन्नूर विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी कि कन्नूर न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत के जांच के आदेश को रद्द किया जाए। हाईकोर्ट ने गुरुवार को इस मामले पर आगे की कार्यवाही को दो सप्ताह के लिए स्थगित रखने का आदेश दिया। मामला जब सुनवाई के लिए आया तो कोर्ट ने पूछा कि क्या घटना के संबंध में कोई मामला दर्ज किया गया है।

# बोम्मई की टिप्पणी के बाद अजीत पवार की केंद्र से दखल की मांग



मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने गुरुवार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की उस टिप्पणी की निंदा की है, जो उन्होंने दोनों राज्यों के सीमा विवाद को लेकर की है। पवार ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से जवाब देने को कहा है। उन्होंने इस मामले में केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की है।

**फडणवीस ने बोम्मई के बयान को बताया भड़काऊ :**

दरअसल, बुधवार की शाम बोम्मई ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा मुद्दे पर भड़काऊ बयान दिया है और उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। हमारी सरकार देश की भूमि, पानी और सीमाओं को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

फडणवीस ने कहा था कि महाराष्ट्र का कोई भी गांव कर्नाटक में नहीं जाएगा। उन्होंने ट्वीट कर कहा था कि बेलगाम-करवार-निपानी समेत मराठी भाषी गांवों को पाने के लिए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में मजबूती से लड़ाई लड़ेगी।

**केंद्र को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए**

इस मुद्द पर प्रतिक्रिया देते हुए पवार ने कहा, सागली जिले में जाट तालुका के गांवों पर दावा करने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने अब अक्कलकोट और सोलापुर पर भी दावा किया है। मैं कर्नाटक के मुख्यमंत्री के बयान की कड़ी निंदा करता हूं।

**महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद**

पवार ने आगे कहा, हमारे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को कड़ा जवाब देना चाहिए। केंद्र को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। मामला अदालत में लंबित है। यह लोगों का महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए है।

**पॉलिटिकल टूल बन गई है सीमा रेखा :**

इससे पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा था कि सीमा रेखा महाराष्ट्र में राजनीतिक उपकरण (पॉलिटीकल टूल) बन गई है और सत्ता में रहने के लिए कोई भी पार्टी राजनीतिक उद्देश्यों के लिए इस मुद्दे को उठाएगी। बोम्मई ने कहा था कि मेरी सरकार कर्नाटक की सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है और उसने कदम भी उठाए हैं।

बोम्मई ने दावा किया कि महाराष्ट्र के सांगली जिले कुछ गांवों ने कर्नाटक के साथ विलय की मांग करते हुए एक प्रस्ताव को पारित किया है। ये गांव पानी के संकट से जूझ रहे हैं। हालांकि, महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री ने इन दावों का खंडन किया और कहा कि ऐसे किसी गांव ने हाल के दिनों में कर्नाटक के साथ विलय की मांग नहीं की है।

# मोदी सरकार 2.0 के आखिरी बजट में गांव पर फोकस

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले साल 1 फरवरी को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट पेश करेंगी। मंत्रालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों पर खर्च 50 प्रतिशत बढ़ाकर 2 लाख करोड़ रुपये किया जा सकता है। बढ़ी रकम का इस्तेमाल कोरोना महामारी के मद्देनजर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आई सुस्ती को दूर करने के लिए किया जाएगा। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1.36 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए थे। हालांकि यह खर्च बढ़कर 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है। 2024 के अप्रैल-मई महीने में संभावित लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार का न केवल रोजगार बढ़ाने पर जोर है, बल्कि वह किफायती घर स्कीम को बढ़ावा देने पर भी ध्यान दे रही है।

**खर्च-बजट दोनों बढ़े, लेकिन बेरोजगारी दर 8.04 प्रतिशत :**

कोरोना के बाद गांवों में मनरेगा के जरिए रोजगार पाने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। चालू वित्त वर्ष में बेरोजगारी दर 7 प्रतिशत से ऊपर बनी रही। नवंबर में यह 8.04 प्रतिशत पर है। मनरेगा के लिए इस साल 73 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा था। इसे बाद में बढ़ाकर 98 हजार करोड़ करना पड़ा है।अगले बजट में राशि 50 प्रतिशत बढ़ाई जा सकती है।

कैपिटल गैन्स टैक्स दरों की समीक्षा से लेकर आयकर दर घटाने के सुझाव। जीएसटी कानून को अपराध के दायरे से बाहर करें। कैपिटल गेन्स टैक्स की दरों की समीक्षा की जाए, इसके रेट और होल्डिंग पीरियड में बदलाव हो। पर्सनल इनकम टैक्स की दरों में कमी लाई जाए। इससे लोगों की खर्च लायक आय बढ़ेगी और डिमांड साइकिल में इजाफा होगा। कॉर्पोरेट टैक्स की दर मौजूदा स्तर पर बनी रहे।

अर्थशास्त्री एससी गुलाटी का कहना है कि अगले बजट के बाद सरकार को 2024 के आम चुनाव का सामना करना है। उम्मीद है कि बजट में रोजगार बढ़ाने पर फोकस रहेगा।

## कांग्रेस मुख्यालय के सामने वीर सावरकर की प्रतिमा स्थापित करेगी हिंदू महासभा

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। वीर सावरकर पर टिप्पणी को लेकर अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 'स्वतंत्रता सेनानी का अपमान' करने के लिए कांग्रेस नेता की सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों को प्रतिबंधित करने का आग्रह किया है। 19 नवंबर को पीएम मोदी को लिखे पत्र में चक्रपाणि ने बताया कि हिंदू महासभा ने दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के सामने वीर सावरकर की प्रतिमा लगाने का फैसला लिया है।

## दिल्ली एम्स का सर्वर कल से डाउन : जांच करने पहुंची केंद्रीय एजेंसियां, साइबर अटैक की आशंका

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल दिल्ली एम्स का सर्वर बुधवार सुबह 7 बजे से डाउन है। सर्वर में गड़बड़ी के चलते अस्पताल में मरीजों के रजिस्ट्रेशन और सैंपल लेने की प्रक्रिया ठप हो गई। एजेंसियों ने साइबर अटैक की आशंका भी जताई है। केंद्रीय साइबर एजेंसियां मामले की जांच के लिए मौके पर पहुंच गई हैं। उधर, सर्वर डाउन का मामला गृह मंत्रालय तक पहुंच गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सिस्टम पूरी तरह से खत्म हो चुका है और एजेंसियां इसे फिर से शुरू करने की कोशिश कर रही हैं। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के मुताबिक यह रैंसमवेयर वायरस अटैक हो सकता है। इसकी वजह से हॉस्पिटल में इंटरनेट बंद है और सभी काम मैन्युअली किए जा रहे हैं। एम्स के सर्वर पर बेहद संवेदनशील जानकारी रहती है। यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रियों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों का हेल्थ डेटा रहता है। मामले में साइबर क्राइम एजेंसियों को भी लगाया गया है।

बता दें कि रैनसमवेयर एक तरह का मालवेयर होता है, जो आपके कंप्यूटर में घुसकर एक्सेस हासिल कर लेता है। वो आपकी सभी फाइल को एन्क्रिप्टेड कर देता है। डेटा और एक्सेस वापस देने के एवज में फिरौती की मांग करता है। आसान भाषा में इसे किडनैपिंग समझ सकते हैं। कोई लुटेरा आपके सिस्टम और डेटा को कैद कर लेता है और उसके बदले फिरौती मांगता है। फिरौती देने के बाद वो चाहे तो आपका डेटा वापस कर दे या उसे खत्म कर सकता है। 2020 में कम से कम 130 अलग-अलग रैनसमवेयर एक्टिव थे और 2021 की पहली छमाही में मालवेयर के 30,000 ग्रुप मिले थे। जो समान रूप से दिखते और संचालित होते थे।

## असीम मुनीर होंगे पाकिस्तान के नए आर्मी चीफ

ईस्लामाबाद, 24 नवंबर (एजेंसियां)। लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर पाकिस्तान के नए आर्मी चीफ होंगे। वे आईएसआई के चीफ रह चुके हैं। अब वो जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे। बाजवा 29 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। जनरल मुनीर वही हैं, जिन्होंने पूर्व पीएम इमरान खान को आसपास मौजूद भ्रष्टाचार के बारे में बताया था। इसके बाद ही उन्हें उनके पद से हटा दिया गया था। 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा हमले में भी असीम मुनीर की साजिश थी।

असीम 2018-2019 में 8 महीनों के लिए आईएसआई चीफ रह चुके हैं। इमरान खान ने अपने करीबी फैज हमीद को आईएसआई चीफ बना दिया था और गुजरांवाला कॉर्प्स कमांडर के तौर पर मुनीर का ट्रांसफर कर दिया था। असीम को 2018 में टू-स्टार जनरल के रैंक पर प्रमोट किया गया था, लेकिन उन्होंने इस पोस्ट को 2 महीने बाद जॉइन किया। लेफ्टिनेंट जनरल के तौर पर उनका 4 साल का कार्यकाल 27 नवंबर को खत्म होगा।

# श्रद्धा के हत्यारे को कम समय के भीतर कठोर सजा दिलाएंगे : अमित शाह

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने श्रद्धा हत्याकांड सहित आप के मंत्री सत्येंद्र जैन के ऊपर भी खुलकर बातचीत की। गृह मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार श्रद्धा के हत्यारे को जल्द से जल्द कोर्ट के जरिए कठोर सजा दिलवाने का काम करेगी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली को झगझोर देने वाले श्रद्धा वॉकर हत्याकांड पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि श्रद्धा के हत्यारे को सबसे कम समय में कोर्ट के जरिए कठोर सजा दिलाने का काम हमारी सरकार करेगी। वहीं उन्होंने कहा कि श्रद्धा की चिट्ठी जब पुलिस को मिली थी, तब महाराष्ट्र में हमारी सरकार नहीं थी। उन्होंने कहा इसमें भी जो दोषी होगा उसपर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अमित शाह ने कहा कि एंटी कन्वर्जन कानून की जहां तक बात है, तो भाजपा की सरकारों ने अपने राज्यों में कानून बनाए हैं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने के लिए पहले इसकी व्याख्या करनी होगी कि ये हो सकता है या नहीं। अमित शाह ने आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येंद्र जैन पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। किसी को समस्या है, तो वो न्यायपालिका का रूख कर सकता है। इसे राजनीतिक रंग से ना देखें। शाह ने कहा कि उनके जेल मंत्री को जेल जाने पर भी बर्खास्त नहीं किया जाता और फिर वो वहां सुविधाएं भोगते हैं। कानून निर्माताओं ने कभी कल्पना तक नहीं की थी कि कोई मंत्री इतनी निर्लज्जता से इस्तीफा नहीं देगा। उन्होंने कहा कि मैंने भी जेल जाने के बाद इस्तीफा दिया था। ऐसे लूपहोल्स को बहस करके सुधारने की जरूरत है।



वहीं अमित शाह ने विधानसभा चुनाव पर बात करते हुए कहा कि गुजरात में भाजपा का मुख्य मुकाबला कांग्रेस के साथ है। पिछला चुनाव प्रदूषित चुनाव था। कांग्रेस ने जातिवाद के 3 आंदोलन कर हवा खड़ी की थी। उन्होंने गुजरात, हिमाचल और एमसीडी तीनों जगहों पर भाजपा सरकार बनने की बात कही। शाह ने कहा कि भाजपा की योजनाएं और रेवड़ी बांटने में फर्क है। जितना बजट नहीं उससे ज्यादा तो उन्होंने फ्री की घोषणाएं कर दी हैं।

अमित शाह ने राहुल गांधी की सावरकर पर टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा कि सभी को अकेले सावरकर और वीर सावरकर का अंतर समझना जरूरी है। 130 करोड़ लोगों ने उन्हें वीर सावरकर की उपाधी दी है। शाह ने कहा कि जो लोग आज टिप्पणी कर रहे हैं, वो 10 दिन सावरकर की तरह जेल में रहकर दिखाएं।

## महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद जल्द हल करने के प्रयास

# मंत्री देसाई बोले- राउत बिगाड़ रहे माहौल



मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र व कर्नाटक के बीच सीमा विवाद जल्द हल करने के प्रयास जारी हैं। महाराष्ट्र के मंत्री शंभुराज देसाई ने कहा है कि हम इसका श्रेष्ठ हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। सीमावर्ती 85 गांवों के लोगों को पूरी सुविधाएं दी जाएंगी। देसाई ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में शिवसेना नेता संजय राउत माहौल खराब कर रहे हैं। मंत्री देसाई ने बताया कि हमारी सरकार ने चंद्रकांत पाटिल व मुझे यह विवाद हल करने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि हम दोनों राज्यों के सीमावर्ती 85 गांवों के लोगों को पूरी सुविधाएं देंगे। इसके लिए हमने सीएम एकनाथ शिंदे को प्रस्ताव दिया है। हम इस विवाद को तेजी से हल करने के प्रयास कर रहे हैं। कर्नाटक सरकार ने यह विवाद पैदा किया है।

**पीएम व गृह मंत्री से मिलेंगे**

महाराष्ट्र के मंत्री देसाई ने यह भी कहा कि हम इस बारे में विचार के लिए जल्द ही पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। कर्नाटक अपनी कानूनी लड़ाई लड़ेगा और हम महाराष्ट्र के न्याय की लड़ाई लड़ेंगे।

**राउत पर लगाया महाराष्ट्र का माहौल बिगाड़ने का आरोप**

देसाई ने आरोप लगाया कि शिवसेना बालासाहब ठाकरे गुट के नेता संजय राउत महाराष्ट्र का माहौल बिगाड़ रहे हैं। हम हमारा काम कर रहे हैं, लेकिन वह टीवी पर आकर ऐसी बातें कह रहे हैं, जिनसे राज्य का माहौल खराब हो रहा है।

**अजीत पवार बोले- ध्यान भटकाने की कोशिश**

कर्नाटक- महाराष्ट्र सीमा विवाद पर विपक्ष के नेता अजीत पवार ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। कर्नाटक सीएम के बयान की निंदा करते हुए उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के सीएम व डिप्टी सीएम को इस मामले में कड़ा जवाब देना चाहिए। उन्होंने केंद्र से भी हस्तक्षेप की मांग की। पवार ने कहा, मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया।

## श्रद्धा की शिकायत पर पूनावाला के खिलाफ क्यों नहीं हुई कार्रवाई

# इसकी जांच होगी: महाराष्ट्र डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस



नागपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि 2020 में आफताब पूनावाला के खिलाफ श्रद्धा वालकर की शिकायत पर पुलिस की कार्रवाई क्यों नहीं हुई, इसकी जांच की जाएगी. भाजपा नेता ने यह भी कहा कि उस वक्त अगर कार्रवाई हुई होती तो संभवतः उसे बचाया जा सकता था. गौरतलब है कि पूनावाला और श्रद्धा की मुलाकात एक डेटिंग एप के जरिए हुई थी. इसके बाद उन्होंने मुंबई में एक कॉल सेंटर में साथ काम करना शुरू किया और दोनों के बीच वहीं से प्रेम संबंध शुरू हुए. बाद में वे दिल्ली आ गए थे. दोनों के बीच कथित तौर पर 18 मई को शादी को लेकर बहस हुई, जिसके बढ़ने पर पूनावाला ने श्रद्धा की हत्या कर दी और उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए. पूनावाला ने दक्षिणी दिल्ली के महरौली में अपने घर पर करीब तीन सप्ताह तक इन टुकड़ों को 300 लीटर के फ्रिज में रखा. वह कई दिन तक आधी रात को उन्हें शहर के विभिन्न इलाकों में फेंकने के लिए जाता रहा.

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि वालकर ने 23 नवंबर 2020 को पालघर जिले के तुलिंज थाने में तहरीर दी थी कि उसके लिव-इन-पार्टनर पूनावाला ने उसे मारने की कोशिश की और उसे डर है कि वह उसके टुकड़े-टुकड़े कर फेंक देगा. वालकर ने पुलिस से कहा था, ''उसके (पूनावाला के) माता-पिता को पता है कि वह मेरे साथ मारपीट करता है और उसने मुझे जान से मारने की कोशिश भी की.'' नागपुर में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा कि उन्होंने वालकर की तहरीर पढ़ी है. उन्होंने कहा, ''मैंने उसे पढ़ा है. पत्र बहुत गंभीर है. हमें जांच करनी होगी कि उसकी शिकायत पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई.'' उन्होंने कहा, ''मैं किसी के खिलाफ आरोप नहीं लगाना चाहता, लेकिन ऐसी घटनाएं तभी होती हैं जब शिकायतें मिलने पर कार्रवाई नहीं होती है. इसकी पक्का जांच की जाएगी.''

### 'लड़कियां श्रद्धा की तरह मरती रहेंगी

**'डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने देश के सिस्टम को बताया खोखला**

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल ने श्रद्धा हत्याकांड मामले को लेकर कई सवाल उठाए हैं. उन्होंने सवाल किया है कि आखिर 2020 में की गई श्रद्धा की शिकायत को क्यों बंद किया गया? इस मामले पर आगे कार्रवाई क्यों नहीं की गई? मालीवाल ने कहा कि जब तक इस देश के सिस्टम इतने खोखले रहेंगे, लड़कियां ऐसे ही मरती रहेंगी. दरअसल, 23 नवंबर 2020 को श्रद्धा ने आफताब के खिलाफ शिकायत की थी. इस शिकायत में उसने बताया कि कैसे आफताब ने उसे धमकी दी कि वह उसका गला घोंट देगा और उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा. आफताब ने उस दिन उसे मारने की कोशिश की थी. उसने लिखा था,

# जामा मस्जिद में अकेली लड़की की एंट्री पर बैन, स्वाति मालीवाल बोलीं- इमाम को जारी कर रही हूं नोटिस



नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद ने अकेली लड़कियों की एंट्री बैन कर दी है. मस्जिद के एंट्री गेटों पर अकेली महिलाओं की नो-एंट्री के बोर्ड लगा दिए गए. नोटिस में लिखा है कि जामा मस्जिद में लड़की या लड़कियों का अकेले दाखला मना है. मतलब साफ है कि बिना पुरुष के महिलाएं अब जामा मस्जिद में एंट्री नहीं ले पाएंगी. इस बात पर राजनीति भी शुरू हो गई है. दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल इस आदेश का विरोध किया है. स्वाति मालीवाल ने कहा कि इस मामले में वह मस्जिद के इमाम को नोटिस जारी करेंगी. वहीं मस्जिद प्रशासन का कहना है कि महिलाओं के साथ अश्लीलता को रोकने के लिए ये निर्णय लिया गया है. उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, जामा मस्जिद में महिलाओं की एंट्री रोकने का फैसला बिल्कुल गलत है. जितना हक एक पुरुष को इबादत का है उतना ही एक महिला को भी. मैं जामा मस्जिद के इमाम को नोटिस जारी कर रही हूं. इस तरह महिलाओं की एंट्री बैन करने का अधिकार किसी को नहीं है.

**आदेश के विरोध में उठी आवाज**

कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी जामा मस्जिद के इस आदेश का विरोध किया है. सामाजिक कार्यकर्ता शहनाज अफजल ने कहा कि भारत में हर किसी को बराबरी का अधिकार मिला हुआ है. उसमें इस तरह का फैसला संविधान का खुला उल्लंघन करता है. उन्होंने कहा कि इस तरह का फैसला किसी भी सूरत में मान्य नहीं है. मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रवक्ता शाहिद सईद ने भी इसका विरोध किया है. उन्होंने कहा कि यह गलत मानसिकता है. महिलाओं के दोयम दर्जे का व्यवहार क्यों? इबादत की जगह हर किसी के लिए खुली होनी चाहिए.

**शाही इमाम की सफाई**

वहीं जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने कहा है कि मस्जिद में नमाज पढ़ने आने वाली महिलाओं को रोका नहीं जाएगा. उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें आ रही थीं कि मस्जिद में लड़कियां अपने प्रेमी के साथ आ रही हैं. यदि कोई महिला जामा मस्जिद आना चाहती है तो उसे परिवार या पति के साथ आना होगा.

### मेघालय के तुरा में आए भूकंप के झटके, 3.4 रही तीव्रता

तुरा, 24 नवंबर (एजेंसियां)। मेघालय के तुरा से 37 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व में भूकंप के झटके आए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि यहां आज सुबह करीब 03:46 बजे 3.4 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप की गहराई जमीन से पांच किमी. नीचे थी।

### विसर्जन जुलूस के दौरान केंद्रपाड़ा में बड़ा हादसा करीब 30 लोग घायल

केंद्रपाड़ा, 24 नवंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के केंद्रपाड़ा में बड़ा हादसा हो गया। यहां विसर्जन जुलूस के दौरान आतिशबाजी में विस्फोट होने से करीब 30 लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह जानकारी केंद्रपाड़ा के जिलाधिकारी अमृत रितुराज ने दी। केंद्रपाड़ा के डीएम अमृत रितुराज के मुताबिक, केंद्रपाड़ा के सदर थाना एरिया में आने वाले बलिया बाजार में विसर्जन जुलूस निकाला जा रहा था।

## श्रद्धा मर्डर केस पर प्रज्ञा ठाकुर बोलीं

### लव अब जिहाद हो चुका, इसको मिटाना सबकी जिम्मेदारी



भोपाल, 24 नवंबर (एजेंसियां)। श्रद्धा मर्डर केस अभी भी दिल्ली पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। दिल दहला देने वाले इस मामले से पूरा देश सकते में है। इसको लेकर राजनीति भी शुरू हो चुकी है। इस कड़ी में मध्यप्रदेश के भोपाल से सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर का भी बयान आया है, जिसमें उन्होंने इसे लव जिहाद का मामला बताते हुए लड़कियों को जागरूक करने की बात कही है। साध्वी प्रज्ञा ने कहा, एक लड़की श्रद्धा, जिसके 35 टुकड़े करके फ्रिज में रखे और उसे एक-एक कर फेंका, वह एक योजना के तहत है। लव जिहाद का हमारे समाज में जहर फैल रहा है, वह देश के लिए एक कलंक है। इसको मिटाना और जागरूक करना, हम सबकी ज़िम्मेदारी है। क्योंकि हिन्दू कभी ऐसा नहीं करता है। इतनी विभत्स हत्या, इतनी नृशंसता, इतनी क्रूरता सिर्फ लव जिहाद वाले ही कर सकते हैं।

**लड़कियों की जागरूक करना जरूरी...**

उन्होंने कहा, हमें लड़कियों के अंदर यह चीज जगानी पड़ेगी कि आप हिन्दू हो तो हिंदुओं में ही शादी करो। लव कुछ नहीं होता है। लव तो अब जिहाद हो चुका है। पहले प्रेम होता था, प्रेम का मतलब समर्पण होता है। हम सन्यासी एक बात कहते हैं, हमारा जीवन इस प्रकार का हो जाता है कि जब हम प्रेम करते हैं तो अटूट प्रेम करते हैं और प्रभु को समर्पित हो जाते हैं। सांसद ठाकुर ने कहा, प्रेम की परिभाषा को लव कर दिया है और लव के आगे इसमें जिहाद जोड़ दिया है।

## एनआईए को मिली गैंगस्टर लॉरेंस की 10 दिन की रिमांड

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली की एक कोर्ट ने गुरुवार को सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में गिरफ्तार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की 10 दिन की रिमांड राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। राष्ट्रीय एजेंसी दिल्ली-एनसीआर के गैंगस्टरों की आतंकी संगठनों से लिंक की जांच कर रही है। एनआईए के रडार पर कई पंजाबी गायक और संगीतकार हैं। उन पर पंजाब और विदेश में गैंगस्टर द्वारा अवैध तरीके से अर्जित पैसे को म्यूजिक इंडस्ट्री में लगाने का आरोप है। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई से पूछताछ हो सकती है। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई को आज पंजाब से दिल्ली लाया जा रहा है। एनआईए टीम गैंगस्टर से जल्द ही इस संबंध में पूछताछ करेगी। गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई से नई दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में पूछताछ की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि एनआईए अधिकारी पूछताछ में कई गैंगस्टर से जुड़े अन्य कनेक्शन को भी खंगालेंगे।

## कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे भी होंगे भारत जोड़ो यात्रा में शामिल



इंदौर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मलिकार्जुन खरगे 26 नंबर को इंदौर आएंगे। वे शाम साढ़े पांच बजे दिल्ली से विमान से इंदौर आएंगे। संविधान दिवस के मौके पर वे महू जाकर डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देंगे। शाम को वे ड्रीम लैंड चौराहा महू पर जन सभा में भाग लेंगे। इसके बाद वे इंदौर में रात्रि विश्राम करेंगे। 27 नवम्बर को वे विशेष विमान से गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए वडोदरा जाएंगे और चुनावी सभाएं लेंगे। 26 नवंबर को महू में भारत जोड़ो यात्रा भी आएगी। खरगे उसमें भी शामिल होंगे और राहुल गांधी के साथ चलेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद में पहली बार इंदौर आएंगे। विमानतल पर उनके स्वागत के बाद महू की सभा में इंदौर ग्रामीण के कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे। महू की सभा के लिए लगातार ग्रामीण क्षेत्र में बैठकों का दौर चल रहा है।

**राजवाड़ा पर होगी नुक्कड़ सभा**

शहर कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो यात्रा का इंदौर का कार्यक्रम जारी कर दिया है। राहुल 27 नवंबर को सुबह छह बजे महू से चलेंगे और दोपहर में राऊ में यात्रा रुकेगी। यहां लंच लेने के बाद शाम चार बजे यात्रा शुरू होगी, जो राजेंद्र नगर ब्रिज से चाणक्यपूरी होकर चोइथराम मंडी की तरफ जाएगी। यहां से कलेक्टोरेट तिराहा होते हुए यात्रा राजवाड़ा पहुंचेगी। यहां राहुल गांधी नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे चिमनबाग मैदान पर जाएंगे। वहां रात्रि विश्राम होगा। 27 नवंबर को यात्रा बड़ा गणपति से शुरू होगी। जिंसी चौराहा, किला मैदान, बाणगंगा होते हुए इंदौर -सांवेर रोड पर यात्रा पहुंचेगी। यहां बारोली गांव में विधायक संजय शुक्ला के फार्म हाउस पर यात्रा रुकेगी और शाम चार बजे उज्जैन की तरफ रवाना होगी।

## शराब पीकर स्कूल पहुंचा शिक्षक सस्पेंड

**नशे में पालघर के अधिकारी की कर दी थी पिटाई**

पालघर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक स्कूल में शराब पीकर आने वाले एक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। उसने नशे की हालत में जिला परिषद के एक अधिकारी की गुरुवार को पिटाई भी कर दी थी। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि जिला परिषद ने दहानु तालुका के धामनगांव में प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक को स्कूल में सोते हुए और दूसरों को गाली देते हुए पाया था। शिक्षक के खिलाफ शिकायतों के बाद जिला परिषद के सीईओ ने उसे 22 नवंबर को निलंबित कर दिया। सेवा नियमों के अधीन जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि आरोपी शिक्षक निलंबन अवधि में जिला मुख्यालय नहीं छोड़ सकेगा और न ही कोई अन्य नौकरी नहीं कर सकेगा।

# बड़ी साजिश विफल: सांबा में आईबी के पास मिली हथियारों की खेप और 5 लाख की नकदी

सांबा, 24 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू संभाग के जिला सांबा में गुरुवार सुबह पुलिस ने बड़ी साजिश को विफल किया है। सांबा में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब छह किलोमीटर दूर छन्नी मनासा गांव में एक खेत में पुलिस को हथियारों की खेप समेत नकदी बरामद हुई है। आंशका जताई जा रही है कि इस खेप को ड्रोन के माध्यम से सीमा पार से पहुंचाया गया है और इसे अब आगे ले जाना था, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने इस नापाक इरादे को भंडाफोड़ कर दिया है। एडिशनल एसपी सुरिंदर चौधरी ने बताया कि सूत्रों से विजयपुर के सवांखा मोड़ से कुछ दूरी पर एक खेत में एक बंद पैकेट मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर जब पुलिस टीम ने पैकेट को खोला तो उसमें दो पिस्टल, एक आईईडी, चार मैग्जीन, और करीब पांच लाख रुपये की नकदी मिली। इसके बाद आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मंगलवार को हुई थी दो घुसपैठ की कोशिशें**



मंगलवार को इसी क्षेत्र में रामगढ़ और अरनिया सेक्टर में दो घुसपैठ की कोशिशें हुई थीं। अरनिया सेक्टर में फायरिंग में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया, जबकि रामगढ़ सेक्टर में एक अन्य को पकड़ लिया गया। पूछताछ में यह घुसपैठिया मानसिक रूप से अस्थिर पाया गया, जिसे दोपहर को पाकिस्तानी रेंजरों को सौंप दिया गया।

**पाकिस्तान में घुसपैठिए का शव लेने से किया इंकार**

पाकिस्तान रेंजरों ने अरनिया सेक्टर में मारे गए घुसपैठिए का शव लेने से मना कर दिया। वह किसी बड़ी साजिश के मकसद से आया था। पता चला है कि वह आतंकियों के लिए रेकी करने आया था। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी रेंजरों को घुसपैठिए के सीमा तक पहुंचने की पूरी जानकारी थी। तभी घुसपैठिए के शव को लेने से मना कर दिया गया। घुसपैठिए के पास किसी तरह का पहचान पत्र भी नहीं था। सिर्फ पाकिस्तानी करंसी में 70 रुपये मिले हैं। एक के बाद एक हुई इन घटानओं से सांबा समेत पूरे बॉर्डर पर अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने भी अपने सीमांत इलाकों के नाकों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। करीब दो साल पहले अरनिया बॉर्डर पर ही एक घुसपैठिया मारा गया था, जिसके पास नक्शे तक मिले थे। मोबाइल फोन भी मिला था। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी रेंजरों की मदद से आतंकी संगठनों ने उक्त घुसपैठिए को रेकी के लिए भेजा था, ताकि घुसपैठ का रूट क्लीयर हो जाए, लेकिन इसके पहले ही बीएसएफ के जवानों ने इसे देख लिया।

**कई दिनों से मिल रहे इनपुट**

खुफिया एजेंसियों ने बीएसएफ, सेना और पुलिस को अलर्ट किया है। एलओसी और बॉर्डर पर करीब 9 जगहों से आतंकियों की घुसपैठ की आशंका है। अमर उजाला ने इसे लेकर पहले ही खबर प्रकाशित कर दी थी। अभी भी लगातार इनपुट मिल रहे हैं कि अगले 15 से 20 दिन में बॉर्डर और एलओसी पर घुसपैठ की साजिश रची जा रही है। इसे लेकर बुधवार को भी सीमांत क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया।

**अग्रिम चौकियों पर गश्त तेज**

एक ही रात में सांबा के रामगढ़ और अरनिया सेक्टर में घुसपैठ के दो प्रयासों के बाद बीएसएफ ने जवानों को अलर्ट कर दिया है। घने कोहरे के बीच जवानों को अधिक मुस्तैदी के साथ नजर रखने के लिए कहा गया है। जवानों को कहा गया है कि वह अग्रिम चौकियों पर गश्त में इजाफा करें, ताकि कोई भी घुसपैठ न कर सके।

## नीरव मोदी ने प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति मांगी



लंदन, 24 नवंबर (एजेंसियां)। भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने लंदन उच्च न्यायालय में एक आवेदन दायर कर अपने भारत प्रत्यर्पण के आदेश के खिलाफ ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति मांगी है. लंदन की उच्च न्यायालय ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण घोटाले के मामले में करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी और धन शोधन के आरोपों का सामना करने के लिए हाल ही में नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित करने का आदेश दिया था.नीरव (51) अभी लंदन के वैंड्सवर्थ कारागार में बंद है. आम जनता के हित से जुड़े कानून के एक बिंदु के आधार पर उसके पास अपील दायर करने के लिए दो सप्ताह का समय है. ब्रिटेन के गृह मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार, नीरव को भारत प्रत्यर्पित किए जाने की राह में अब भी कई कानूनी अड़चनें हैं. भारतीय अधिकारियों की ओर से काम कर रही क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) के अब नीरव के नए आवेदन का जवाब देने की उम्मीद है, जिसके बाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश लिखित में फैसला देंगे. क्रिसमस की छुट्टियों की वजह से यह मामला और भी लटक सकता है. न्यायाधीश जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और न्यायाधीश रॉबर्ट जे ने नीरव को भारत प्रत्यर्पित करने का फैसला नौ नवंबर को सुनाया था. अदालत ने मनोरोग विशेषज्ञों के बयान के आधार पर कहा था कि उसे ऐसा नहीं लगता कि नीरव की मानसिक स्थिति अस्थिर है और उसके खुदकुशी करने का जोखिम इतना ज्यादा है कि उसे भारत प्रत्यर्पित करना अन्यायपूर्ण और दमनकारी कदम साबित होगा. फैसले में यह भी कहा गया कि प्रत्यर्पण के बाद हीरा कारोबारी को मुंबई की जिस आर्थर रोड जेल की बैरक 12 में रखा जाना है, उसमें सुरक्षा के ''पर्याप्त उपाय'' किए गए हैं. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने फैसले के बाद कहा था कि लंदन उच्च न्यायालय में नीरव मोदी मामले की अंतिम सुनवाई के दौरान दो मनोरोग विशेषज्ञों की गवाही उसकी खराब मनोवैज्ञानिक स्थिति के तर्क के खारिज होने में महत्वपूर्ण साबित हुई और इसके चलते फैसला भारत के पक्ष में आया. नीरव को इस साल फरवरी में जिला न्यायाधीश सैम गूजी की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत की प्रत्यर्पण के पक्ष में दी गई व्यवस्था के खिलाफ अपील करने की अनुमति दी गई थी. नीरव के खिलाफ दो मामले हैं. एक धोखाधड़ी से ऋण समझौता करके और सहमति-पत्र हासिल करके पीएनबी के साथ बड़े स्तर पर जालसाजी करने से संबंधित है, जिसकी सीबीआई जांच कर रही है. वहीं, दूसरा मामला इस धोखाधड़ी से प्राप्त काले धन को सफेद करने से संबंधित है, जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही है. नीरव पर साक्ष्यों को गायब करने और गवाहों को डराने-धमकाने के दो अतिरिक्त आरोप भी हैं.

## ग्वालियर में पार्षद को उसके ही दोस्तों ने पीट-पीटकर मार डाला, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

ग्वालियर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। ग्वालियर के मुरार इलाके में कैंटोनमेंट एरिया के पार्षद की उसके ही साथियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना देर रात की है, जिसके बाद घटना से गुस्साए लोगों ने मुरार थाने पहुंचकर हंगामा और चक्काजाम किया।

पुलिस का दावा है कि एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है। शहर के मुरार इलाके में एक पार्षद की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पार्षद जन्मदिन पार्टी में शामिल होने पहुंचा था, इसी दौरान उसके दोस्तों से विवाद हो गया। उसके दोस्तों ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। मृतक के स्वजनों ने पांच दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है। इसमें से एक आरोपित को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पूछताछ चल रही है।

मृतक के स्वजनों ने चक्काजाम कर दिया। उनकी मांग है कि आरोपितों के घर बुलडोजर चलाया जाए। पुलिस के मुताबिक मुरार कैंटोनमेंट एरिया के वार्ड से पार्षद शैलेंद्र उर्फ शैलू कुशवाह बीती रात जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गए थे। इस पार्टी में शामिल भूरा तोमर, धर्मेंद्र पाल, विक्की कौशल, विनीत राजावत सहित पांच लोगों के साथ शराब पी। इसके बाद आपस में विवाद हो गया तो पार्षद शैलेंद्र उर्फ शैलू को पीटना शुरू कर दिया। उस पर लाठी और डंडों से वार किया। उसे तब तक पीटते रहे जब तक वह लहूलुहान होकर जमीन पर नहीं गिर पड़ा।

इसी दौरान पार्षद शैलेंद्र कुशवाहा की मौत हो गई। उसे अस्पताल भी ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वजनों ने गुरुवार सुबह मुरार इलाके में चक्काजाम कर दिया।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 25 नवंबर, 2022 3

सुविचार: शान्ति व सहनशीलता वातानुकूलित कक्ष जैसी शीतलता प्रदान करती है, इससे मनुष्य की कार्यक्षमता बढती है

## केसीआर सरकार ने बीसी समुदाय के साथ अन्याय किया : लक्ष्मण

### राज्यपाल से की सरकार के खिलाफ शिकायत



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने आज आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य के 26 समुदायों के लोगों की जातियों को हटाकर उनके साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि इन समुदायों के सदस्य बीसी सूची से हटाए जाने के कारण राज्य में बीसी आरक्षण का आनंद नहीं ले पा रहे हैं।

लक्ष्मण ने ये टिप्पणी 26 समुदायों के सदस्यों के साथ राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन से मुलाकात के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए की। उन्होंने इस मुद्दे पर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। लक्ष्मण ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने एक झटके से हटाया। उन्होंने कहा कि इन समुदायों के लोग, जो एपी से राज्य में आए थे, छोटे-छोटे काम करके अपनी आजीविका चला रहे थे। उन्होंने कहा कि 26 समुदाय अभी भी एपी में बीसी की सूची में हैं।

लक्ष्मण ने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी कि अगर बीसी समुदाय के साथ अन्याय हुआ तो उनकी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तेलंगाना और एपी सरकारों ने स्थानीय निकाय चुनावों में बीसी के लिए आरक्षण कम कर दिया है। चौधरी जैसे राज्य के मंत्रियों के आवासों और संपत्तियों पर चल रहे आईटी छापों पर टिप्पणी करते हुए। मल्ला रेड्डी, लक्ष्मण ने यह स्पष्ट किया कि तेलंगाना में आईटी छापे नए नहीं थे और उन्होंने कहा कि किसी को भी छापे के बारे में चिंतित नहीं होना चाहिए यदि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, जबकि यह ध्यान में रखते हुए कि धोखाधड़ी और गलतियों को आईटी विभाग द्वारा दंडित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि छापेमारी को राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा भाजपा नेता बीएल संतोष को जारी नोटिस पर टिप्पणी करते हुए लक्ष्मण ने आरोप लगाया कि नोटिस राजनीतिक प्रतिशोध से जारी किए गए थे और उनके खिलाफ निराधार आरोप लगाए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि वे सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी के खिलाफ राजनीतिक और कानूनी रूप से लड़ेंगे।

## हैदराबाद में ड्रग्स के साथ छह गिरफ्तार

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मद्यनिषेध और आबकारी विभाग के अधिकारियों ने शहर में मादक पदार्थों के कथित कब्जे के लिए अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों को पकड़ा और बुधवार रात एमडीएमए (मेथिलेंडाय ऑक्साइमेथामफेटामाइन) और हशीश तेल बरामद किया। पहली घटना में मुंबई के सांताक्रूज वेस्ट के तीन व्यक्ति गुलहसन खान, सलीम अहमद रहमान अंसारी और मोहम्मद रिजवान को 12 लाख रुपये के एमडीएमए के साथ जुबली हिल्स और रायदुर्गम में पकड़ा गया। एक अन्य घटना में, बोरबंदा के टी.कृष्णा, के.अक्षय और चौधरी मणि कुमार, सभी 35 ग्राम हशीश तेल के कब्जे में पकड़े गए। अधिकारियों ने कहा कि संदिग्ध हैदराबाद में ग्राहकों को नशीले पदार्थ बेचने और आसान पैसा बनाने की कोशिश कर रहे थे।

## तेलंगाना को तबाह करने के लिए आपस में लड़ रही हैं टीआरएस व भाजपा : जग्गारेड्डी



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस विधायक टी. जग्गा रेड्डी ने आज केंद्र में टीआरएस राज्य सरकार और भाजपा एनडीए सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधा। यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, जग्गा रेड्डी ने सत्तारूढ़ टीआरएस और विपक्षी भाजपा के बीच चल रही लड़ाई का हवाला दिया और दोनों दलों से पूछा कि राज्य के लोगों को उनके मुर्गों की लड़ाई से क्या लाभ होगा? उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस हमेशा जनता की भलाई और जनकल्याण के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि टीआरएस और भाजपा तेलंगाना राज्य को तबाह करने के लिए आपस में लड़ रहे हैं। आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा राज्य के श्रम मंत्री चौ. मल्ला रेड्डी, उन्होंने आश्चर्य किया कि सत्ता में आने के आठ साल बाद मंत्री के आवासों और संपत्तियों पर छापे क्यों मारे जा रहे थे? उन्होंने कहा कि मल्ला रेड्डी ने टीआरएस पार्टी में शामिल होने के बाद पैसा नहीं कमाया, लेकिन राजनीति से पहले इसे बनाया। उन्होंने भाजपा केंद्र सरकार से पूछा कि उसने अपने आठ साल लंबे शासन में आईटी छापे क्यों नहीं लगाए? कुछ एजेंसियों द्वारा की गई छापेमारी पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि पौराणिक काल के दौरान कैसीनो अस्तित्व में थे। यह कहते हुए कि गोवा में कैसीनो बड़ी संख्या में हैं, उन्होंने कहा कि गोवा राज्य में भाजपा का शासन है।

## बीसी कोटे के मुद्दे पर कल से विरोध प्रदर्शन करेगी बसपा : आरएस प्रवीण कुमार

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष आरएस प्रवीण कुमार ने आज कहा कि उनकी पार्टी बीसी आरक्षण के मुद्दे पर राज्य भर में विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि विरोध 26 नवंबर से होगा। उन्होंने कहा वे अपने विरोध के हिस्से के रूप में एक करोड़ हस्ताक्षर अभियान भी आयोजित करेंगे और इसे भारत के राष्ट्रपति को भेजेंगे। बसपा नेता ने यह भी कहा कि वे ग्रामीण स्तर से लेकर राज्य स्तर तक विरोध प्रदर्शन करेंगे। यह कहते हुए कि बीसी समुदाय को उनकी कुल 52 प्रतिशत आबादी के मुकाबले केवल 27 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है, उन्होंने सोचा कि आरक्षण का इतना कम प्रतिशत 52 प्रतिशत आबादी के लिए कैसे पर्याप्त होगा?

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने उच्च जाति समुदायों के गरीब लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया, जबकि उनका कुल प्रतिशत सिर्फ 10 प्रतिशत है। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भगवा पार्टी ने उनकी पार्टी का गला घोंट दिया था, जब उसने अपनी आवाज उठाई और बीसी आरक्षण के मुद्दे पर विरोध कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र सरकार बीसी जनगणना शुरू करने के अलावा देश के बीसी को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करे। उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न समुदायों की बढ़ती आबादी के आधार पर आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और झारखंड राज्यों की तरह तेलंगाना में बीसी आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए। प्रवीण ने कहा कि उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण कोटा लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार बीसी समुदाय से क्रीमी लेयर सिस्टम को हटा दे। राज्य सरकार के गहन घरेलू सर्वेक्षण पर उन्होंने पूरे सर्वेक्षण को फर्जी करार दिया और सीएम केसीआर से सर्वेक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की.

## आईटी छापे भाजपा नेताओं से प्रेरित : राजशेखर रेड्डी

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के श्रम मंत्री मल्लारेड्डी के दामाद एम. राजशेखर रेड्डी ने आरोप लगाया कि उनके शिक्षण संस्थानों पर आयकर छापे पूरी तरह से भाजपा नेताओं से प्रेरित है। गुरुवार को यहां मीडिया से बात करते हुए राजशेखर रेड्डी ने कहा कि चूंकि वह वर्षों से शैक्षणिक संस्थान चला रहे हैं, आईटी अधिकारियों ने कुछ साल पहले उनके कॉलेजों पर तीन बार छापे मारे और सभी रिकॉर्डों को सत्यापित करने के बाद अत्यंत संतुष्टि के साथ चले गए, लेकिन, इस बार यह पहले वाले से अलग नजर आ रहा है. यह पूरी तरह से प्रेरित लग रहा था। उन अधिकारियों ने मेरे 75 वर्ष से अधिक उम्र के माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को वित्तीय लेनदेन से संबंधित प्रश्न पूछकर परेशान किया है। राजशेखर रेड्डी ने कहा कि छापे रिकॉर्ड की पुष्टि के लिए नहीं किए गए हैं, बल्कि हमें परेशान करने के लिए किए गए हैं क्योंकि हम टीआरएस पार्टी से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ रुपये की नकदी, जिसके बारे में कहा जाता है कि आईटी विभाग द्वारा जब्त की गई है, कोई बड़ी राशि नहीं है। मेरे पास पाँच कॉलेज हैं। प्रत्येक कॉलेज के कर्मचारियों का वेतन लगभग 2 करोड़ रुपये प्रति माह है। मोटे तौर पर, पाँच कॉलेजों में वेतन लगभग 10 करोड़ रुपये होंगे। इसके अलावा, प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है और कॉलेजों को छात्रों से पैसा मिला है। जब्त किया गया धन गलत और कालाधन नहीं है। हमारे पास पैसे से संबंधित सभी विवरण हैं। हम हर साल आयकर दाखिल करते हैं और हर महीने जीएसटी जमा करते हैं। हमारे लेनदेन बहुत निष्पक्ष और पारदर्शी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीआरएस छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए मंत्री मल्ला रेड्डी के परिवार के सदस्यों पर दबाव बनाने के लिए छापे मारे गए।

## एमएलसी शिकार मामले में एसीबी कोर्ट ने हिरासत याचिका खारिज की

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने सनसनीखेज एमएलसी शिकार द्वार घोटाले में तीन आरोपियों की हिरासत की मांग वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है। विशेष जांच दल (एसआईटी) के अधिकारियों ने यह कहते हुए याचिका दायर की थी कि मामले में चल रही जांच के लिए उन्हें हिरासत की जरूरत है। अदालत ने अधिकारियों से कहा कि उसने पहले ही आरोपियों को दो दिन की हिरासत में दे दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी हिरासत को आगे बढ़ाना संभव नहीं है। अधिकारियों ने 10 और 11 नवंबर को आरोपियों को हिरासत में लिया और जानकारी जुटाने के लिए उनसे सभी कोणों से पूछताछ की। हालांकि, उन्होंने एक बार फिर एसीबी अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि एसआईटी द्वारा की गई पूछताछ पर्याप्त नहीं थी और कहा कि उन्हें मामले में अपनी जांच करने के लिए पांच दिनों की और हिरासत की जरूरत है और अदालत से पांच दिन की पुलिस हिरासत देने का आग्रह किया।

## अग्रवाल सेवा दल-पित्ती ट्रस्ट का 104वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैम्प 27 को

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल सेवा दल-बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट द्वारा अग्रवाल समाज अमीरपेट शाखा के सहयोग से 104 वां निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप रविवार 27 नवंबर को अमीरपेट धरम करम रोड स्थित सरकारी हाई स्कूल में आयोजित किया जायेगा। आज यहां अग्रवाल सेवा दल के संयोजक अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निशुल्क मेडिकल कैम्प में हाईटेक सिटी स्थित मेडिकवर अस्पताल की टीम द्वारा सामान्य चिकित्सा जांच, स्त्री रोग, अस्थीरोग, ईसीजी, 2डी इको, बीएमडी, ईएनटी, आरबीएस एवं रक्तचाप की जांच की जायेगी। अवसर पर वेस्ट मैरेडपल्ली स्थित एलसीएस डुंडु आई इंस्टीट्यूट के सहयोग से रोगियों के नेत्र की जांच करने के पश्चात योग्य को चश्मे तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था निशुल्क रूप से की जायेगी। शिविर में दांतों की जांच इनोक डेंटल केयर के डॉ.मनिता सेठ द्वारा की जायेगी। फिजियोथेरेपी बजाज फिजियो केयर की डॉ.मीता बजाज द्वारा की जायेगी। शिविर सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक चलेगा जिसके लिए नाम पंजीकरण सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक ही किया जायेगा।

## एफआरओ मौत के लिए सीएम केसीआर जिम्मेदार : बंडी

### सीएम के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज एफआरओ श्रीनिवास राव की हत्या के मुद्दे पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और आरोप लगाया कि एफआरओ की हत्या के लिए सीएम केसीआर जिम्मेदार थे। उन्होंने यह भी मांग की कि इस मामले में सीएम के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री से पोडु भूमि पर पात्र लाभार्थियों को भूमि पट्टे आवंटित करने के उनके वादे का क्या हुआ, यह पूछने पर उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में वन विभाग के अधिकारियों पर हमलों के पीछे सीएम केसीआर का हाथ है। बीएल संतोष सहित कुछ भाजपा नेताओं को विशेष जांच दल (एसआईटी) के नोटिस पर टिप्पणी करते हुए, संजय ने दावा किया कि मुख्यमंत्री अपने परिवार के सदस्यों पर भ्रष्टाचार के आरोपों से ध्यान हटाने के लिए इस मुद्दे पर नाटक कर रहे हैं।

**वेमुलावाड़ा में 2.33 करोड़ रुपये के विकलांग उपकरण वितरित किए**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने आज वेमुलावाड़ा के विकलांगों को 2.33 करोड़ रुपये मूल्य के विकलांग उपकरण वितरित किए. केंद्र सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) के तहत विकलांगों और वरिष्ठ नागरिकों को उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने इस अवसर पर विकलांगों और वरिष्ठ नागरिकों को व्हील चेयर और श्रवण यंत्र सौंपे। सभा को संबोधित करते हुए, संजय ने कहा कि विकलांगों को उनके दैनिक जीवन में जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वे बेशुमार हैं। उन्होंने कहा कि सभी सामान्य लोगों की जिम्मेदारी है कि वे विकलांगों की समस्याओं पर दर्द व्यक्त करने के बजाय उनकी मदद करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार विकलांगों के कल्याण के लिए कदम उठा रही है और कहा कि केंद्र सरकार विकलांगों के विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि राज्य सरकार इस उद्देश्य के लिए भूमि आवंटित करती है तो वह विकलांगों के लिए भवन निर्माण के लिए धन देने के लिए तैयार हैं।

## वन सर्वेक्षण के नाम पर आदिवासियों को परेशान कर रही है सरकार : कांग्रेस



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर ने गुरुवार को आरोप लगाया कि टीआरएस सरकार वन सर्वेक्षण, हरिता हराम और पोडु भूमि के नाम पर आदिवासियों को परेशान कर रही है।

वह गुरुवार को कामारेड्डी एमआरओ कार्यालय में एक विशाल धरने को संबोधित कर रहे थे, जो कि कृषि मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी के राज्यव्यापी आंदोलन और धरणी पोर्टल के खिलाफ आयोजित किया गया था। राज्यव्यापी आंदोलन के तहत कामारेड्डी जिले के बीकानेर, कामारेड्डी, माचारेड्डी और डोमकोंडा मंडलों के मुख्यालयों पर धरने आयोजित किए गए।

शब्बीर अली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी धरणी पोर्टल को रद्द करने की मांग कर रही है, जिसने हजारों किसानों का जीवन बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि धरणी पोर्टल में गड़बड़ियों के कारण हजारों किसानों की जमीन चली गई है। इसने कई किसानों को आत्महत्या करने के लिए भी मजबूर किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव अपने अहंकार के कारण किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि धरणी पोर्टल के कारण पूरे राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है।

उन्होंने कहा कि टीआरएस सरकार पिछली कांग्रेस सरकारों द्वारा किसानों और कमजोर वर्गों, विशेषकर दलित और आदिवासी समुदायों के लोगों को आवंटित भूमि भी छीन रही है। उन्होंने कहा कि पोडु भूमि को लेकर चल रहा झगड़ा टीआरएस सरकार की देन है क्योंकि वह आदिवासियों को पहले आवंटित भूमि को वापस लेना चाहती है।

कांग्रेस नेता ने आदिवासियों से अपील की कि वे उत्तेजित न हों और अधिकारियों पर हमला करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अगले चुनाव में सत्ता में वापसी करेगी और वन भूमि पर आदिवासियों के अधिकार को बहाल करेगी। उन्होंने किसानों से धरणी पोर्टल के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के आंदोलन का समर्थन करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक कि धरणी पोर्टल रद्द नहीं कर दिया जाता। शब्बीर अली ने कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने युवाओं और छात्रों के बलिदान को देखते हुए तेलंगाना को राज्य का दर्जा दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि केसीआर और उनके मंत्री शहीदों और उनके परिवारों द्वारा किए गए बलिदानों की उपेक्षा करके तेलंगाना को लूट रहे हैं। बाद में कांग्रेस नेताओं ने कृषि मुद्दों और धरणी पोर्टल पर एमआरओ को ज्ञापन सौंपा। कामारेड्डी डीसीसी अध्यक्ष कैलासा श्रीनिवास राव और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी धरने में भाग लिया।

## इरिसेट ने मनाया अपना 65वां वार्षिक दिवस



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग और दूरसंचार संस्थान (इरिसेट) ने अपना 65 वां वार्षिक दिवस मनाया। इरिसेट भारतीय रेलवे के नए भर्ती अधिकारियों और पर्यवेक्षकों और सार्वजनिक और निजी कंपनियों के अधिकारियों को रेलवे सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणालियों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है। वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए, संस्थान के महानिदेशक सुधीर कुमार ने वर्ष के दौरान कवच-स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रौद्योगिकी पर प्रशिक्षण के लिए संस्थान द्वारा शुरू किए गए नए कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण सामग्री में भारतीय रेलवे पर उच्च घनत्व वाले मार्गों पर तैनाती के लिए प्रस्तावित कवच प्रौद्योगिकी की कार्यान्वयन रणनीतियां, साइट का दौरा, उपकरण निर्माताओं के साथ बातचीत, विशेषज्ञों से इनपुट और संस्थान में नए प्रयोगशाला सेट-अप में व्यावहारिक कौशल शामिल हैं। संस्थान ने इंजीनियरिंग कॉलेजों के बी.टेक और एम.टेक छात्रों के पाठ्यक्रम में रेलवे सिग्नलिंग और कवच प्रौद्योगिकी पर ओपन ऐच्छिक पेश करने के लिए एआईसीटीई के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद के निदेशक प्रोफेसर पीजे नारायणन, मुख्य वक्ता ने संगठन की दक्षता में सुधार लाने के लिए विभिन्न उप-प्रणालियों से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए रेलवे में एआई और एमएल आधारित प्रौद्योगिकियों के प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुरक्षा बढ़ाने, क्षमता में सुधार और ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के लिए रेलवे में गहन नवाचारों और भविष्य कहनेवाला विश्लेषण की आवश्यकता को रेखांकित किया। समारोह की अध्यक्षता करने वाले दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने संस्थान से आधुनिक तकनीकों पर प्रशिक्षण देने की गति में सुधार लाने और कार्यबल की दक्षता बढ़ाने का आग्रह किया। आर.के. मंगला, सदस्य (इन्फ्रास्ट्रक्चर), रेलवे बोर्ड और राहुल अग्रवाल, अतिरिक्त सदस्य (सिग्नल), रेलवे बोर्ड ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने राष्ट्र के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में तेजी लाने के लिए कर्मचारियों के बहु-कौशल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सभी जोनल रेलवे और रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया।

## बैंक की सच्ची भावना को दर्शाती है यूनियन धारा : रजनीश कर्नाटक




हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक रजनीश कर्नाटक ने कहा कि बैंक की गृह पत्रिका यूनियन धारा बैंक की सच्ची भावना और इसके कामकाज को दर्शाता है। उन्होंने संवाददाताओं से आह्वान किया कि यूनियन धारा को देश की सर्वश्रेष्ठ गृह पत्रिका बनाने के लिए प्रयास करें। आज उपरोक्त उद्गार रजनीश कर्नाटक ने बैंक की गृह पत्रिका "यूनियन धारा" के शीर्ष संवाददाताओं का सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि किसी भी संस्थान का मुखपत्र उस संस्थान का दर्पण होता है तथा इसके माध्यम से उस संस्थान के कामकाज के बारे में जानकारी आम जनता को मिल जाती है।

इससे लोग उस संस्थान से जुड़ते चले जाते हैं और उस संस्था की प्रसिद्धि में चार चांद लग जाता है। इस अवसर पर सुरेश चंद्र तेली, क्षेत्र महाप्रबंधक, हैदराबाद ने कहा कि गृह पत्रिका "यूनियन धारा" कर्मचारियों और संस्था के बीच एक संपर्क सूत्र है और यह कर्मचारियों की रचनात्मकता का पोषण करती है। डॉ. सुलभा कोरे, संपादक, यूनियन धारा ने कहा कि गृह पत्रिका "यूनियन धारा" ब्लैंक एंड व्हाइट के युग से अपनी लंबी यात्रा तय कर चुकी है। अपनी यात्रा में पत्रिका को उत्कृष्टता के लिए विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार मिले।

एसोसिएशन ऑफ बिजनेस कम्युनिकेटर्स ऑफ इंडिया (एबीसीआई) के अध्यक्ष योगेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अच्छी गुणवत्ता वाली गृह पत्रिका प्रकाशित करने में हमेशा अग्रणी रहता है। उत्कृष्टता के लिए पत्रिका के श्रेष्ठ संवाददाताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, हैदराबाद और क्षेत्रीय कार्यालय, सिकंदराबाद की संयुक्त पत्रिका "यूनियन कोहिनूर" का विमोचन किया गया। देवकांत पवार, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. वीके पांडे और सुश्री राधा मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Jameelunnisa, R/o.H.No.42-936/3, Bagh-e-Hyderi, Moula Ali, Sec'bad, T.S. Changed My Name as Jameel Unnisa Binte Shaik Sayeed W/o.Mohammed Rizwan.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवाहन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# सपा अध्यक्ष का लोकसभा चुनाव पर बड़ा एलान

## कहा- जहां से पहली बार चुनाव लड़ा था, वहीं से लड़ूंगा



कन्नौज, 24 नवंबर (एजेंसियां)। वर्ष 2024 में होने जाने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा एलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि वह कन्नौज से 2024 का चुनाव लड़ेंगे। दरअसल, कन्नौज में एक कार्यक्रम के दौरान सवाल के प्रतिउत्तर में ये बात कही। उन्होंने कहा कि खाली बैठा हूं क्या करूंगा, चुनाव तो लड़ लूंगा। हमारा काम ही है चुनाव लड़ना, जहां से पहली बार चुनाव लड़ा था, वहीं से लड़ लूंगा। वैसे भी पार्टी है तय करेगी की चुनाव में क्या करना है। हमारी चुनावी रणनीति पार्टी की सहमति के आधार पर बनेगी। बता दें कि एक निजी शादी समारोह में पहुंचे सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा से चुनाव लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि कन्नौज में उन्होंने विकास कार्य कराएं हैं। इससे चुनाव भी लड़ेंगे।

गुरुवार को कन्नौज नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन सुनील कुमार गुप्ता उर्फ मुन्ना के बेटे यश चंद्रगुप्त का तिलक समारोह हुआ।

जीटी रोड एफएफडीसी के पास फार्म हाउस में बधाई देने अखिलेश यादव पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कन्नौज लोकसभा से चुनाव लड़ने का एलान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था धड़ाम हैं।

सरकार के लोग खनन कर रहे हैं। गिरफ्तारी पर खुलेआम भाजपाई थाने से आरोपियों को छुड़ाकर ले जाते हैं।

# जमीनी विवाद में पिता-पुत्रों पर जानलेवा हमला

## 3 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती, 5 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज

जेवर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। गौतमबुद्धनगर के ऊंची दनकौर में 3 दिन पहले जमीनी विवाद में पिता-पुत्रों पर पड़ोसियों ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस घटना में तीनों का अभी भी जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को पीड़ित परिवार की शिकायत पर 5 लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित पक्ष के अनिल नागर ने बताया कि सोमवार की रात उनका भाई देशराज और उसके दो बेटे पंकज और रिंकू खेत में सिंचाई कर रहे थे। उसी दौरान पड़ोस के लोगों ने जमीन के विवाद को लेकर हुई कहासुनी के चलते तीनों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था। इस घटना में तीनों पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# 'मुसलमान जन्मदिन नहीं मनाएं'

## देवबंद के उलेमा बोले- कुरान, इस्लाम, शरीयत में इसका जिक्र नहीं




सहारनपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। सहारनपुर में देवबंद के उलेमा मुफ्ती असद कासमी ने मुसलमानों के जन्मदिन मनाने को गलत बताया है। उनका कहना है कि कुरान, इस्लाम, शरीयत और हदीस में जन्मदिन मनाने का जिक्र नहीं है। जन्मदिन मनाना ईसाई धर्म के लोगों का तौर-तरीका है। जिन्हें आजकल मुसलमान भी अपना रहे हैं, जो गलत है।

मुफ्ती असद कासमी ने कहा- "मुसलमान भाई ईसाइयों के तौर-तरीके न अपनाएं। जन्मदिन मनाना खुराफात है। मैंने इस्लाम, शरीयत, कुरान और हदीस के बारे में पढ़ा है। कहीं पर भी कुरान या हदीस-ए-नबी में जन्मदिन मनाने के बारे में नहीं लिखा है। न ही जन्मदिन मनाने का जिक्र है। ईसाई लोग जन्मदिन मनाते हैं, जिनकी मुसलमान नकल कर रहे हैं। मुसलमानों को इससे बचना और परहेज करना चाहिए।"

**'अल्लाह के रसूल ने कभी नहीं मनाया जन्मदिन'**

मुफ्ती ने आगे कहा, "अल्लाह के रसूल 'हजरत मोहम्मद साहब' ने पूरी जिंदगी जन्मदिन नहीं मनाया और न ही कहीं पर इसका जिक्र है। हजराते सहाबा ने भी जन्मदिन नहीं मनाया, लेकिन मुसलमानों ने पता नहीं किस हदीस में पढ़ लिया कि जन्मदिन मनाया जाए। पता नहीं मुसलमान क्यों जन्मदिन मना रहे हैं। शरीयत के अंदर नई चीज पैदा कर दी है, कुछ मुसलमानों ने। जबकि शरीयत में जन्मदिन की कोई हैसियत नहीं है। मुसलमानों को अपनी शरीयत पर अटल रहना चाहिए।"

**'कयामत के दिन रसूल के साथ बैठाया जाएगा'**

मुफ्ती असद कासमी ने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा, "तमाम उम्मत-ए-मुसलमा को चाहिए जो चीज शरीयत के अंदर नहीं है, उसको हरगिज न करें। गैरों का तौर-तरीका न अपनाएं। ऐसे में उम्मते मुसलमा को चाहिए कि हम रसूल अल्लाह हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम के तौर तरीकों को ही अपनाया करें। कयामत के दिन अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद के झंडे के नीचे जमा हों और उन्हीं के साथ हमें उठाया जाए।"

दरअसल, हाल ही में ग्रेटर नोएडा के उलेमाओं ने फैसला लिया था कि जिस निकाह में आतिशबाजी या डीजे पर फिल्में गाने बजेंगे, उन शादियों में कोई उलेमा या मौलवी निकाह नहीं पढ़ेगा। 3 दिन पहले इस मामले में देवबंदी उलेमा मुफ्ती असद कासमी ने भी बयान दिया। उन्होंने देश के मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि मुसलमानों को ऐसी शादियों से बचना चाहिए, जिसमें इस्लाम और शरीयत के खिलाफ काम होता है।

# कलक्ट्रेट में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे

## सविता समाज ने किया प्रदर्शन



आगरा, 24 नवंबर (एजेंसियां)। आगरा में सविता सेन समाज के लोगों ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। समाज के लोगों ने कलक्ट्रेट में जिलाधिकारी कक्ष के बाहर डिप्टी सीएम के खिलाफ नारेबाजी की। यह प्रदर्शन डिप्टी सीएम पाठक की आगरा से मैनपुरी तक ट्रांजिट विजिट से कुछ घंटे पहले हुआ। शाम सात बजे डिप्टी सीएम की आगरा विजिट प्रस्तावित है। दोपहर को कलक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए सविता सेन महासभा के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। महासभा के बैनर तले सदस्यों ने अपर नगर मजिस्ट्रेट चतुर्थ दिव्या सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री से मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मथुरिया का कहना है कि डिप्टी सीएम ने एक टीवी कार्यक्रम में बयान से समाज को लेकर जातिसूचक अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्हें समाज से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। महासभा अध्यक्ष ने कहा कि अगर डिप्टी सीएम ने समाज के लोगों से माफी नहीं मांगी तो समाज उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। बता दें कि सविता सेन समाज के लोग डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं।

# 95 मिनट साथ रहे आदित्य-तेजस्वी

## गुड़ की रसमलाई पर हुई राजनीतिक चर्चा, सीएम ने आदित्य से कहा – किसी के जाने से पार्टी नहीं जाती



पटना, 24 नवंबर (एजेंसियां)। शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे जब पटना पहुंचे तो उनका सिंगल एजेंडा था कि वह तेजस्वी यादव के साथ मुलाकात करेंगे। लेकिन जब मुलाकात का सिलसिला चला तो तेजस्वी यादव खुद आदित्य ठाकरे को लेकर एक अणे मार्ग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलाने पहुंच गए। आदित्य ठाकरे और उनकी पूरी टीम पटना में कुल 95 मिनट रुकी थी। इन 95 मिनट में तेजस्वी यादव उनके साथ रहे।

अगले आधे घंटे तक तेजस्वी यादव के साथ 10 सर्कुलर रोड में आदित्य ठाकरे की मुलाकात चली और बाद के अगले आधे घंटे तक एक अणे मार्ग में आदित्य ठाकरे, तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार के बीच बातचीत हुई।

**आदित्य को लालू की जीवनी भेंट की**

जब आदित्य ठाकरे तेजस्वी यादव से मिलने 10 सर्कुलर रोड पहुंचे तो तेजस्वी यादव ने आदित्य ठाकरे का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान आदित्य ने मुंबई से लाए मराठी शॉल से तेजस्वी को सम्मानित किया। साथ ही उन्हें शिवाजी की एक छोटी प्रतिमा प्रतीक चिन्ह के रूप में दी। तेजस्वी यादव ने भी मिथिला प्रिंट के शॉल के साथ सभी आगंतुकों का स्वागत किया। तेजस्वी यादव ने अपने पिता लालू यादव की जीवनी पर लिखी दो किताबें सभी को भेंट की।

**महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों के रहन-सहन पर भी चर्चा**

शिवसेना की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी इस दौरान साथ में थी। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं के बीच में राजनीतिक हालातों पर चर्चा होती रही। बिहार की अब की स्थिति और पहले की स्थिति पर चर्चा हुई। महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों के रहन-सहन पर भी चर्चा हुई।

इस दौरान तेजस्वी यादव ने आदित्य ठाकरे के लिए गुड़ की रसमलाई, सैंडविच, कुछ नमकीन खिलाया।

नाश्ते के बीच में ही आदित्य ठाकरे ने लालू यादव के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। तेजस्वी यादव ने बताया कि इस मुलाकात के तुरंत बाद वह दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। लालू यादव को इलाज के लिए सिंगापुर जाना है। नाश्ता खत्म होने के बाद तेजस्वी यादव खुद लेकर एक अणे मार्ग पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आदित्य ठाकरे का स्वागत किया। सीएम आवास पर चाय की व्यवस्था थी। चाय के साथ ही नीतीश कुमार ने आदित्य ठाकरे से उनके पिता के पिता उद्धव ठाकरे के बारे में हालचाल लिया। इन दिनों उद्धव ठाकरे की तबीयत खराब चल रही है।

वहीं, नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ नेताओं की पार्टी छोड़ जाने से उनके साथ पार्टी नहीं चली जाती है। आपको मजबूती से काम करना है। हम लोग आपके साथ हैं। नीतीश कुमार ने एक नाथ शिंदे की तरफ इशारा करते हुए यह सारी बातें कहीं। वहीं आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आपने बिहार में बेहतर विकास किया है। हम लोग सकारात्मक होकर काम करने वाले लोग हैं। आगे भी सकारात्मक होकर ही काम करेंगे।

# उत्पाद विभाग की कार्रवाई, 32 लोग हिरासत में

## शराब पीने और बेचने का आरोप

बेगुसराय, 24 नवंबर (एजेंसियां)। बेगूसराय जिले में बुधवार रात उत्पाद विभाग ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 32 लोगों को हिरासत में लिया है। इन पर शराब पीने और बेचने का आरोप है। लेकिन इस कार्रवाई के दौरान उत्पाद विभाग को काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजा मोहल्ला वार्ड नंबर-8 में जब उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची तो वहां पर शराब पीने वालों और बेचने वालों ने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। उस जगह से उत्पाद पुलिस ने दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया, इसी से नाराज लोगों ने उत्पाद पुलिस पर ईटा-पत्थर से हमला कर दिया, जिसमें दो गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि किसी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई, लेकिन उत्पाद विभाग की गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। गाड़ियों के शीशे टूट गए हैं, लेकिन सवाल उठना लाजमी है कि शराब बंदी वाले बिहार में जिस तरह से शराब कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस टीम पर हमला करने से बाज नहीं आ रहे हैं। वह कहीं न कहीं शराब बंदी कानून पर भी सवाल खड़े कर रही है।

# मंगला एक्सप्रेस ट्रेन में एस-8 कोच लगाना भूल गया रेलवे

## आगरा कैंट स्टेशन पर यात्रियों ने किया हंगामा

आगरा, 24 नवंबर (एजेंसियां)। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की सुबह दिल्ली से चलने वाली मंगला एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची। इसमें कोच नंबर एस-8 नहीं था। जिन यात्रियों का इस कोच में रिजर्वेशन था, वे कोच ढूढ़ने लगे। जब उन्हें पता चला कि ट्रेन में एस-8 कोच नहीं है तो यात्रियों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही।

दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से एर्नाकुलम को जाने वाली मंगला एक्सप्रेस सुबह साढ़े आठ बजे आगरा कैंट स्टेशन पर पहुंचीं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के रुकने के बाद कई यात्री एस-8 कोच देखने लगे, लेकिन उन्हें कोच नहीं मिला। इससे यात्री परेशान हो गए। तभी ट्रेन चलने लगी। यात्रियों ने चेन खींचकर ट्रेन को रोक दिया और हंगामा करने लगे।

**काफी देर तक हुआ हंगामा**

यात्रियों का आरोप था कि उनका रिजर्वेशन एस-8 कोच का है, लेकिन ट्रेन में यह कोच नहीं है। इसकी जानकारी होने पर ट्रेन के दूसरे कोचों में बैठे एस-8 के यात्री भी नीते उतर आए। हंगामा होने पर स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। जैसे ही ट्रेन चलती, यात्री चेन खींचकर रोक देते। सूचना पर रेलवे के अधिकारी पहुंच गए। काफी देर तक हंगामा हुआ। हंगामे के कारण करीब 30 मिनट तक ट्रेन स्टेशन पर रुकी रही। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों को समझा बुझाकर शांत किया। उनके ट्रेन में बैठने की व्यवस्था की गई। इसके बाद करीब नौ बजे ट्रेन स्टेशन से रवाना हुई।

# शादी को हुए थे 10 साल, शक की वजह से की पत्नी की हत्या, टुकड़े कर बोरे में भरकर फेंका



लखनऊ, 24 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में हुए श्रद्धा वालकर हत्याकांड की तरह ही एक दर्दनाक मामला उत्तर प्रदेश के सीतापुर में सामने आया है। जहां एक महिला की उसके पति ने हत्या की और काटकर दूर फेंक आया। सीतापुर पुलिस ने रामपुर कलां थाना क्षेत्र के गुलारिहा से 8 नवंबर को ज्योति उर्फ स्नेहा नाम की लड़की का शव बरामद किया था। इन दोनों की शादी को दस साल हो गए थे। इस मामले में आरोपियों की पहचान पंकज मौर्य (लड़की का पति) और दुर्जन पासी के रूप में की है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**पुलिस को मिले शरीर के टुकड़े**

पुलिस के बयान के अनुसार सीतापुर के रामपुर कलां थाना क्षेत्र के गुलारिहा से महिला के शव के अंग बरामद किए गए हैं। सीतापुर पुलिस ने अपने बयान में खुलासा किया कि आरोपी पंकज मौर्य ने पुलिस के सामने कबूल किया है कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर उसकी पत्नी की हत्या की और शरीर के टुकड़े कर दूर फेंक आया था। उसने अपने बयान में बताया कि महिला ज्योति उर्फ स्नेहा नियमित रूप से नशा करती थी।

आरोपी पंकज ने कहा वह कई दिनों तक किसी के घर रहती थी जिसके कारण उनके रिश्ते में खटास आ गई थी और इसीलिए उसने ज्योति की हत्या कर दी।

# पीके बोले-1 मिनट में बीजेपी के साथ चले जाएंगे नीतीश

## उनकी प्राथमिकता मुख्यमंत्री बने रहना है तेजस्वी की पहचान पर उठाए सवाल



पटना, 24 नवंबर (एजेंसियां)। चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव पर एक बार फिर से निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि अगर नीतीश कुमार को जरूरत पड़ी तो वह एक मिनट के अंदर भाजपा में शामिल हो जाएंगे। उनकी पहली प्राथमिकता मुख्यमंत्री बने रहना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लालू के बेटे होने के अलावा तेजस्वी की कोई पहचान नहीं है। बता दें कि गुरुवार को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पदयात्रा के 54वें दिन की शुरुआत पूर्वी चंपारण जिले के गायघाट पंचायत में की वहा पर मीडिया को संबोधित किया।

पीके ने कहा कि अगर राजनीतिक परिस्थितियां बदली तो नीतीश कुमार को बदलने में देर नहीं लगेगी। साल 2015 में नीतीश कुमार ने सदन में कहा था- मैं मिट्टी में मिल जाऊंगा, लेकिन भाजपा में नहीं जाऊंगा और 2 साल बाद वे बिना किसी वजह से भाजपा में चले गए। इसके बाद उन्होंने कहा की 2015-16 में जिस तरह खिड़की अरुण जेटली थे, ठीक उसी तरह राज्यसभा अध्यक्ष हरिवंश नारायण सिंह के माध्यम से वे भाजपा के संपर्क में है। अगर भविष्य में नीतीश कुमार को जरूरत पड़ी तो उन्हें गठबंधन बनाने और भाजपा में शामिल होने में 1 मिनट भी नहीं लगेगा।

इसके साथ प्रशांत ने कहा की नीतीश कुमार की बस एक ही प्राथमिकता है कि मैं मुख्यमंत्री बना रहा हूं, बाकी राज्य में जो चलता है वह चलता रहे अफसरशाही चलती रहे।

# इनकम टैक्स की 5 जगह रेड

## गाजियाबाद की आईटी टीम शहद, ज्वेलर्स और हार्डवेयर कारोबारियों के ठिकानों पर दस्तावेज खंगाल रही




सहारनपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। गाजियाबाद से आई इनकम टैक्स की टीम ने सहारनपुर में 5 जगह रेड की है। शहर के नामचीन शहद कारोबारी, हार्डवेयर व्यापारी, ज्वेलर, प्रॉपर्टी डीलर के घर ऑफिस और गोदामों पर छापेमारी की गई है। एक टीम शहर के सबसे बड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट के घर पर दस्तावेज खंगाल रही है। इन्हीं के घर से छापेमारी की शुरुआत हुई थी।

सहारनपुर में शहद व्यापारी भाइयों राजेश, मुकेश और संजय मेहता के यहां आईटी की रेड हुई है। आईटी टीम के सोर्स बताते हैं कि करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी जा सकती है। आईटी की टीम सुबह 5 बजे करीब 10 से 15 गाड़ियों में सहारनपुर पहुंची। यहां आने के बाद वो कारोबारियों के ठिकानों पर पहुंच गई। लोकल पुलिस भी सुरक्षा के लिए उनके साथ मौजूद है। आईटी टीम ने शहर व्यापारी के लक्ष्मीनगर में स्थित घर, मिशन कंपाउंड के घर और नौ गजा पीर पर इनकी फैक्ट्री पर भी छापा मारा है। आईटी टीम ने शहद व्यापारी के सीए संजय धींगरा को सुबह ही उठा लिया। सारे दस्तावेज खंगाले है। करीब 5 महीने पहले भी सीजीएसटी की टीम ने इनके यहां छापा मारा था। इसमें करोड़ों रुपए की देनदारी बताई जा रही थी। दिल्ली से उनका एक बेटा भी उठाया था। लेकिन मामला रफा-दफा हो गया। आईटी सूत्रों की माने तो शहद व्यापारियों का दिल्ली में भी बहुत बड़ा कारोबार है।

आईटी ने दिल्ली में भी इनके कई प्रमुख स्थानों पर एक साथ छापेमारी की है। आईटी टीम ने सहारनपुर के प्रसिद्ध हार्डवेयर व्यापारी मुकेश भाटिया के यहां भी छापेमारी की है। सुबह से ही उनके आवास और कार्यालय में आईटी टीम के लोग जमे हुए हैं।

# चिह्नित किए 62 अपराधी, ढाई हजार करोड़ की संपत्ति जब्त, दो को फांसी समेत 41 को सजा

लखनऊ, 24 नवंबर (एजेंसियां)। माफिया के आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त करने के लिए गठित की गई एंटी माफिया टास्क फोर्स ने अब तक 62 अपराधियों को चिह्नित कर उनसे ढाई हजार करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इनमें से 41 को अभियान चलाकर सजा भी दिलाई गई है। नौ की मुठभेड़ में मौत भी हुई है।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि एंटी माफिया टास्क फोर्स का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किया गया था। इसका परिणाम यह हुआ कि अब तक 21 मुकदमों में 12 माफि या व उनके 29 सहयोगियों को सजा दिलाई जा चुकी है। इनमें दो अपराधियों को मृत्युदंड की सजा भी शामिल है।

अब तक चिह्नित किए गए अपराधियों की 2524 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है या ध्वस्त की गई है। 70 अपराधियों को जिला बदर, 24 की जमानत निरस्तीकरण और 311 की हिस्ट्रीशीट खोली गई। जबकि 318 के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए जा चुके हैं। प्रशांत कुमार ने बताया कि इस वर्ष अब तक मुख्तार अंसारी से जुड़े सात मामलों में चार्ज फ्रेमिंग की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा आकाश जाट, कुंतू सिंह, मुनीर, योगेश भदौड़ा, सुंदर भाटी, अमित कसाना, एजाज, अजीत सिंह, विजय मिश्रा, अनिल दुजाना से संबंधित अपराधियों को अलग-अलग मामलों में दंडित कराया गया है।

# संदिग्ध हालात में मिला विवाहिता का शव

## बंद कमरे में फंदे से लटकी थी लाश, पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

मोतिहारी, 24 नवंबर (एजेंसियां)। मोतिहारी में बंद कमरे में पंखा में फंदे से लटका हुआ एक विवाहिता का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय के सामने की हैं। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतका 30 वर्षीय अंशु कुमारी पिछले 7 वर्षों से किराये के मकान में रह रही थी। प्रथम दृष्टिया मामला आत्म हत्या का लग रहा है। हालांकि मामले में पुलिस ने मृतिका के पति नितेश ठाकुर को हिरासत में लेकर थाने में पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत के नवल ठाकुर की पुत्री अंशु की शादी वर्ष 2011 में ससुराल संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तिवारी टोला निवासी नितेश ठाकुर से हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। पति व पत्नी अपने बच्चों के साथ चंदेश्वर ठाकुर के मकान में किराए के मकान में रह रहे थे। मृतका के पति दूसरे प्रदेशों में रह कर मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। वह छठ पूजा में घर आया था। मृतिका को एक 10 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार और 6 वर्षीय बेटी श्रेया कुमारी हैं।

# दुकान खोल रहे ज्वेलर से जेवरातों का झोला लूटा

पटना, 24 नवंबर (एजेंसियां)। जिस जगह बिहार का इकलौता आईआईटी है और जहां राज्य सरकार बिहार का सबसे बड़ा बस अड्डा बनाने जा रही है, उससे कुछ ही किलोमीटर दूर बिहटा में कन्हौली मार्ग पर गुरुवार सुबह बाइक सवार तीन अपराधियों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अपराधियों ने ज्वेलरी का झोला लिए दुकान खोलने पहुंचे दुकानदार को हथियार का डर दिखाकर एक करोड़ से ज्यादा कीमत की ज्वेलरी लूट ली। लूट की यह वारदात सुबह करीब 11 बजे हुई। दिनदहाड़े लूट और

**1 करोड़ से ज्यादा के थे जेवर**

घटना की सूचना के बाद पुलिस के देर से पहुंचने को लेकर गुस्साए लोगों ने बिहटा-पटना मार्ग जाम कर हंगामा किया।

लूट की यह वारदात गुप्ता ज्वेलर्स के बाहर ही हुई। पीड़ित दुकानदार जितेंद्र कुमार के अनुसार, आज ग्राहकों को डिलीवरी देने के लिए थैले में 2 किलो जेवर लेकर घर से निकला था। जैसे ही दुकान पहुंचा, बाइक सवार अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट लिया। लूटे गए जेवरात की कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक है। बताया जा रहा है कि थैला लेकर सभी अपराधी मोटरसाइकिल से बिहटा की तरफ भाग निकले।

घटना के बाद आसपास के लोग वहां जमा हैं। सूचना मिलने के बावजूद बिहटा थाने की पुलिस देर से पहुंची तो लोगों ने उसे भी जमकर खरी-खोटी सुनाई और बिहटा-पटना मार्ग को जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

दानापुर एएसपी अभिनव धीमन ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाल रही है।

# वांटेड नक्सली उपेंद्र बिंद गिरफ्तार

## हार्डकोर नक्सलियों को पहुंचाता था राशन

पटना, 24 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के लखीसराय में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एक कुख्यात वांटेड नक्सली को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसबी और एसटीएफ के ज्वाइंट ऑपरेशन में कुख्यात उपेंद्र बिंद को गिरफ्तार कर लिया गया। खुफिया इनपुट के आधार पर गुरुवार सुबह ऑपरेशन को अंजाम दिया गया और सफलता हाथ लगी। इसे कई हार्डकोर नक्सलियों का करीबी बताया जाता है। साथ ही नक्सलियों को जरुरत के सामान पहुंचाने का काम गिरफ्तार नक्सली किया करता था।

लखीसराय के एएसपी अभियान मोती लाल से मिले इनपुट के आधार पर बड़ी कार्रवाई की गयी। कुख्यात नक्सली उपेंद्र बिंद जो लोथू बिंद का पुत्र है और चानन थाना क्षेत्र अंतर्गत कछुआ गांव का रहने वाला है, की उपस्थिति बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद एसएसबी कजरा, बन्नूबगीचा, एसटीएफ कजरा और पीरीबजार थाना ने एकसाथ मिलकर उसे पकड़ने की तैयारी शुरू की।

किऊल थाना क्षेत्र के जलप्पा स्थान से नक्सली की गिरफ्तारी की गयी। गिरफ्तार उपेंद्र बिंद को नक्सल कमांडर अरविंद यादव, श्री कोढ़ा और सुरेश कोढ़ा का करीबी बताया जाता है।

उपेंद्र बिंद किराना का दुकान भी चलाता है और ऐसी संभावना जताई जा रही है कि वो राशन, पानी समेत रोजाना के जरुरत की चीजें अपने दुकान से ले जाकर नक्सलियों को पहुंचाता था।

# राहुल के 'अन्याय का हिंदुस्तान' बयान पर बीजेपी

## कहा- महाराष्ट्र में सावरकर का अपमान और एमपी आकर देश का

खंडवा, 24 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, अब सावरकर का चैप्टर क्लोज हो गया है। लेकिन बीजेपी सावरकर के बहाने राहुल की यात्रा पर अभी हमलावर है। वहीं, अब मध्यप्रदेश की पूर्व कैबिनेट मंत्री और बीजेपी की प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने कहा, राहुल गांधी महाराष्ट्र में सावरकर का अपमान करते हैं और एमपी में आते हैं तो देश का अपमान करते हैं। उन्होंने बुरहानपुर में कहा कि ये अन्याय का देश है।



सावरकर जी वीर थे, वीर हैं और स्वतंत्र वीर ही कहलाएंगे। उन्हें राहुल गांधी और उनके चाटुकारों के प्रमाण-पत्र की जरूरत नहीं। चिटनिस ने बुराहनपुर में राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए लगे पोस्टर को लेकर उन्होंने कहा कि पोस्टर मैंने लगवाए हैं, जो भी कार्रवाई हो मुझ पर हो। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश में आने के बाद भी वीर सावरकर को लेकर दिए गए बयान उनका पीछा नही छोड़ रहा। अब बुरहानपुर में दिए गए राहुल गांधी के बयान, जिसमें उन्होंने कहा मौजूदा हिंदुस्तान को अन्याय का हिंदुस्तान कहा था। राहुल के इस बयान पर बीजेपी हमलावर हुई है।

बीजेपी की पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस ने कहा, राहुल गांधी ने भारत को अन्याय का भारत बोलकर महापाप किया है, इतना ही नहीं उन्होंने सावरकर को लेकर दिए बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि सावरकर जी स्वतंत्र वीर थे, वीर हैं और वीर ही कहलाएगे। चिटनिस ने कहा, राहुल बाबा इतिहास को समझो, पढ़ो और महसूस करो। इनके विचारों का चरणामृत लो। बलिदानियों का मान करो, सम्मान करो, प्रणाम करो। असंख्य भारतवासियों का दिल तोड़ने से कैसे जुड़ेगा भारत। राहुल जी आपकी पार्टी के लोग ही आपके भाषणों का अनुवाद करने से डरते हैं। हाल ही में गुजरात का उदाहरण हमने देखा। पहले भारत को जानिए, फिर भाषण दीजिए।

उन्होंने कहा, देश का अपमान करना बंद करो। हमारा अपना देश कभी अन्याय करने वाला हिन्दुस्तान नहीं हो सकता। आपका ग्राम बोदरली मध्यप्रदेश प्रवेश पर दिया गया वक्तव्य देश को बदनाम करने वाला और देश विरोधियों को बल प्रदान करने की मुहिम का हिस्सा है। राहुल बाबा आपकी कांग्रेस ने साल 2018 में 10 दिन के अंदर किसानों का कर्जमाफी का छलावा 15 महीने में भी पूरा नहीं करवा पाए। किस मुंह से आप मध्यप्रदेश की जनता के बीच आए हैं। आपने युवाओं को चार हजार रुपये प्रतिमाह देने की बात कही थी, एक भी युवा को यह भत्ता नहीं मिला।

### सोनीपत में पत्नी को गोली मारी: घरेलू झगड़े में लाइसेंसी पिस्टल से दागी



पानीपत, 24 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सानीपत जिले के गांव गढ़ी बिंदरौली में कहासुनी के बाद पति ने पत्नी को गोली मार दी। छाती में गोली लगने से महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। हालत गंभीर होते देख महिला के देवर ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि घरेलू विवाद के बाद महिला के पति ने उसे गोली मारी। जिसके बाद पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।

# श्रद्धा हत्याकांड को लव जेहाद बताने पर बिफरे ओवैसी

## असम सीएम सरमा पर किया जोरदार पलटवार

अहमदाबाद, 24 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात चुनाव का रण रोमांचक होता जा रहा है। भाजपा से लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से लेकर असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम भी यहां सक्रीय हो गई है। इस बीच ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर करारा हमला किया है। श्रद्धा हत्याकांड को लव जेहाद बताने पर आवैसी ने कहा है कि ये उनकी दीमागी बीमारी है। दरअसल, गुजरात में एक रैली को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा था कि श्रद्धा की हत्या लव जेहाद के कारण कर दी गई। इस पर एक मीडिया हाउस से बात करते हुए आवैसी ने कहा कि भाजपा के लोग बकवास कर रहे हैं। वे इस मामले को मजहबी रंग देना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा, हिमंता बिस्वा सरमा सियासी खेल खेल रहे हैं। ओवैसी ने कहा, देश



में महिलाओं के खिलाफ अपराध की वजह पुरुषों की बीमार मानसिकता है। सिर्फ श्रद्धा हत्याकांड ही नहीं, आजमगढ़ में एक लड़की के छह टुकड़े, दिल्ली में ड्रग एडिक्ट द्वारा मां-बाप की हत्या हुई। भाजपा के लोग इस पर कुछ क्यों नहीं बोलते। उन्होंने कहा, यूएन ने भी कहा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने की जरूरत है। लेकिन, भाजपा सिर्फ मुसलमानों के खिलाफ नफरत पैदा करना चाहती है। इस दौरान आवैसी ने कांग्रेस के आरोप पर भी पलटवार किया।

उन्होंने कहा, कांग्रेस कह रही है कि हमने गुजरात में आकर खेल बिगाड़ दिया है, लेकिन राहुल गांधी बताएं वह अमेठी क्यों हारे? वहां तो हम नहीं थे। उन्होंने कहा, हमारे 13 उम्मीदवार लड़ रहे हैं। बाकी की सीटों पर वे भाजपा को हराकर मुख्यमंत्री क्यों नहीं बन जाते। ओवैसी ने कहा, कांग्रेस हैदराबाद में हमारे खिलाफ लड़ती है तब तो हम नहीं रोते। एक रैली के दौरान असदुद्दीन ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बेरोजगारी को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा, मैं एक लड़के से मिला था, उसने बताया कि मैं जिस लड़की से शादी करना चाहता हूं, उसने मुझसे आकर कहा कि तुम्हारी सरकारी नौकरी कब लगेगी? पापा लड़का ढूंढ रहे हैं। इस पर लड़के ने जवाब दिया कि मोदी सरकार पर भरोसा न करो, तुम शादी कर लो।

# पांच महीने में पत्नी से भर गया दिल

## नर्स से शादी करने के लिए उतारा मौत के घाट,

मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे से एक अस्पताल कर्मी द्वारा पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है। आरोपी ने जहरीला इंजेक्शन देकर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया और इसे आत्महत्या साबित करने के लिए खतरनाक साजिश भी रची। हालांकि, मामला खुल गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार लिया। अधिकारियों का कहना है कि 23 वर्षीय आरोपी की पहचान स्वप्निल सावंत के रूप में हुई है। उसे अस्पताल में काम करने वाली एक नर्स से प्यार हो गया था, जिससे वह शादी करना चाहता था। यही कारण है कि उसने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया, स्वप्निल ने पांच महीने पहले ही पीड़ित प्रियंका क्षेत्रे से शादी की थी और दोनों मुलशी के कसर अंबोली गांव में किराए के मकान में रहते थे। अधिकारियों के मुताबिक, 14 नवंबर को स्वप्निल अपनी पत्नी गंभीर हालत में लेकर अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हत्या को आत्महत्या का नाम देने के लिए आरोपी ने खतरनाक साजिश भी रची। पुलिस को जांच में प्रियंका द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट भी मिला। इसके बाद स्वप्निल पर हत्या के लिए उकसाने और घरेलू हिंसा का मामला दर्ज किया गया। हालांकि, पूरा मामला तब सामने आया, जब पुलिस को आरोपी के अस्पताल से वेकुरोनियम ब्रोमाइड, नाइट्रोग्लिसरीन इंजेक्शन और लॉक्स 2% सहित कुछ दवाओं और इंजेक्शन के चोरी की जानकारी मिली।

# पैदल हज यात्रा करने वाले युवक की राह में रोड़ा बना पाकिस्तान, वीजा देने से किया इनकार

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की अदालत ने भारतीय युवक को वीजा देने से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका में केरल के युवक ने पैदल हज यात्रा करने के लिए पाकिस्तान की सरकार से वीजा की मांग की थी लेकिन अदालत ने इसकी मंजूरी नहीं दी। दरअसल, शिहाब भाई ने इस वीजा की मांग इसलिए की ताकि वह पाकिस्तान में प्रवेश कर सके और फिर हज के लिए सऊदी अरब के मक्का तक पैदल मैराथन यात्रा पूरी कर सके।



### शिहाब भाई 3000 किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं पूरी

केरल के रहने वाले शिहाब भाई ने पिछले महीने अपने गृह राज्य केरल से यात्रा शुरू की थी और अब वह 3000 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर वाघा सीमा तक पहुंच गए हैं। इसके बाद जब वह पाकिस्तान में प्रवेश करने लगे तो आव्रजन अधिकारियों ने रोक दिया। इसके बाद शिहाब भाई पाकिस्तानी अदालत का शरण लिया जहां से उन्हें निराशा हाथ लगी।

### इस वजह से अदालत ने खारिज की अर्जी

बुधवार को, न्यायमूर्ति चौधरी मुहम्मद इकबाल और न्यायमूर्ति मुजम्मिल अख्तर शब्बीर की लाहौर उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने शिहाब की ओर से एक स्थानीय नागरिक सरवर ताज द्वारा दायर एक इंट्रा-कोर्ट अपील को खारिज कर दिया। एकल पीठ ने पाया कि याचिकाकर्ता भारतीय नागरिक से संबंधित नहीं था और न ही उसके पास अदालत जाने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी थी।

### मानवीय आधार पर पाकिस्तान से गुजरने की अपील

जांच एजेंसी के मुताबिक, शिहाब ने पाकिस्तान इमीग्रेशन अधिकारियों से अपील की थी कि वह पैदल हज की यात्रा कर रहा है। उसे मानवीय आधार पर पाकिस्तान से गुजरने की अनुमति दी जाए। शिहाब ने कहा कि वह पहले पाकिस्तान फिर ईरान के रास्ते सऊदी अरब तक जाने के लिए ट्रांजिट वीजा चाहता है। वहीं लाहौर के रहने वाले उसके सहयोगी याचिकाकर्ता ताज ने अपील की कि जैसे पाकिस्तान की सरकार ने बाबा गुरुनानक की जयंती पर भारतीय सिखों को वीजा देती है, उसी तरह शिहाब को भी वीजा दिया जाए।

# हरियाणा के गन्ना किसानों को झटका

## पूर्व सीएम हुड्डा का दावा- वजन कटौती में 2% प्रति क्विंटल बढोतरी की; सरकार का कोई जवाब नहीं



चंडीगढ़, 24 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के गन्ना किसानों को सरकार ने झटका दिया है। सरकार ने वजन कटौती की दर में 2% की वृद्धि कर दी है। अब गन्ने की फसल पर 7% की दर से वजन कटौती की जाएगी। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार के इस फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि पंजाब में इससे बेहतर हालात हैं। दूसरे राज्यों में भी हरियाणा से बेहतर स्थिति है। हालांकि सरकार की तरफ से इसको लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा है कि पिछले साल हार्वेस्टर से कटाई वाली फसल पर 5% वजन कटौती की जाती थी, जिसे इस बार बढ़ाकर 7% कर दिया गया है। हरियाणा में गन्ना से महंगी खोई बिक रही है। हाल यह है कि गन्ने की खोई 400 रुपए प्रति क्विंटल के रेट पर बिक रही है। गन्ना सिर्फ 360 रुपए प्रति क्विंटल के रेट पर बिक रहा है। आज की तारीख में गन्ने की खोई भी इथेनॉल बनाने के काम आ रही है। इसलिए किसान की लागत और गन्ने की उपयोगिता को देखते हुए किसानों को कम से कम 400 रुपये प्रति क्विंटल रेट मिलना चाहिए।

# दमोह के 17 मजदूरों को कोल्हापुर में बनाया बंधक



दमोह, 24 नवंबर (एजेंसियां)। दमोह से महाराष्ट्र गए मजदूरों को बंधक बनाकर रखा गया था। उन्होंने दमोह जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद 17 मजदूरों को जिला प्रशासन की मदद से गुरुवार को सकुशल दमोह पहुंचाया गया है। दमोह जिला प्रशासन द्वारा इन मजदूरों को बंधक मुक्त किए जाने के प्रयास किए गए थे। दमोह पहुंचे मजदूरों में अरविंद अहिरवाल ने बताया कि वह दस नवंबर को महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के सांगली तहसील के गढ़वाली गांव गए थे। यहां पर ठेकेदार द्वारा सभी मजदूरों से काम लिया गया, लेकिन यहां पर किसी भी प्रकार की रुकने या खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं की गई और मजदूरी भी कम दी जा रही थी। इसके अलावा ठेकेदार से मजदूरी मांगने पर उसने मारपीट की और धमकी भी दी गई। जिस कारण से सभी मजदूर घबरा गए थे। इस बात की जानकारी इन मजदूरों ने अपने परिजनों को दी। परिजनों ने दमोह जिला प्रशासन को अवगत कराया। कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य ने वहां के जिला प्रशासन से संपर्क किया और संबंधित थाना प्रभारी से मजदूरों को वहां से बंधक मुक्त कराने के लिए कहा। सूचना मिलने पर संबंधित थाना प्रभारी द्वारा इन सभी मजदूरों को वहां से बंधन मुक्त कराया। वहां से दमोह के लिए रवाना कराया। इन मजदूरों ने बताया कि बंधन मुक्त होने के बाद वह ट्रेन के माध्यम से दमोह के लिए रवाना हुए थे जो कि सकुशल गुरुवार को दमोह आ गए। इन मजदूरों ने यह भी बताया कि उन्हें पहचान के गोलू ठाकुर एवं विक्रम दोनों गन्ने की कटाई के लिए साथ लेकर गए थे। वहां अधिक पैसे मिलने के अलावा खाने-पीने एवं रुकने की भी सुविधा बताई गई थी। जिस कारण से यह सभी मजदूर मजदूरी के लिए सांगली पहुंच गए थे, लेकिन वहां पर पहुंचने के बाद उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान नही की गई और ना ही मजदूरी पूरी दी गई। जिस कारण से यह काफी परेशान थे और किसी बात पर शिकायत या काम छोड़कर आने पर ठेकेदार द्वारा मारपीट कर धमकी दी जाती थी। दमोह पहुंचे मजदूरों में प्रमुख रूप से राजा, दीपक, मंजू ,अरविंद, रवि, रीना आदि प्रमुख हैं। दमोह स्टेशन पहुंचने पर प्रशासन के द्वारा सभी को उनके घर तक पहुंचाया।

# रोहतक में मानवता शर्मसार

## रेलवे स्टेशन पर फेंका 1 दिन के नवजात का शव दुपट्टे में लपेटकर बेंच के पास रखा था



रोहतक, 24 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के रोहतक में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। जहां रेलवे स्टेशन पर एक नवजात को चुंदड़ी में लपेटकर फेंक दिया। जब रेलवे स्टेशन पर बैठने के बेंच के पास दुपट्टे (चुंदड़ी) में लपेटे नवजात को पड़े देखा तो इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी गई। **मामले की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।** जीआरपी टीम ने जब दुपट्टे को खोलकर देखा तो उसमे एक नवजात शिशु मिला। जब तक पुलिस ने संभाला उस समय तक नवजात शिशु की मौत हो चुकी थी। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नवजात शिशु की फेंकने के बाद मौत हुई है या मौत होने के बाद फेंका गया है।

### एक दिन का नवजात लड़के का शव

प्राथमिक दृष्टि से नवजात करीब एक दिन का प्रतीत हो रहा था। नवजात शिशु का लिंग लड़का था। अभी तक नवजात शिशु को रेलवे स्टेशन पर फेंकने वाले का पता नहीं लग पाया है। वहीं इसके मां-बाप का भी पता नहीं लगा है। इधर पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच में जुटी हुई है। जब जीआरपी मौके पर पहुंची तो उसे गुलाबी व पीले रंग का दुपट्टा मिला। जिसमें नवजात शिशु का शव लपेटा हुआ था। किसी अज्ञात ने नवजात शिशु को दुपट्टे में लपेटकर रेलवे स्टेशन में फेंका हुआ था। नवजात के शव को रोहतक पीजीआई में रखवाया गया है। इस दौरान शिनाख्त के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

### अज्ञात पर मामला दर्ज

जीआरपी रोहतक के हवलदार भूपेंद्र ने बताया कि बुधवार को रेलवे स्टेशन पर नवजात शिशु का शव मिला। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। साथ ही नवजात को फेंकने वाले व माता-पिता का पता लगाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

# मुंबई में खसरे का जोर

## एक महीने में 13 की मौत, अब तक 233 मामलों की पुष्टि

मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई और इसके आसपास के इलाकों में खसरे का प्रकोप बढ़ रहा है। बुधवार तक शहर में 233 मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से 200 से अधिक पिछले दो महीनों में दर्ज किए गए थे। अक्टूबर में खसरा से 3 मौतें दर्ज की गईं। यह आंकड़ें पिछले कुछ वर्षों की तुलना में काफी बढ़ गए हैं। 2021 में मुंबई में 10 मामले और 1 मौत, 2020 में 29 मामले और कोई मौत नहीं, वहीं 2019 में खसरे से 37 मामले और 3 मौतें दर्ज की गईं थीं। मुंबई के आसपास के क्षेत्रों की बात की जाए तो 17 नवंबर 2022 तक मालेगांव में 51, भिवंडी में 37, ठाणे में 28, नासिक में 17, ठाणे ग्रामीण में 15, अकोला में 11, नासिक और यवतमाल में 10-10 और कल्याण-डोंबिवली और वसई-विरार में खसरा के नौ-नौ मामले दर्ज किए गए। महाराष्ट्र में अब तक 553 खसरा के बढ़ते केसों के चलते महाराष्ट्र में अब तक 553 मामले सामने आ चुके हैं जो पिछले साल की तुलना में 6 गुना अधिक है। साल 2021 में महाराष्ट्र में खसरा के 92 मामले सामने आए थे और 2 मौतें हुई थीं। वहीं, राज्य में 2020 में 193 मामले और 3 मौतें दर्ज की गईं थीं। 2019 में 153 मामले और 3 मौतें खसरा से हुई थीं। मुंबई के सात इलाके बने हॉटस्पॉटः खसरा से अब तक हुई 13 मौतों में से नौ मुंबई में हुईं जबकि शेष शहर के बाहरी इलाके से थीं। इनमें से एक मौत नालासोपारा में और तीन भिवंडी में हुईं।

# देश की सांस्कृतिक एकता के दूरदर्शी पुरोधा थे डॉ. लोहिया : हरिवंश

## समाजवादी चिंतक प्रो. केशवराव जाधव को मरणोपरांत डॉ. लोहिया स्मृति सम्मान

गुवाहाटी, 24 नवंबर (एजेंसियां)। गुवाहाटी स्थित कॉटन यूनिवर्सिटी में आयोजित तृतीय राष्ट्रीय विचार मंथन में राज्य सभा के उप-सभापति हरिवंश ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया देश की भौगोलिक अखंडता और सांस्कृतिक एकता के दूरदर्शी पुरोधा थे। दो-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन डॉ. लोहिया के उर्वशीयम अभियान के 65वें वर्ष के उपलक्ष्य में कलागुरु विष्णु प्रसाद राभा ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ. राममनोहर लोहिया, पूर्व मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा और असमिया के महान साहित्यकार डॉ. बीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। विशेष रूप से दीप प्रज्ज्वलन की अनोखी परंपरा के अंतर्गत पिछले वर्ष गोवा में आयोजित इसी सम्मेलन में प्रज्ज्वलित दीप का अर्पण गोवा के वरिष्ठ पत्रकार संदेश प्रभुदेसाई, अनन्त अग्नि, प्रशांत नाइक आदि ने आयोजन समिति के सदस्यों को भेंट की।



वह कार्यक्रम डॉ लोहिया के नेतृत्व में हुए गोवा क्रांति दिवस की 75वीं वर्षगाँठ पर मडगांव में आयोजित हुआ था। गोवा से आई इस टीम का नारा था- 'गोवा हो या गौहाटी, अपना देश अपनी माटी'। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ बीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य की कविता का पाठ हुआ तथा जनजातीय बीहू नृत्य की प्रस्तुति की गई। राज्य सभा के उपसभापति के हाथों असमिया के महान साहित्यकार डॉ. बीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य, गोलाप बोरबोरा, मधु लिमये और राजनारायण को मरणोपरांत डॉ. लोहिया रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित डॉ लोहिया की दुर्लभ पुस्तक 'द स्ट्रगल फ़ॉर सिविल लिबर्टीज़' के अंग्रेजी, हिंदी, असमिया के साथ-साथ 'उर्वशीयम' नामक स्मारिका और 'एक्शन इन गोवा' का ओड़िया संस्करण का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने डॉ. लोहिया के उर्वशीयम अभियान पर केंद्रित एक लघु फ़िल्म का भी विमोचन किया। पुस्तक व फ़िल्म लोकार्पण समारोह में राष्ट्र सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेश खैरनार, पूर्व विधायक और पद्म श्री से सम्मानित अजय कुमार दत्त, झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षडंगी और राज्यसभा के सदस्य अनिल हेगड़े और लोहिया विचार मंच, हैदराबाद के अध्यक्ष टी. गोपाल सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में असम के पूर्व समाजवादी और गोलाप बोरबोरा सरकार में शिक्षा मंत्री रहे रमणी बर्मन, एन एफ रेलवे मज़दूर यूनियन के महासचिव रहे रखालदास गुप्ता (मरणोपरांत), प्रो. अजीत शर्मा (मरणोपरांत), समाजवादी चिंतक प्रो. केशवराव जाधव ( मरणोपरांत) गोवा मुक्ति सेनानी मनोहर राव सरदेसाई समेत सतीश सिंह, डॉ बिनि सारंगी, डॉ. नीलम मिश्रा को भी डॉ. राममनोहर लोहिया स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्य वक्ता के तौर पर राज्ससभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि डॉ. लोहिया भारत के पहले ऐसे राजनेता थे, जिन्होंने तत्कालीन नेफ़ा के लोगों की परेशानियों को समझा और साल 1958 और 1959 में नेफ़ा में अपनी गिरफ्तारी दी। उपसभापति ने कहा कि डॉ. लोहिया साहित्य, कला और देशज भाषा की शक्ति को बखूबी समझते थे इसलिए आम जनता और सरकार दोनों को वे अपनी गंभीर बातें बड़ी अद्भुत शैली में समझा देते थे। उत्तर-पूर्व के बारे में उनकी दृष्टि अत्यंत व्यापक थी और वह पूरे हिमालयी क्षेत्र के भूराजनीतिक महत्व से जाकर जुड़ती थी। सिविल लिबर्टीज़ के लिए तो उन्होंने गोवा से लेकर अमेरिका तक लड़ाई लड़ी। गोवा के मुक्ति संग्राम का तो उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उनके मुताबिक डॉ. लोहिया के विचार आज पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। उनके जैसे दूरदर्शी नेता सदियों बाद जन्म लेते हैं।

लोहिया विचार मंच हैदराबाद के अध्यक्ष टी. गोपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि लोहिया साहित्य की प्रासंगिकता बढ़ रही है। हमारी पीढ़ी में लोहिया साहित्य का प्रचार- प्रसार स्व. बदरीविशाल पित्ती के माध्यम से होता था। वर्तमान समय में डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन, नई दिल्ली के द्वारा काफी सराहनीय कार्य हो रहा है। सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के नुरूल अमीन ने युवाओं से डॉ. लोहिया के बताए रास्ते पर चलने की अपील की।

पूर्व मुख्यमंत्री गोलाप बोरबोरा के पुत्र और वरिष्ठ अधिवक्ता अरूप बोरबोरा, डॉ. बीरेंद्र कुमार भट्टाचार्य की पुत्री जुरी भट्टाचार्य, मयूर बोरा और डॉ. राममनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस कार्यक्रम में भारत के सभी प्रान्तों के अतिरिक्त बांग्लादेश से भी कई डेलीगेटस ने हिस्सा लिया।

# आयकर विभाग की कार्रवाई से उड़ी उद्योगपतियों की नींद

### देहरादून- ऋषिकेश में कई ठिकानों पर मारे छापे

देहरादून, 24 नवंबर (एजेंसियां)। देहरादून में दर्जनों निवेशकों व उद्योगपतियों के ठिकानों पर आयकर के छापे पड़े। दिल्ली से सुबह-सुबह आईं आयकर अफसरों की कई टीमों के पहुंचते ही हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस फोर्स मांगी है। गुरुवार सुबह देहरादून के नेशविला रोड में एक के बाद एक आयकर विभाग की कई गाड़ियां पहुंची। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में गाड़ियों के पहुंचने आसपास भीड़ जुट लगई। कई निवेशकों व उद्योगपतियों के घर छापा पड़ा है। इनमें से अभी एमजे रेजिडेंसी के मालिक के घर पर छापा पड़ने की खबर सामने आई है। आयकर विभाग ने देहरादून, ऋषिकेश ,दिल्ली व सहारनपुर के प्रॉपर्टी डीलर के तीन दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है। मिली जानकारी के मुताबिक देहरादून के प्रॉपर्टी डीलर मंजीत जौहर, राज लुम्बा, मेहता ब्रदर्स, नट्स भाटिया,नवीन कुमार मित्तल व भू माफिया मितिन गुप्ता के ठिकानों व घरों पर रेड जारी है। देहरादून में आयकर विभाग के एडिशनल डायरेक्टर ठाकुर मपवाल व डिप्टी डायरेक्टर रितेश भट्ट के नेतृत्व में छापे की कार्रवाई शुरू की गई। विभागीय अधिकारियों ने छापे के बाबत कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया।

### 50 लोगों के यहां छापा

नेशविला रोड पर फैंसी वूल वालों विजय टंडन के यहां भी छापे की कार्रवाई चल रही है। ये सब मंजीत जौहर के सीडिकेट के लोग बताए जा रहे हैं। राज लुंबा के घर रेसकोर्स भी टीम पहुंची है। मंजीत जौहर खनन कारोबारी है। मंजीत का नाम अवैध खनन में भी कई बार आ चुका है। कुल 50 लोग बताए जा रहे हैं। जिनके यहां पर छापा मारा गया है। ऋषिकेश में भी बिल्डर और होटल व्यवसाय मंजीत जौहर के रेलवे रोड स्थित होटल में आयकर विभाग ने छापा मारा है। यहां होटल के बाहर पुलिसकर्मी तैनात हैं।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार,25 नवंबर, 2022

# जानलेवा संक्रामक जीवाणु

पूरी दुनिया में संक्रामक रोग फैलाने वाले जीवाणुओं के पनपने और फैलने का सबसे बड़ा कारण स्वच्छता से भी जुड़ा है। इससे भारत भी अछूता नहीं है। देश के ज्यादातर शहरों में सीवर समस्या से लेकर कूड़े-करकट के पहाड़ तक गंभीर संकट की तरह मुंह बाए खडे हैं। घरों में नलों के जरिए पहुंचाए जाने वाले पानी में सीवर लाइनों का पानी और कीड़े मिलने जैसी शिकायतें अब इतनी आम हो चुकी हैं कि स्थानीय निकाय और प्रशासन इन्हें समस्या के रूप में कभी देखता ही नहीं है। देश की राजधानी का तमगा पाए दिल्ली की हालत तो और भी खराब है। वहां राजनीतिक लडाई की वजह से तीन बड़े कूड़े के पहाड़ करीब चार दशकों से खड़े हैं, जो समय-समय पर धधक कर प्रदूषण को और बढ़ावा देते हैं। बता दें कि जीवाणुओं के संक्रमण से होने वाली मौतों के मामलों में आज भी भारत की स्थिति बेहद दयनीय है। इसकी पुष्टि लैंसेट के एक अध्ययन 'ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज स्टडी-2019' से चल जाता है। इस अध्ययन में पाया गया है कि वर्ष 2019 में तैंतीस तरह के सामान्य जीवाणुओं के संक्रमण से करीब चौदह लाख लोग मारे गए और इनमें से छह लाख अस्सी हजार लोगों की मौत का कारण सिर्फ पांच तरह के जीवाणुओं के होने वाला संक्रमण था। वैश्विक स्तर पर देखें तो दुनिया में सबसे ज्यादा मौतों का दूसरा बड़ा कारण जीवाणु संक्रमण रहा। यानी वर्ष 2019 में दुनियाभर में सतहत्तर लाख मौतें तैंतीस तरह के जीवाणुओं से हुुईं। भारत में भी जिन पांच जीवाणुओं के संक्रमण से लाखों लोग मौत के मुंह में चले गए, उनमें निमोनिया, मूत्र संक्रमण और टायफायड जैसे रोगों के मामले कहीं ज्यादा हैं। देखा जाए तो आमतौर पर ये बीमारियां हमारे रहन-सहन और खानपान से ही होती हैं। इससे पता चलता है कि स्वास्थ्य, रहन-सहन, खानपान, प्रदूषण, स्वच्छ पेयजल और शौचालयों की उपलब्धता के मोर्चे पर हम आज भी बहुत पीछे हैं। फिर ये आंकड़े तो वे हैं जो कहीं न कहीं दर्ज रहे होंगे। भारत के ग्रामीण और सुदूर दूरदराज इलाकों में तो ऐसी संक्रामक बीमारियों से न जाने कितनी मौतें हर साल हो जाती हैं, जो सरकारी रिकार्ड में दर्ज भी नहीं हो पातीं! इस तरह के अध्ययन और शोध सिर्फ चौंकाते ही नहीं हैं, बल्कि सचेत भी करते हैं कि हमें किस मोर्चे पर किस मुस्तैदी से काम करना है। हैरानी तो इस बात की भी है कि सामान्य संक्रमणों से भी मरने वालों का आंकड़ा कम नहीं है। इससे पता चलता है कि लोगों को मामूली बीमारियों के इलाज भी आसानी से मुहैया नहीं हो पाते हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत कैसी है यह भी किसी से छिपा नहीं है। गांवों की हालत तो और भी बदतर है जहां की स्वास्थ्य सुविधाएं झोलाछाप डाक्टरों के सहारे ही चल रहा है। कहने को देश में बड़े-बड़े पांच सितारा और महंगे निजी अस्पतालों की भरमार है, लेकिन आबादी के बड़े हिस्से की हिम्मत इन अस्पतालों में कदम रखने की भी नहीं होती। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के बोझ के साथ ही दूसरी कई समस्याएं हैं। हजारों लोगों पर एक डाक्टर, एक बिस्तर का रेसियो दशकों से चल रहा है। अस्पतालों में उपकरणों और दवाइयों की भारी कमी हमेशा की बीमारी है। जिला अस्पतालों से लेकर ग्रामीण इलाकों में बने प्राथमिक और सामुदायिक चिकित्सा केंद्रों की हालत कैसी है सब जानते हैं। चिकित्सा सेवा में लगे डाक्टर व कर्मचारी किस तरह भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हैं यह भी किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में सामान्य संक्रमण से भी लोग मरेंगे नहीं तो और क्या करेंगे? अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि लाखों लोग किस तरह के प्रदूषण में रहने को विवश हैं। ऐसे में बीमारियां फैलना स्वाभाविक है। अगर सामान्य जीवाणुओं के संक्रमण से लाखों लोग मर रहे हैं तो निश्चित ही इसके लिए जिम्मेदार हमारे नीति-नियंता और दोषपूर्ण नीतियां हैं। संक्रमित बीमारियों पर काबू पाना है तो इसके लिए व्यवस्था को संक्रमणमुक्त बनाना ही होगा।

# महंगाई डायन खाए जात है



डॉ. सुरेश कुमार

मौसी : क्या बताए बेटा, 400 रुपए वाला सिलेंडर 1200 रपए, साठ रुपए वाला पेट्रोल 109 रुपए, 399 रुपए वाला मोबइल रिचार्ज 599 रुपए, 200 रुपए वाला टीवी रिचार्ज 450 रुपए, 3 रुपए का प्लाटफार्म टिकट 50 रुपए और 60 रुपए वाला खाने का तेल 200 रुपए हो गया। लगता है महंगाई की होड़ जेट स्पीड से है। अब तुम्हीं बताओ बेटा हम जैसे लोग कैसे जिएँ? जय : अरे मौसी! जेट में बैठने का सुख सभी को नसीब थोड़ी न होता है। वह तो हम सब किस्मत वाले हैं कि जीते जी महंगाई की जेट स्पीड का मजा उठा रहे हैं। महंगाई को महंगाई मत कहो। यह तो देशभक्ति है देशभक्ति! मौसी : वो कैसे बेटा? जय : मौसी! वेदों-पुराणों में लिखा है कि देशभक्ति तन-मन-धन से की जानी चाहिए। तन तो हमारे पास है। मन की बात कोई और करता है। जहाँ तक सवाल धन का है तो इसके लिए सीधी उंगली या फिर टेढ़ी उंगली का इस्तेमाल करना होगा। जो लोग देशभक्ति के लिए दान-धर्म नहीं कर सकते या नहीं करना चाहते उनसे सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, मोबाइल, टीवी, प्लाटफार्म, खाने का तेल आदि की कीमतें बढ़ाकर वसूली करना होगा। इस तरह से देशभक्ति के लिए की गई वसूली शास्त्रों में पाप नहीं माना जाता। सरकार महंगाई के बहाने हमारे हाथों पुण्य करवा रही है। मौसी : यह तो मैंने सोचा ही नहीं था बेटा! अब इतना भी बता दो कि ऐसी देशभक्ति भी किस काम की जिसमें जीना हराम हो जाए। खाने के लाले पड़ जाएँ। अब तुम्हीं बताओ महंगाई की देशभक्ति से वसूला पैसा किस काम का? जय : बड़ी भोली है मौसी आप! चार दिन की जिंदगी में काहे की महंगाई काहे की गरीबी। चार दिन के बाद तो यह किचकिच खत्म हो जाएगी। लेकिन याद रखो मौसी! हम रहें न रहें देश रहना चाहिए। और यह देश यूँ ही अखंड नहीं रह सकता। इसके लिए शक्तिशाली सरकार की आवश्यकता पड़ती है। देश में अपनी सरकार बनाए रखने के लिए केवल चुनाव जीतना काफी नहीं होता। सरकार के और भी कई सारे जरूरी काम होते हैं। मसलन एमएलए, एमपी की खरोद-फरोख्त करनी होती। उन पर मुंहमांगा पैसा लुटाना पड़ता है। इस तरह जाकर सुव्यवस्थित सरकार बनती है। देश अखंड बनता है। मौसी : एक बात की दाद दूँगी बेटा! भले ही 400 रुपए वाला सिलेंडर 1200 रपए, साठ रुपए वाला पेट्रोल 109 रुपए, 399 रुपए वाला मोबइल रिचार्ज 599 रुपए, 200 रुपए वाला टीवी रिचार्ज 450 रुपए, 3 रुपए का प्लाटफार्म टिकट 50 रुपए और 60 रुपए वाला खाने का तेल 200 रुपए हो गया लेकिन तुम्हारे मुँह से सरकार के लिए तारीफ़ ही निकलती है। जय : अब क्या करें मौसी! तारीफ़ नहीं करेंगे तो देश के गद्दार कहलायेंगे। अब देश में देशभक्त होने की एक ही निशानी है सरकार जो कह रही है उसकी हाँ में हाँ मिलाओ। जो कर रही है उसे करने दो। क्योंकि सरकार आँखों से सुरमा नहीं आँखें ही चुरा लेती है। सरकार के लिए जो दोस्त हैं, वह उनके लिए ताकत है और जो दुश्मन हैं उनके लिए बड़ी आफत है। सरकार के हर काम में देशभक्ति मौसी! इसलिए आँखें मूँदों और अपना काम करते जाओ। क्योंकि जो हो रहा है, अच्छा हो रहा है। जो होगा वो भी अच्छा होगा तुम अतीत का पश्चाताप न करो मौसी! और न भविष्य की चिंता करो, प्रवासी मजदूरों की तरह वर्तमान चल रहा है। मौसी : सच कहते हो बेटा! हम एक बार जीते हैं। एक बार मरते हैं। और देशभक्ति दिखाने का अवसर बार-बार नहीं मिलता। जिस देश में महंगाई देशभक्ति बन जाए उस देश में जीने वाले फौलादी कहलाते हैं। मुझे गर्व है कि मेरी देशभक्ति फौलादी है।

# कतर, फीफा, बियर, ड्रग्स, कालगर्ल और कंट्रोवर्सी



वीरेंद्र बहादुर सिंह

दुनिया के अत्यंत समृद्ध देशों में जिनकी गिनती होती है, ऐसे ही कतर में पिछले रविवार से फिफा वर्ल्ड कप की ध मा के दा र शुरुआत हुई है। फिफा वर्ल्ड कप पहले से ही किसी न किसी विवाद में रहा है। फुटबाल कप का सब से पहला मैच यजमान कतार और इक्वाडोर के बीच था। इक्वाडोर ने दो गोल कर लिया यानी उसकी जीत पक्की थी। मैच चल ही रहा था कि गेल में आ गए इक्वाडोर के दर्शकों ने जोरदार नारा लगाया कि 'वी वांट बियर।' पूरे स्टेडियम में हड़कंप मच गया। कतार ने पहले ही यह घोषणा कर दी थी कि स्टेडियम में बियर पीने दिया जाएगा। अंतिम समय में कतार ने नियम बदल दिया और स्टेडियम में बियर पीने की मनाही कर दी। इस दौरान स्टेडियम में बियर बिकने लगी, इसलिए लोग दंग रह गए। सभी को लगा कि क्या कतार ने बियर की मंजूरी दे दी? बियर ले कर पिया तो उसका टेस्ट एकदम बियर जैसा ही था। बाद में पता चला कि यह जीरो अल्कोहल बियर है। अल्कोहल बगैर की इस बियर को लोगों ने नकली बियर कह कर खूब विरोध किया। हर चार साल पर आयोजित होते फिफा वर्ल्ड कप की गणना दुनिया के सब से बड़े स्पोर्ट्स इवेंट के रूप में होती है। फिफा हो या ओलम्पिक इसकी चर्चा खूब होती है। पर यह बात जगजाहिर है कि दुनिया में सब से अधिक क्रेज फुटबाल का ही है। फुटबाल लीग की भी दुनिया में चर्चा होती है। उसके सामने तो रह वर्ल्ड कप है। इसमें कुछ हो, यह नहीं चलने वाला। फिफा वर्ल्ड कप का मैच देखने आने वाले लोग गेम देखने के साथ दुनियाभर का का मजा भी करते हैं। ऐसे भी लोग होते हैं, जो सिर्फ मजा करने के लिए ही यह मैच देखने आते हैं। हर तरह का मजा मिले इस तरह का बंदोबस्त भी हो जाता है। जिस देश में इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट होता है, वहां पहले से ही ड्रग माफिया पहुंच जाते हैं और जो मांगो वह ड्रग मिल जाए, इस तरह की व्यवस्था कर देते हैं। पूरी दुनिया में कालगर्ल की व्यवस्था करने वाली ऐस्कार्ट ऐजेंसीज और ब्रोथल हाउसेस हैं। इस तरह का धंधा करने वाले लोग भी दुनियाभर की लड़कियों के साथ स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन करने वाले देश और शहर में पहुंच जाते हैं। अब लोगों को अल्कोहल या दारू से किक नहीं लगती। अब इन्हें कुछ अधिक स्ट्रांग चाहिए। इन सब में बियर तो एकदम निर्दोष मानी जाती है। कोई भी मैच चल रहा हो तो स्टेडियम में बियर की नदिया बहती हैं। मैच के लाइव टेलीकास्ट के दौरान एक सांस में बियर का पूरा का पूरा गिलास गटक जाने वाले लड़के-लड़कियों को दिखाया भी जाता है। बियर ड्रिंकिंग के कितने वीडियो वायरल भी हुए हैं। जिस देश की टीम जीत रही होती है, उस देश के लोग तो स्टेडियम में पागल हो जाते हैं। हार रही टीम के देश के लोग उदासी में बियर मांगते हैं। कहा जाता है न कि पीने वालों को पीने का बहाना चाहिए। फुटबाल कप और फुटबाल लीग के समय स्पांसरशिप पाने के लिए बियर कंपनियों में भी होड़ लगती है। ऐसे में अगर बियर बंद करा दी जाए तो उहापोह तो होगा ही। दूसरा कोई देश होता तो बात अलग थी। वह तो कतार है। कतार में सख्ती से इस्लामिक कानूनों का पालन किया जाता है। ड्रग्स या कालगर्ल की बात तो दूर है, वहां बियर या दारू के नाम पर ही नाक चढ़ जाती है। फुटबाल वर्ल्ड कप में लोग अपनी गर्लफ्रेंड या पार्ट टाइम धंधा करने वाली लड़कियों को ले कर आते हैं। ये सभी एकदम छोटे कपड़ों में झूमते हुए टहलते रहते हैं। लेकिन कतार में यह सब नहीं चल सकता। बारह साल पहले जब यह घोषणा हुई कि कतार में फिफा वर्ल्ड कप आयोजित होगा तो सब से पहला सवाल यही उठा था कि कतार को यह यजमानी मिली कैसे? एक आरोप तो यह भी लगा था कि कतार ने फिफा की यजमानी पाने के लिए मोटी रकम की घूस दी थी। कतार धनाढ्य है, वहां पैसों की कोई कमी नहीं है। कतार चाहे तो अपने यहां स्वर्ग खड़ा कर दे, इस तरह की ताकत रखता है। पर दूसरा जो कुछ चलता है, वह सब वहां करने जाओ तो जेल में डाल दिया जाएगा। गे, लेस्बियन जैसे संबंधों को वहां तिरस्कार की नजरों से देखा जाता है। वर्ल्ड की एलजीबीटी यानी कि लेस्बियन, गे, बायोसेक्सुअल और ट्रांसजेंडर सोसायटी उसके इन प्रतिबंधों को अनुचित मानती है। अभी तो वर्ल्ड कप शुरू हुआ है। वहां जिन बातों पर विवाद हो सकता है, इस तरह के मामले सामने आने लगे हैं। कतार के कटारा कल्चरल विलेज में एक होटल के बाहर एक विदेशी पत्रकार लाइव रिपोर्टिंग कर रहा था तो सुरक्षा कर्मचारियों ने आ कर उसे रोका। पत्रकार ने कार्ड और परमिट दिखा कर कहा कि उसने परमीशन ली है, तब भी सुरक्षा कर्मचारी नहीं माने और कहा कि यह तमाशा बंद करो वरना कैमरा तोड़ देंगे। वह पत्रकार तो पुरुष था, कोई लड़की होती तो? इंग्लैंड और ईरान के बीच मैच था, तब ईरान के खिलाड़ियों ने आपने देश का ही राष्ट्रगीत गाने से मना कर दिया। ईरान में महसा अमीनी की पुलिस कस्टडी में मौत के बाद हिजाब मामले में जबरदस्त आंदोलन चल रहा है। ईरान के खिलाड़ियों ने राष्ट्रगीत नहीं गाया, ईरान की सरकार ने इसे बड़ी गंभीरता से लिया है। जब ये खिलाड़ी वापस ईरान जाएंगे तो इनके साथ क्या होता है, यस सोचने की बात है। ये सभी तो स्पोर्ट्स रिलेटेड कंट्रोवर्सीस है। इसके अलावा कतार के सामने अन्य तमाम इशूज हैं। कतार पर आतंकवादियों की मदद करने के भी आरोप लगते रहे हैं। ह्युमनराइट्स आर्गेनाइजेशन ने यह कह कर कतार का विरोध किया है कि कतार में बाहर से काम करने आने वालों लोगों और मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार होता है।

अलबत्त, जवाब में कतार का कहना है कि हमने अब नियमों में जड़मूल से बदलाव कर दिया है और हम अपने यहां काम करने आने वालों का पूरा ख्याल रखते हैं। यूनाइटेड अरब अमीरात और साउदी अरब जैसा दबदबा पूरी दुनिया में कतार भी पाना चाहता है और अपनी एक नई इमेज खड़ी करना चाहता है। इसीलिए कतार स्पोर्ट्स इवेंट जैसा जंगी आयोजन कर रहा है। जो फिफा वर्ल्ड कप देखने गए हैं, उनका हर तरह से ध्यान रखना पड़ेगा। ऐसे में तमाम लोगों का कहना कि जब इतना अधिक कंट्रोल रखना था तो वर्ल्ड कप जैसा आयोजन करना ही नहीं चाहिए। अभी वर्ल्ड कप 18 दिसंबर तक चलेगा, तब तक देखो दूसरा क्या-क्या होता है।



# देश के नेता कैसे हों ?



रजनीश कपूर

अक्सर चुनावी व राजनैतिक सभाओं में आपने ऐसे नारे सुने होंगे 'देश का नेता कैसा हो ..', जहां नेता के समर्थक उनका नाम जोड़कर नारे को पूरा करते हैं। इसी उम्मीद से कि वो नेता अपने समर्थकों और जानता की सेवा के लिए ही कुर्सी सँभालेंगे। परंतु क्या ये नेता कुर्सी पर बैठते ही जानता की अपेक्षा पर खरे उतरते हैं? क्या ये नेता अपने परिवार और निजी जीवन की परवाह किए बिना जनसेवा करते हैं? यदि ऐसा नहीं करते तो ऐसे नारे लगाने वालों को वास्तव में सोचना होगा की 'देश के नेता कैसे हों?' राज्यों के चुनाव हों या दिल्ली की नगर निगम के चुनाव हों, सोशल मीडिया पर इन दिनों कई राजनैतिक दलों के नेताओं पर जनता का ग़ुस्सा फूटते देखा गया है। फिर वो चाहे प्रचार कर रहे इलाक़े के नेता हों, विधायक हों, पार्षद हों या दल के प्रवक्ता हों। इन पर हो रहे जनता के प्रहारों में वृद्धि हो रही है। जनता ही नहीं, राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता ही अपने नेताओं की पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं। एक राज्य में चुनाव प्रचार पर निकले नेता का क्षेत्र की जनता ने जूतों के हार से स्वागत किया। इस स्वागत का कारण मतदाताओं को किए वो झूठे वादे थे जिन्हें नेता या उसके पदासीन दल ने पूरा नहीं किया। हर चुनाव से पूर्व जनता को वहीपुराने वादों को नये लिबाज़ में पेश कर दिया जाता है। ज़ाहिर सी बात है जनता के सब्र का बांध टूटेगा ही। पिछले दिनों दिल्ली नगर निगम के चुनावों के प्रचार के दौरान एक इलाक़े में टीवी डेबिट के बीच ही नेता जी व उनके पुत्र की दूसरे दल के समर्थकों द्वारा पिटाइ का वीडियो भी सामने आया। इस पिटाई के पीछे भी जनता को गुमराह करना और उनके दल द्वारा किए गए झूठे वायदे ही था। एक दल के नेता के समर्थकों की दूसरे दल के नेता व समर्थकों के बीच ऐसी लड़ाई नई बात नहीं। परंतु ऐसा करने वाले नेता, चाहे किसी भी दल के हों, क्या नेता कहलाने के लायक़ हैं? आजादी के बाद से अब तक हुए चुनावों में देश की जनता ने अपने शासक चुनने में अक्सर कोई गलती नहीं की। चुनावों के जनता का जो सामूहिक फैसला निकलकर आया, उसमें अक्सर श्रेष्ठ उम्मीदवार ही विजेता बने। चुनाव नतीजों के जरिये जनता ने बताया है कि वह अपने शासक में कौन-से गुण देखना चाहती है। यदि कोई नेता जनता की उम्मीदों कि कसौटी पर खरा नहीं उतरता तो उसे अगले चुनाव में घर बिठा दिया जाता है। मतदाताओं ने नेता के गुणों और क्षमताओं पर ही उन्हें चुन कर जिताया, लेकिन सिर्फ तब तक जब तक उनमें उन गुणों और चुनावी वादों को पूरा करने की क्षमता थी। राजनीति के महा ज्ञानी चाणक्य द्वारा अच्छे शासक के गुणों को परिभाषित किया है। यही वही गुण हैं जो नेता बनने से पहले, अच्छे इंसान और अच्छे नागरिक के रूप में दिखने चाहिए। आजकल के नेताओं को गांधी, नेहरू, शास्त्री, इंदिरा, वाजपेयी जैसा विनम्र और मृदुभाषी होना चाहिए। इतिहास गवाह है कि भारत की जनता ने बड़बोले और दंभी नेताओं के बजाय विनम्र और मृदुभाषी व्यक्तित्व को अपने नेता के रूप में पसंद किया है। जिन दलों और नेताओं में घमंड की झलक दिखाई दी, जनता ने उन्हें अपने वोट से वंचित करने में देर नहीं की। देश की जनता नेताओं के व्यक्तित्व में नकारात्मकता को पसंद नहीं करती। वोटरों ने प्रायः ऐसे नेताओं को पसंद कर चुना है जो दूसरों की कमियों पर जोर देने की बजाय अपनी सकारात्मक राजनीति को आगे रखते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भाषणों में आपको ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचारों के खिलाफ लंबी तकरीरें नहीं मिलेंगी। बापू जनता के सामने हमेशा बेहतर और सकारात्मक मुद्दे ही रखते थे। आज के माहौल में आप ऐसे नेता उँगलियों पर गिन सकते हैं। किसी भी नेता को चुनने से पहले उसमें यह देखा जाता है कि वो विश्वास योग्य है या नहीं? व्यक्ति का यह वह प्राथमिक गुण है जो अगर न हो तो दूसरे सभी गुण बेकार हैं। नेता का व्यक्तित्व अगर विश्वास करने योग्य न हो, न तो उसकी विनम्रता प्रभावित करेगी और न ही निर्णय लेने की क्षमता। योग्य नेता में सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। सही समय पर अहम फैसले लेने से बचने और फ़ैसलों को टालने वाले नेताओं को जनता का समर्थन कभी नहीं मिला। यह गुण नेतृत्व क्षमता का पहला और अनिवार्य गुण माना जाता है। पुरानी पीढ़ी के सफल नेता, चाहे किसी भी दल के हों, अगर सालों तक जनता के प्रिय बने रहे तो इसी गुण के कारण। चंद्रगुप्त मौर्य के महामंत्री चाणक्य ने राजा के शिक्षित होने पर अच्छा खासा जोर दिया। परंतु उस वक्त शिक्षा के पैमाने आजकल के शिक्षा के स्तर से काफ़ी अलग थे। आजादी के बाद भारतीय नेताओं की औपचारिक शिक्षा पर प्रायः ज़्यादा अहमियत नहीं दी गई। जनता ने नेताओं के शिक्षा के स्तर की कभी कोई विशेष मांग नहीं की। कुछ लोग मानते हैं कि सरकार चलाने की समझ किसी प्रकार की शिक्षा या डिग्री का मोहताज नहीं है। इसके बावजूद हमारे देश के कई ऐसे नेता, भले ही आजकल के दौर के हों या पहले के, उनकी शिक्षा का स्तर काफ़ी अच्छा रहा। ऐसे नेता भीड़ में अलग ही दिखाई देते हैं। सामंती राज्य काल में राजा से यह उम्मीद नहीं होती थी कि वह जनता के बीच दिखाई दे। उस समय यदि राजा को जनता के बीच जाना होता था तो ऐसा वो भेष बदलकर करता था। परंतु लोकतंत्र में ऐसा नहीं है। आजकल के शासकों का जनता के बीच दिखाई देना अनिवार्य है। परंतु कुछ नेताओं ने सुरक्षा के बहाने ख़ुद को जनता से अलग कर लिया है। वो केवल चुनावों के नज़दीक ही जनता के पास जाते हैं। अगर जनता उनसे खुश होती है तो जयकारे लगाती है वरना उन्हें जनता के ग़ुस्से का सामना करना पड़ता है।

# दूध की धार पर जहर की मार



डॉ. शंकर सुवन सिंह

दूध पौष्टिकता का प्रतीक है। दूध देवताओं को प्रिय है। दूध अमृत है। दूध शाकाहारियों के लिए प्राथमिक प्रोटीन का स्रोत है। दूध विटामिन डी का एक दुर्लभ खाद्य स्रोत भी है। पुराणों में दूध की तुलना अमृत से की गई है, जो शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाने के साथ-साथ कई सारी बीमारियों से बचाता है। अथर्ववेद में लिखा है कि दूध एक सम्पूर्ण भोज्य पदार्थ है। इसमें मनुष्य शरीर के लिए आवश्यक वे सभी तत्व हैं जिनकी हमारे शरीर को आवश्यकता होती है। दूध की शुद्धता अच्छे स्वास्थ्य की निशानी है। विश्व में भारत दुग्ध उत्पादन में अग्रणी देश है। भारत को सदियों से दूध दही का देश कहा जाता रहा है। पंजाब और हरियाणा दुग्ध उत्पादन में हमेशा आगे रहे हैं। एक प्रचलित कहावत है कि जहां दूध दही का खाना वो है हमारा हरियाणा। अब खपत को पूरा करने के लिए इसी दूध में जहर को घोला जा रहा है। मिलावटी दूध हमारे स्वास्थ्य और जीवन को नरक में धकेल रहा है। दूध में मिलावट का सबसे बड़ा कारण देश में दूध की धार का सूखना है। देश में सबसे ज्यादा डेयरियां हैं फिर भी अब दूध की कमी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद में कुल 671.919 टन दुग्ध का उत्पादन हुआ था। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में वर्ष 2022 में दूध का अनुमानित उत्पादन 800 टन ( 7 लाख 76 हज़ार 699 लीटर) के आस पास है। वर्ष 2022 में प्रयागराज की अनुमानित जनसँख्या लगभग 69 लाख है। जबकि दूध की प्रतिव्यक्ति खपत लगभग 500 मिलीलीटर है। कहने का तात्पर्य 7 लाख लीटर दूध 14 लाख की जनसंख्या की खपत को ही पूरा कर सकता है न की 69 लाख की जनसँख्या की खपत को पूरा करेगा। प्रयागराज शहर में दुग्ध उत्पादन से खपत 5 गुना ज्यादा है। ये खपत कैसे पूरी हो रही है इसकी जांच होनी चाहिए। जाहिर है कि ये खपत दूध की धार में सफ़ेद जहर मिलाकर पूरी की जा रही है। भारत में दूध का उत्पादन 20 करोड़ लीटर लेकिन खपत 70 करोड़ लीटर है। इससे साबित होता है की दूध में मिलावट बड़े पैमाने पर हो रही है। देश में मिलावटी दूध से खपत को पूरा किया जा रहा है। दक्षिणी राज्यों के मुकाबले उत्तरी राज्यों में दूध में मिलावट के ज्यादा मामले सामने आए हैं। हद तो तब हो गई जब भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ एस एस ए आई) ने दुग्ध उद्योगों को मेलामाइन मिलाने की अनुमति दे दी। जिसके अनुसार सूखे दूध का इन्फेंट फार्मूला (शिशु दूध) बनाने वाली कोई भी कंपनी 1 किलोग्राम सूखे दूध में 1 मिली ग्राम मेलामाइन मिला सकती है। लिक्विड इन्फेंट फार्मूला जैसे कि लिक्विड मिल्क (तरल दूध) में यह 0.15 मिली ग्राम/ लीटर और अन्य खाद्य पदार्थो में 2.5 मिली ग्राम/किलोग्राम के हिसाब से मेलामाइन नाम का जहर मिलाने की खुली छूट है। मेलामाइन एक कार्बन आधारित रसायन होता है, जिसे दूध और डेयरी उत्पादों में मिलावट करने के लिये प्रयोग किया जाता है। उल्लेखनीय है कि दूध और डेयरी उत्पादों में मेलामाइन की मिलावट करने से गुर्दे संबंधी बीमारियाँ हो सकती हैं और गुर्दा पूर्णतः खराब भी हो सकता है। कई बार दूध के व्यापारी दूध की मात्रा को बढ़ाने के उद्देश्य से उसमें पानी मिला देते हैं, जिससे दूध में प्रोटीन की मात्रा काफी कम हो जाती है। इस प्रोटीन की मात्रा को संतुलित करने के लिये दूध व्यापारियों द्वारा दूध में मेलामाइन मिलाया जाता है। व्यापक तौर पर मेलामाइन का प्रयोग प्लास्टिक, गोंद, काउंटरटॉप्स और व्हाइटबोर्ड आदि बनाने के लिये किया किया जाता है। अभी हाल की घटना है एक व्यक्ति ने अमूल के पैकेट वाले दूध को उबालने के बाद प्लास्टिक के रूप में मलाई को पाया। ये मेलामाइन ही है। केंद्र सरकार को मेलामाइन पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए। अतएव हम कह सकते हैं कि दूध अब जहर बनता जा रहा है। लोग भौतिकता में इतना बह गए हैं कि अमृत को भी जहर बना डाला है। दूध में मिलावट को लेकर कुछ साल पहले देश में एक सर्वे हुआ था। इसमें पाया गया कि दूध को पैक करते वक्त सफाई और स्वच्छता दोनों से खिलवाड़ किया जाता है। दूध में डिटर्जेंट की सीधे तौर पर मिलावट पाई गई। यह मिलावट सीधे तौर पर लोगों की सेहत के लिए खतरा साबित हुई। इसके चलते उपभोक्ताओं के शारीरिक अंग काम करना बंद कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दूध में मिलावट के खिलाफ भारत सरकार के लिए एडवायजरी जारी की थी और कहा था कि अगर दूध और दूध से बने प्रोडक्ट में मिलावट पर लगाम नहीं लगाई गई तो देश की करीब 87 फीसदी आबादी 2025 तक कैंसर जैसी खतरनाक और जानलेवा बीमारी का शिकार हो सकती है।

# ईरान में हिजाब पर जन आक्रोश



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

ईरान में हिजाब के मामले ने जबरदस्त तूल पकड़ लिया है। पिछले दो माह में 400 लोग मारे गए हैं, जिनमें 58 बच्चे भी हैं। ईरान के गांव-गांव और शहर-शहर में आजकल वैसे ही हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, जैसे कि अब से लगभग 50 साल पहले शंहशाहे-ईरान के खिलाफ होते थे। इसके कारण तो कई हैं लेकिन यह मामला इसलिए भड़क उठा है कि 16 सितंबर को एक मासा अमीनी नामक युवती की जेल में मौत हो गई। उसे कुछ दिन पहले गिरफ्तार कर लिया गया था और जेल में उसकी बुरी तरह से पिटाई हुई थी। उसका दोष सिर्फ इतना था कि उसने हिजाब नहीं पहन रखा था। हिजाब नहीं पहनने के कारण पहले भी कई ईरानी स्त्रियों को बेइज्जती और सजा भुगतनी पड़ी है। कई युवतियों ने तो टीवी चैनलों पर माफी मांग कर अपनी जान बचाई। यह जन आक्रोश तीव्रतर रूप धारण करता जा रहा है। अब लोग न तो आयतुल्लाहों के फरमानों को मान रहे हैं और न ही राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के धमकियों की परवाह कर रहे हैं। ईरानी फौज के प्रमुख मेजर जनरल हुसैन सलामी ने पिछले दिनों एक बयान में कहा है कि यह जन आक्रोश स्वाभाविक नहीं है। ईरान की जनता पक्की इस्लामी है। वह हिजाब को बेहद जरूरी मानती है लेकिन अमेरिका, सऊदी अरब, यू.ए.ई. और इजरायल जैसे ईरान-विरोधी देशों ने ईरानी जनता को भड़का दिया है। लेकिन असलियत तो यह है कि ईरान में इस्लामी राज्य शुद्ध डंडे के जोर पर चल रहा है। 80 प्रतिशत से भी ज्यादा जनता वहां हिजाब के विरुद्ध है। पिछले 50-55 साल में मुझे ईरान में कई बार रहकर पढ़ने और पढ़ाने का मौका मिला है। शहंशाह के जमाने में ईरान की महिलाएं अपनी वेशभूषा और व्यवहार में यूरोपीय महिलाओं से भी अधिक आधुनिक लगती थीं लेकिन ईरान के दर्जनों गांवों में मैं तब भी हिजाब, नकाब और बुर्काधारी महिलाओं को जरूर देखता था। जब से आयतुल्लाह खुमैनी का शासन (1979) ईरान में आया है, ईरानी महिलाओं का दम घुट रहा है। पहले भी दो बार इस तथाकथित इस्लामी शासन के खिलाफ बगावत का माहौल बना था लेकिन अमीनी का यह मामला इतना तूल पकड़ लेगा, इसका किसी को अंदाज भी नहीं था। दो दिन फुटबाल के विश्व कप टूर्नामेंट में ईरान की टीम ने अपने राष्ट्रगीत को गाने से भी मना कर दिया था। ईरानी लोग अपनी इस टीम को राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक मानते हैं। हिजाब के विरोध ने आर्थिक कठिनाइयों में फंसे ईरान के कोढ़ में खाज का काम किया है। इस्लामपरस्त लोग भी खुले-आम कह रहे हैं कि कुरान शरीफ में कहीं भी हिजाब को औरतों के लिए अनिवार्य नहीं बताया गया है।

# घर में रखें ये चीजें, मां लक्ष्मी की कृपा से नहीं रहेगी धन संपदा की कमी



हिंदू धर्म में माता लक्ष्मी को धन वैभव और सुख समृद्धि की देवी माना जाता है इनकी पूजा करने से जीवन में धन दौलत की कोई कमी नहीं रहती है इसलिए हर भक्त देवी मां लख्मी को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहता है शास्त्रों में माता लक्ष्मी को चंचल स्वभाव का बताया गया है इसलिए ये एक स्थान पर वास नहीं करती है

अगर आप भी लक्ष्मी कृपा व घर में धन की देवी का वास चाहते हैं तो ज्योतिषशास्त्र में बताएं गए कुछ उपायों को आप कर सकते हैं शास्त्रों में कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताया गया है जिन्हें घर में रखने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होकर घर में स्थाई निवास करती है जिससे धन संपदा की कमी नहीं रहती है तो आज हम आपको इन्हीं उपायों के बारे में बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

**घर में रखें मां लक्ष्मी से जुड़े चीज़े—**

हिंदू धर्म और शास्त्रों में शंख को बेहद ही शुभ और पवित्र बताया गया है मान्यता है कि जिस घर में शंख होता है वहां माता लक्ष्मी का वास होता है साथ ही साथ माता लक्ष्मी की पूजा में शंख का प्रयोग करने से देवी मां प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाती है धार्मिक तौर पर तुलसी को बेहद पवित्र और पूजनीय माना गया है इसकी नियमित पूजा करने से लक्ष्मी प्रसन्न हो जाती है क्योंकि तुलसी में माता लक्ष्मी का ही वास होता है ऐसे में घर पर तुलसी का पौधा लगाने से श्री हरि विष्णु और देवी लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है वैसे तो झाड़ू का इस्तेमाल घर की साफ सफाई के लिए किया जाता है लेकिन शास्त्र अनुसार झाड़ू में माता लक्ष्मी का वास होता है इसे लक्ष्मी का रूप भी माना जाता है जो लोग झाड़ू को सही ढंग से रखते हैं और इसका उचित उपयोग करते हैं उन पर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा बनी रहती है। घर के मुख्य द्वार पर लक्ष्मी जी के चरण चिह्न लगाने से घर परिवार में सुख समृद्धि का वास होता है ऐसे घरों में धन की देवी का आगमन होता है लेकिन अगर आप घर के मुख्य द्वार पर लक्ष्मी चरण चिह्न लगाते हैं तो मुख्य द्वार पर किसी भी तरह की गंदगी नहीं होनी चाहिए इसकी रोजाना साफ सफाई करें ओर संध्या के समय घी का दीपक जलाएं। ऐसा करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती है और अपनी कृपा बरसाती है।

# अगहन के शुक्ल पक्ष की दूसरी तिथि पर प्रकट हुए थे पितर

**आज दिन श्राद्ध करने से एक साल तक तृप्त हो जाते हैं पितृ**



लक्ष्मी नारायण संहिता के मुताबिक अगहन महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को पितरों की उत्पत्ति हुई थी। नारद पुराण का कहना है कि इस तिथि पर श्राद्ध के साथ पितरों की पूजा करने से आरोग्य और समृद्धि मिलती है। ये तिथि इस बार 25 नवंबर, शुक्रवार को रहेगी। इस दिन तीर्थ या पवित्र नदियों के पानी से नहाकर पितरों की पूजा करने का विधान है। पुराणों का कहना है कि भगवान विष्णु की पूजा करने से पितरों का संतुष्टि मिलती है। इसलिए इस तिथि पर श्रीकृष्ण और विष्णु पूजा करने का भी महत्व है।

**ऐसे करें पितरों के लिए विशेष पूजा**

चांदी या तांबे के लोटे में पानी, दूध, जौ, तिल, चावल और सफेद फूल मिलाएं। इस पानी को हथेली में लेकर अंगूठे की तरफ से पितरों के लिए किसी बर्तन में छोड़ें। ऐसा करते हुए पितृ देवताभ्यो नमः मंत्र बोलते जाएं। ऐसा पांच या ग्यारह बार करें। उसके बाद ये जल पीपल में चढ़ा दें। मार्गशीर्ष अमावस्या के दिन संभव हो तो व्रत रखें और क्षमता अनुसार, जरूरतमंदों में अन्न, वस्त्र आदि का दान करें। सुबह जल्दी तांबे के लोटे में पानी, दूध, अक्षत, जौ और तिल मिलाकर पीपल में चढ़ाएं और घी का दीपक लगाएं। इसके बाद पीपल की परिक्रमा करने से पितरों को संतुष्टि मिलती है।

मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा और व्रत करने से सभी कामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके साथ ही इस दिन भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने से परेशानियों से मुक्ति मिलती है।

**पितरों के लिए दान**

अगहन महीने की द्वितीया पर जरूरतमंद लोगों को चावल, घी, शक्कर, गुड़ और तिल का दान देने का विधान है। साथ ही गरम कपड़े और जूते-चप्पल भी देने चाहिए। इस दिन गाय, कुत्ते और कौवे को खीर-पुड़ी खिलानी चाहिए। साथ ही किसी ब्राह्मण को पेटभर खाना खिलाने से पितरों का संतुष्टि मिलती है।

# किस्मत वाले पुरुषों को मिलती हैं ऐसी भाग्यशाली पत्नियां



हर किसी के जीवन में शादी विवाह महत्वपूर्ण माना जाता है वही अभी शादियों का सीजन शुरु हो चुका है कई ऐसे लोग है जो विवह के पवित्र बंधन में बधने जा रहे हैं तो कुछ लोगों ने अपने लिए जीवनसाथी की तलाश कर ली है तो कुछ सुंदर और सुशील कन्या की तलाश में लगे हुए है जिससे विवाह के बाद उनका जीवन सुधर जाए। हिंदू धर्म में विवाह से पहले लड़के और लड़की का कुंडली मिलन किया जाता है अगर सभी गुण सामान्य हो या फिर कुंडली अच्छे से मिल जाए तो माना जाता है कि इनका वैवाहिक जीवन सुखद हो जाएगा।

अधिकतर पुरुषों की इच्छा होती है कि जिस भी कन्या से उसका विवाह हो वह बहुत भाग्यशाली हो। यानी कि विवाह के बाद उस व्यक्ति की किस्मत बदल जाए अगर आप भी ऐसी ही लड़की की तलाश कर रहे हैं तो आपको बता दें कि सामुद्रिक शास्त्र में भाग्यशाली महिलाओं के शरीर पर कुछ ऐसे शुभ चिह्न होते हैं जो पुरुषों के लिए लकी माने जाते हैं अगर ऐसी लड़की से विवाह होता है तो केवल लड़के का ही नहीं बल्कि पूरे परिवार की किस्मत चमक जाती है तो आज हम इसी के बारे में बात कर रहे हैं तो आइए जानते हैं।

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार जिन महिलाओं के दांत सुंदर, चमकीले, सफेद और आगे की ओर निकले हुए हों, ऐसी महिलाएं बहुत ही भाग्यशाली होती है ये जीवन में राजशाही जीवन जीती है वहीं अगर हंसते वक्त किसी मलिा के दांत न दिखाई दें और गाल फूल जाए व आंखें बंद न हो तो यह भी बहुत ही शुभ लक्षण माना जाता है। जिन महिलाओं की गर्दन चार अंगुली के जितनी लंबी हो और उसमें तीन रेखाएं दिखाई दें। तो ऐसी महिला भाग्यशाली होती है ये बहुत धनवान होती है वहीं सुंदर और गोल आकार वाले गले की महिला भी शुभ मानी जाती है

वही किसी महिला की ठोड़ी नीचे वाले होंठ के नीचे तक जाए ऐसी महिलाओं को किस्मत का धनी माना जाता है गोल और कोमल ठोडी वली कन्याएं शुभ परिणाम देने वाली मानी जाती है। जिन लड़कियों की जीभ लंबी, पतली और तांबे की तरह लाल हो। ऐसी महिला से विवाह करने वाला पुरुष जीवनभर खुशहाल रहता है ऐसी महिलाएं घर में बरकत लाने वाली मानी जाती है।

# महावीर स्वामी से सीखें बुराइयों से कैसे बचें

**बुरी आदतों को तुरंत छोड़ देना चाहिए, वर्ना गलत काम हमारा जीवन बर्बाद कर देंगे**



बुरी आदतें समय रहते न छोड़ी जाएं तो हमारा जीवन बर्बाद हो सकता है। जिस तरह एक छोटा सा छेद कमंडल को पानी में डूबो देता है, ठीक उसी तरह एक छोटी सी बुराई हमारे पतन का कारण बन सकती है। महावीर स्वामी ने अपने शिष्यों को बुराइयों से बचने का तरीका बताया था।

एक दिन कुछ शिष्यों ने महावीर स्वामी से पूछा कि किसी भी व्यक्ति का पतन किस वजह से हो सकता है? कृपया आप बताइए इसके प्रमुख कारण क्या हैं?

महावीर स्वामी ने शिष्यों की बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उन्होंने कहा कि इंसान के पतन का मुख्य कारण उसकी बुराइयां यानी बुरी आदतें हैं। स्वामी जी ने अपनी बात समझाने के लिए अपना कमंडल शिष्यों को दिया और कहा कि इसे पानी में फेंक दो।

शिष्यों ने कमंडल को पानी में फेंक दिया। वह तैर रहा था, पानी में डूबा नहीं।

इसके बाद स्वामी जी बोले कि अब आप सभी बताइए अगर इस कमंडल में एक छोटा छेद कर दिया जाए तो क्या होगा?

शिष्यों ने जवाब दिया कि छेद करने के बाद ये कमंडल पानी में डूब जाएगा।

स्वामी जी बोले कि आप सभी ने बिल्कुल सही कहा ये कमंडल छेद की वजह से पानी में डूब जाएगा। ठीक यही बात हम पर भी लागू होती है। किसी इंसान का पतन होने के लिए बुराई रूपी एक छेद ही काफी है। हमें लालच, गुस्सा, नशा, कामवासना जैसी बुराइयों से बचना चाहिए। अगर इनमें से कोई एक बुराई भी होगी तो हमारा जीवन बर्बाद हो जाएगा। इन बुराइयों से बचने के लिए हमें धर्म के अनुसार काम करना चाहिए। धैर्य रखें। अपनी चीजों से संतुष्ट रहें। किसी भी महिला को बुरी नजर से न देखें। ध्यान करें। नकारात्ममक विचारों से बचें।

**जीवन प्रबंधन**

महावीर स्वामी जी ने इस किस्से में हमें संदेश दिया है कि हमें सकारात्मकता के साथ रहना चाहिए और बुराइयों से बचना चाहिए। लालच न करें, दूसरों के धन पर बुरी नजर न रखें। छोटी-छोटी बातों पर घर-परिवार में गुस्सा न करें। नशा और कामवासना जैसी बुराइयों को तो तुरंत छोड़ना ही सबसे बेहतर है। किसी व्यक्ति में कई गुण हैं, लेकिन इनमें से कोई एक भी बुराई होगी तो उसका पतन हो सकता है।

# उम्र से सम्मान भले मिल जाए लेकिन आदर सिर्फ व्यवहार से मिलता है

किसी भी महिला को उपहार में देने वाली सबसे कीमती चीज उसका आदर होता है।

दूसरों की भावनाओं का हमेशा आदर करना चाहिए क्योंकि भले ही वह आपके लिए कुछ भी न हो लेकिन दूसरे व्यक्ति के लिए सब कुछ हो सकता है।

जीवन में हमेशा उस व्यक्ति का आदर करना चाहिए, जिसने अपनी व्यस्तता में भी आपके लिए समय निकालकर आपकी मदद की हो।

यह जीवन से जुड़ा संस्कार होता है जो दूसरों के आदर के चलते किसी भी व्यक्ति की बातों को सुन लेता है, वरना जो व्यक्ति सुन सकता है, वो सुना भी सकता है।

आपका आदर उन शब्दों में नहीं है, जो आपकी उपस्थिति में कहे गए बल्कि उन शब्दों में है जो आपकी अनुपस्थिति आपके लिए बोले गए हों।

# कलयुग का ब्रह्मास्त्र है महामृत्युंजय मंत्र का जाप




हिंदू धर्म को मानने वाले अधिकतर लोग शिव के भक्त है इनकी पूजा साधना उत्तम फल प्रदान करती है भगवान भोलेनाथ को सृष्टि का रचनाकार माना जाता है इसे कई अन्य नामों से भी जाना जाता है जिनमें महाकाल, भोलेनाथ, शिव शंकर, महादेव आदि प्रमुख है भक्त भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए कई तरह से पूजा पाठ और उपाय करते हैं मान्यता है कि जिस पर भोलेनाथ की कृपा रहती है उसके सामने मौत भी आने से घबराती है इसलिए शिव को महाकाल कहा जाता है माना जात है कि भक्तों की सभी पीड़ा का हल शिव के पास है लेकिन जब बात शिव की आराधना व पूजा की होती है।

तो कलयुग में सब में यह पाया गया है कि भक्तों के पास समय का अभाव है वह भगवान की पूजा के लिए वक्त नहीं निकाल पाते हैं ऐसे में शिव को प्रसन्न करने का सबसे सरल तरीका मंत्र जाप है भविष्यपुराण में भी इस बात का जिक्र आता है कि कलयुग में बिना मंत्र ध्यान और जाप के मानव सुख की प्राप्ति नहीं कर सकता हैं ऐसे में अगर आप शिव की अपार कृपा चाहते हैं तो महामृत्युंजय मंत्र का नित्य जाप बेहद लाभकारी और महत्वपूर्ण हो जाता है तो आज हम आपको इस मंत्र के बारे में बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

**महामृत्युंजय मंत्र के फायदें—**

वैसे तो शास्त्र और ग्रंथों में महामृत्युंजय मंत्र मंत्र के कई महत्व बताए गए है जैसे कि यह मंत्र मनुष्य की मृत्यु को टालने में प्रबल है अगर किसी जातक की कुंडली में किसी भी तरह की कोई पीड़ा होती है घर परिवार में क्लेश का माहौल रहता है या फिर कार्यों में सफलता नहीं मिल रही है तो ऐसे में महामृत्युंजय मंत्र का जाप लाभकारी साबित होता है।

इसका जप प्रातः 2 से 4 बजे करना उत्तम मान जाता है अगर इस समय जाप नहीं हो पाता है तो सुबह और शाम में स्नान और सभी जरूरी कार्यों को पूर्ण करके कम से कम पांच बार महामृत्युंजय मंत्र मंत्र का जाप माला से कर सकते हैं मगर जाप के समय इस बाद का ध्यान रखें कि जप के दौरान हाथ में रुद्राख की माला जरूर हो। मन किसी भी और कार्य में नहीं लगा होना चाहिए।

# आज के दिन बाल धोने से मिलती है लक्ष्मी कृपा



हिंदू धर्म में माता लक्ष्मी को धन वैभव और सुख समृद्धि की देवी माना जाता है मान्यता है कि इनकी कृपा होने से जीवन की सभी परेशानियां दूर हो जाती है और खुशहाली का आगमन होता है वही ज्योतिष शास्त्र में माता लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए कई उपाय और नियम बताए गए है इनका पालन न करने से माता लक्ष्मी रुष्ट हो जाती है और घर में इनका वास नहीं होता है।

लेकिन जो भक्त नियमों का ध्यान रखता है देवी मां उन पर अपनी कृपा बरसाती है ऐसे में ज्योतिषशास्त्र में महिलाओं के बाल धोने से जुड़े नियम बताए गए है जिनका पालन करने से आर्थिक स्थिति में मजबूती आती है तो आज हम आपको बाल धोने से जुड़े नियम बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

ज्योतिष की मानें तो महिलाओं के बाल धोने के लिए निश्चित दिन बताया गया है मान्यता के अनुसार महिलाअें को शुक्रवार के दिन ही बाल धोना चाहिए शुक्रवार का दिन माता लक्ष्मी को समर्पित होता है इस दिन महिलाएं अपने बाल जरूर धोएं। इस दिन बाल धोने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होकर कृपा करती है और धन वृद्धि होती है वही यह भी कहा जाता है कि अगर आप पुत्र प्राप्ति चाहती है तो ऐसे में शुक्रवार के दिन बाल जरूर धोएं इस दिन बाल कटवना भी अच्छा माना जाता है। शास्त्र अनुसार कुंवारी कन्याओं को बुधवार के दिन भूलकर भी बाल नहीं धोने चाहिए कहा जाता है कि जिन लड़कियों के छोटे भाई होते हैं उन्हें बुधवार के दिन बाल धोने से परहेज करना चाहिए। मान्यता है कि बुध्वार के दिन बाल धोने से कष्टों का सामना करना पड़ता है इस दिन भूलकर भी बाल न धोएं। महिलाओं को गलती से भी पूर्णिमा, एकादशी और अमावस्या के दिन बाल नहीं धोने चाहिए इसे अच्छा नहीं माना जाता है। वही गुरुवार के दिन महिला और पुरुष दोनों को ही बाल धोने से परहेज करना चाहिए वरना आर्थिक समस्याओं का समाना करना पड़ सकता है।

# सामंथा को मिला मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार का खिताब

## आलिया-दीपिका को छोड़ा पीछे, 10 एक्ट्रेसेस में नंबर 1 हैं सामंथा

**साउथ की पॉपुलर** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार का खिताब अपने नाम कर लिया है। दरअसल हाल ही में ऑरमैक्स स्टार्स इंडिया लव की तरफ से मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार्स की लिस्ट जारी गई, जिसमें 10 एक्ट्रेसेस के नाम शामिल थे। इस लिस्ट में सामंथा सबसे टॉप पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण को भी पीछे छोड़ दिया है।

ऑरमैक्स स्टार्स इंडिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी है। इसमें दूसरे नंबर पर आलिया भट्ट, तीसरे पर नयनतारा, चौथे पर काजल अग्रवाल, पांचवें पर दीपिका पादुकोण, छठे पर रश्मिका मंदाना, सातवें पर कटरीना कैफ, आठवें पर अनुष्का शेट्टी, नौवें कृति सुरेश और दसवें पर त्रिशा कृष्णन का नाम शामिल है।

सामंथा रुथ प्रभु की बात करें तो वो आखिरी बार फिल्म 'यशोदा' में नजर आई थीं। इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया। इसके अलावा वो पुष्पा के आइटम सॉन्ग ओ अंटावा में भी दिखाई दे चुकी हैं। इस सॉन्ग को करने के बाद वो रातों-रात स्टार बन गईं। अब मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार की खबर सुनने के बाद फैंस सामंथा को बधाई दे रहे हैं और सोशल मीडिया के जरिए खुशी जाहिर कर रहे हैं।

सामंथा ने कुछ दिन पहले अपनी बीमारी के बारे में खुलासा किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी हॉस्पिटल की फोटो शेयर कर लिखा था, 'कुछ महीनों पहले मुझे मायोसाइटिस नाम की बीमारी हो गई है। मैं आप सभी से काफी पहले ये बात शेयर करना चाहती थी, लेकिन मुझे ये बताने में थोड़ा समय लग गया। अब मुझे धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि हमें हमेशा डट कर खड़े रहने की जरूरत नहीं होती है। कई बार सीरियसली चीजों को स्वीकार कर लेना ही बेहतर होता है।' सामंथा ने आगे लिखा, 'मैं अभी भी इससे जूझ रही हूं। डॉक्टर्स को लगता है कि मैं इससे पूरी तरह से जल्द ठीक हो जाऊंगी।

मेरे जीवन में कई बार अच्छे दिन आए हैं, कई बार बुरे दिन भी। यह फिजिकली भी थे और इमोशनली भी थे। मुझे लगता था कि मैं 1 दिन और नहीं झेल सकती, लेकिन इसके बाद वो मोमेंट चला जाता था। अब मुझे फील होता है कि मैं धीरे-धीरे ठीक होने वाली स्टेज पर हूं। मैं आप सभी से बेहद प्यार करती हूं। ये दिन भी गुजर जाएगा।'



# पॉपुलर एक्टर कमल हासन की तबीयत ठीक नहीं बुखार के साथ-साथ बेचैनी की शिकायत



**पॉपुलर एक्टर कमल हासन** की तबीयत ठीक नहीं है। उन्हें बुधवार (23 नवंबर) रात चेन्नई के श्री रामचंद्र मेडिकल सेंटर में एडमिट कराया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें बुखार था, जिसका उन्हें ट्रीटमेंट दिया गया। हालांकि, अब वो अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं और उनकी हालत में सुधार है। रिपोर्ट्स में ये भी कहा जा रहा है कि कमल को बुखार के साथ-साथ बेचैनी की भी शिकायत थी। डॉक्टर्स ने उन्हें अगले कुछ दिनों तक पूरी तरह आराम करने की सलाह दी है। हालांकि, अभी तक इस पर कमल की तरफ से कोई भी ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है।

### पिछले साल कोरोना की वजह से भी हुए थे एडमिट

कमल हासन को पिछले साल कोरोना हो गया था। जिसके बाद उन्हें चेन्नई के श्री राम चंद्र मेडिकल सेंटर में ही हॉस्पिटलाइज किया गया था। इस बीच उन्होंने हॉस्पिटल से ही बिग बॉस तमिल के 5वें सीजन को होस्ट भी किया था।

फिर जनवरी 2021 में भी कमल को हॉस्पिटलाइज होना पड़ा था। कमल के दाएं पैर की हड्डी में इन्फेक्शन हो गया था। जिसके चलते उसकी सर्जरी करनी पड़ी थी। उन्हें ये संक्रमण कुछ साल पहले लगी एक चोट की वजह से हुआ था।

### आखिरी बार फिल्म विक्रम में नजर आए थे कमल

कमल हासन को आखिरी बार फिल्म 'विक्रम' में देखा गया था, जो 3 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में कमल के साथ विजय सेतुपति, फहाद फासिल और कैमियो रोल में सुपरस्टार सूर्या नजर आ रहे हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की थी। कमल हासन उन एक्टर्स में से एक हैं जो अपनी फिल्मों में खतरनाक स्टंट्स के लिए जाने जते हैं। आपको बता दें कमल हसन के पास शूटिंग में सबसे ज्यादा हड्डियां टूटने का रिकॉर्ड है।



## अनुष्का-विराट ने रेंट पर लिया नया घर:7.50 लाख रुपए दिया सिक्योरिटी अमाउंट, 2.76 लाख रुपए है किराया

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने मुंबई के जुहू में रेंट पर एक नया फ्लैट लिया है, जिसका रेंट हर महीने 2.76 लाख रुपए है। ये सीव्यू फ्लैट हाई राइज बिल्डिंग के चौथे फ्लोर पर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये डील 17 अक्टूबर को ही फाइनल हो गई थी।

### कपल ने दिया है 7.50 लाख रुपए का सिक्योरिटी अमाउंट

रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि ये फ्लैट 1650 स्क्वायर फीट में फैला हुआ है। वहीं उन्होंने इस फ्लैट के लिए 7.50 लाख रुपए सिक्योरिटी अमाउंट जमा किया है। जानकारी के मुताबिक, अनुष्का और विराट का रेंटेड फ्लैट पूर्व क्रिकेटर समरजीत सिंह गायकवाड़ का है।

विराट और अनुष्का ने 3 महीने पहले मुंबई के अलीबाग में 8 एकड़ की प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसमें वो लैविश फार्महाउस बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। ये डील गणेश चतुर्थी के मौके पर फाइनल हुई थी। उन्होंने ये प्रॉपर्टी 19.24 करोड़ में खरीदी थी। इस डील को समीरा हैबिटैट्स नाम की जानी-मानी रियल एस्टेट कंपनी ने कराया था।

### विराट ने 5 साल के लिए लीज पर लिया किशोर कुमार का बंगला

विराट ने कुछ दिन पहले दिवंगत एक्टर-सिंगर किशोर कुमार के मुंबई स्थित जुहू वाले बंगले को 5 साल के लिए लीज पर लिया है। उन्होंने वहां पर एक रेस्टोरेंट खोला है, जिसका नाम 'वन8 कम्यून' है।

### सालाना 200 करोड़ से ज्यादा है विराट की कमाई

विराट की बात करें तो वो दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हैं। मौजूदा समय में विराट 30 से अधिक ब्रांड एंडोर्स कर रहे हैं। ब्रांड, IPL और मैच फीस मिलाकर विराट सालाना 200 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाते हैं। विराट की नेटवर्थ 900 करोड़ से ज्यादा है। इसके अलावा विराट ने कई बिजनेस में भी इन्वेस्ट किया है।

# एक्टर विक्रम गोखले की हालत नाजुक



**अभिनेता विक्रम गोखले** का निधन नहीं हुआ है। अभी उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। बुधवार देर रात यह जानकारी उनकी बेटी ने दी और पिता के निधन की खबरों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि पापा की कंडीशन अभी काफी क्रिटिकल है। डॉक्टर पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी उनकी सलामती के लिए दुआएं करें। दरअसल, बुधवार देर रात विक्रम गोखले के निधन की खबरें आई थीं। इसके बाद, सोशल मीडिया पर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाने लगीं। विक्रम गोखले के करीबी दोस्त और वेटरन एक्टर राजेश दामले ने हेल्थ अपडेट देते हुए कहा, 'विक्रम की हालात बेहद नाजुक है। उनके शरीर के कुछ अंगों ने भी काम करना बंद कर दिया है। वो पिछले 24 घंटों से मौत से जंग लड़ रहे हैं।'

### ऐश्वर्या राय के पिता के रोल में नजर आए

विक्रम गोखले ने संजय लीला भंसाली की फिल्म हम दिल दे चुके सनम में ऐश्वर्या के पिता के रोल में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने भूल भुलैया, दिल से, अग्निपथ, दे दना दन, हिचकी, निकम्मा, और मिशन मंगल जैसी फिल्मों में भी काम किया। विक्रम गोखले मराठी थिएटर, हिन्दी सिनेमा और टेलीविजन में काफी एक्टिव थे। वो फिल्म एक्टर चंद्रकांत गोखले के बेटे हैं। विक्रम गोखले की दादी कमलाबाई गोखले इंडियन सिनेमा की पहली फीमेल चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। टेलीविजन में भी विक्रम गोखले ने एक अलग पहचान बनाई थी। दूरदर्शन पर 1989 से लेकर 1991 के बीच आने वाले फेमस शो 'उड़ान' का वो हिस्सा थे।

### 97 फिल्मों और थिएटर प्ले में काम किया

विक्रम गोखले ने 97 फिल्मों और थिएटर प्ले में काम किया। उन्होंने 70 मराठी फिल्मों में भी काम किया था। वे आखिरी बार 2022 में आई फिल्म निकम्मा में दिखाई दिए थे। इसके अलावा वो अपकमिंग वेब सीरीज अम्बेडकर- द लीजेंड में नजर आने वाले हैं। 2011 में विक्रम गोखले को थिएटर में काम करने के लिए संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 2013 में उन्हें मराठी फिल्म अनुमति के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड से भी नवाजा गया था।

# जब वायरल हुईं सितारों की शादी की फर्जी तस्वीरें, भौचक्के रह गए थे फैंस



शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड भी इससे अछूता नहीं हैं, वहां भी शादियों का सिलसिला चल रहा है। हंसिका मोटवानी की शादी होने वाली है तो वहीं साउथ के स्टार नागा शौर्य ने शादी कर ली है। वहीं बॉलीवुड में ऐसे कई सितारे हैं, जिनकी शादी का सभी को बेसब्री से इंतजार है। कई बार तो इन सितारों की शादियों की फेक फोटोज भी वायरल हो चुकी हैं, जिन्हें देखने के बाद फैंस चौंक गए थे। तो चलिए आज हम आपको ऐसे ही सितारों के बारे में बताते हैं।

### रश्मिका मंदाना- विजय देवरकोंडा

हाल ही में रश्मिका और विजय देवरकोंडा की शादी की तस्वीरें वायरल हो रही थीं। तस्वीरों को देखकर लग रहा था कि वाकई दोनों ने शादी कर ली है। फोटोज में विजय ने व्हाइट कलर की शेरवानी पहनी है तो रश्मिका मंदाना ने क्रीम कलर लहंगा पहना हुआ है। हालांकि ये तस्वीरें फेक थीं। खबरें हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

### सलमान खान-सोनाक्षी सिन्हा

कुछ दिनों पहले सलमान खान और सोनाक्षी सिन्हा की शादी की फेक तस्वीरें वायरल हुई थीं। इन तस्वीरों में सोनाक्षी ने अपनी मांग में सिंदूर लगा रखा था। वहीं सलमान अभिनेत्री को अंगूठी पहनाते नजर आ रहे थे।

### आमिर खान-फातिमा सना शेख



आमिर खान और फातिमा सना शेख फिल्म दंगल में एकसाथ नजर आए थे। इस फिल्म में फातिमा उनकी बेटी के रोल में थीं। फातिमा और आमिर खान की एक फोटो खूब वायरल हुई थी, जिसमें वह आमिर खान के बगल में सिंदूर लगाकर खड़ी हुई हैं। हालांकि, ये फोटो फेक थी। दरअसल, किसी ने आमिर खान के साथ खड़ी किरण राव की चेहरे पर फातिमा सना शेख का चेहरा लगा दिया था।

### करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश

टीवी के स्टार करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश एक दूसरे को काफी समय से डेट रहे हैं और अक्सर साथ में नजर आते हैं। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की शादी का फेक फोटो वायरल हुआ था। इस तस्वीर में दोनों शादी के मंडप में बैठे दिखाई दे रहे हैं।



# क्या सफलता पाने के लिए शैतान की पूजा करती हैं प्रियंका चोपड़ा?

**बॉलीवुड** की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब हॉलीवुड में भी अपना कमाल दिखा रही हैं। अभिनेत्री ग्लोबल स्टार बन गई हैं, जिसके लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की। लेकिन कुछ लोगों को लगता है कि प्रियंका की सफलता के पीछे कोई शैतानी ताकत है और वह शैतान की पूजा करती हैं। वहीं, अब अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू के दौरान इस बारे में बात की और बताया कि क्या वह सच में ऐसा करती हैं।

दरअसल, प्रियंका चोपड़ा से पूछा गया कि क्या वह शैतान की पूजा करती हैं? इस सवाल को सुनते हैं प्रियंका हंसने लगीं और कहा, 'यह बहुत डरावना है। शिव जी मुझसे नाराज हो जाएंगे।' इसके बाद अभिनेत्री ने अपनी सक्सेस पर खुलकर बात की और कहा कि मिस वर्ल्ड का टाइटल जीतने के बाद उन्हें फिल्मों में काम करने का मौका मिला था।

उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि इससे मुझे क्या उपलब्धि मिली। अचानक से लोग मुझे जानने और पहचानने लगे थे। मुझे ये भी नहीं पता था कि फिल्मों को साइन कैसे करते हैं।' इसके बाद अभिनेत्री ने अपने माता-पिता को भी अपनी सफलता का श्रेय दिया। प्रियंका ने कहा, 'उन्होंने मेरे सपने पूरे करने में मेरी पूरी मदद की। इतना ही नहीं मेरे पिता ने अपनी प्रैक्टिस भी छोड़ दी थी। उन्होंने हर उतार-चढ़ाव में मेरा साथ दिया।'

बता दें कि प्रियंका चोपड़ा ने 2018 में निक जोनस से शादी की थी। वहीं, इस साल की शुरुआत में वह सरोगेसी के जरिए एक बेटी की मां बनी हैं। प्रियंका अक्सर अपनी बेटी की झलक फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। वहीं, वह कटरीना कैफ और आलिया भट्ट के साथ 'जी ले जरा' में नजर आने वाली हैं। आखिरी बार वह 'द स्काई इज पिंक' में दिखाई दी थी।



## बेटी का चेहरा छिपाने पर ट्रोल हुईं श्रिया सरन, बोलीं- उनका काम है लिखना और मेरा इग्नोर करना



पैन इंडिया स्टार श्रिया सरन इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक तरफ, अभिनेत्री की पति को लिपलॉक करते हुए तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वहीं, दूसरी तरफ, श्रिया सरन की फिल्म 'दृश्यम 2' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इसी बीच, अभिनेत्री ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर चौंका देने वाला खुलासा किया है। इतना ही नहीं, अभिनेत्री ने कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान और काजोल देवगन की तारीफ भी की।

प्रमोशनल इवेंट के दौरान श्रिया सरन ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर अपनी बेटी का चेहरा न दिखाने की वजह से ट्रोल किया गया था। उन्होंने कहा कि बेटी की प्राइवेसी मेंटेन करने पर मुझे कई सारे नेगेटिव कमेंट्स मिलते थे। लेकिन, मैंने कभी भी इस सब बातों पर ध्यान नहीं दिया। मैं अपनी निजी जिंदगी की बातें अपने तक ही रखना पसंद करती हूं और मैं ट्रोल्स के डर से खुदको बदल नहीं सकती।

अभिनेत्री ने बताया कि शादी के बाद जब वे मां बनने वाली थीं तब उन्होंने इसकी सूचना किसी को नहीं दी थी। जब उनकी बेटी राधा का जन्म हुआ तब भी इस बात की जानकारी केवल उनके करीबी दोस्तों और परिवार के लोगों को ही थी। इसके बाद जब सभी बातें सार्वजनिक हुईं तब वे इस बात का ख्याल रखती थीं कि मीडिया में उनकी बेटी का चेहरा न आए। वे आज भी अपनी बेटी का चेहरा पब्लिक नहीं करती हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वे अपनी सभी बातों को मीडिया में साझा करने को लेकर कंफर्टेबल महसूस नहीं करती हैं।

### ट्रोल होने पर नहीं पड़ता फर्क

श्रिया सरन ने कहा कि जब मुझे नेगेटिव कमेंट्स मिलते हैं तब मैं उन्हें अनदेखा कर देती हूं और आगे बढ़ जाती हूं। ट्रोलर्स का काम है लिखना और मेरा काम है इग्नोर करना। मैं बस अपना काम करती हूं, जो मुझे पसंद है। मैं नेगेटिव कमेंट्स पर अपनी प्रतिक्रिया भी नहीं देती हूं।

# ऋचा चड्ढा के गलवाल सेस हाई ट्वीट विवाद पर माफी मांगी

दरअसल, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 22 नवंबर को कहा था कि सरकार आदेश दे तो हम पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने के लिए तैयार हैं। इस ट्वीट को टैग करते हुए ऋचा ने बुधवार ट्वीट किया था- हाई गलवान। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें फटकारा कि वह आर्मी का मजाक उड़ा रही हैं। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी इस ट्वीट को शर्मनाक बताया। ट्रोलिंग के बाद ऋचा ने इस ट्वीट को डिलीट कर दिया और माफी भी मांग ली है।

### सबसे पहले देखिए वो ट्वीट, जिससे विवाद शुरू हुआ... सोशल मीडिया यूजर्स का गुस्सा भड़का...

ऋचा के इस पोस्ट को देखने के बाद यूजर्स उन्हें ट्रोल करने लगे और कहने लगे कि भारतीय सेना ने गलवान घाटी में चीनी सेना से बहादुरी से लड़ाई लड़ी थी, ऋचा ने न सिर्फ उनकी बहादुरी का बल्कि देश की सेना का भी अपमान किया है। एक यूजर ने लिखा, 'गलवान घाटी में हमारे सैनिकों के बलिदान का मजाक उड़ा रहा है। शेमफुल और डिसग्रेसफुल।' वहीं दूसरे ने लिखा, 'सैनिकों का मजाक उड़ाना सही नहीं है।' मनजिंदर सिंह ने लिखा, 'ऋचा चड्ढा जैसी थर्ड ग्रेड बॉलीवुड एक्ट्रेस पब्लिसिटी स्टंट के लिये भारतीय सेना का अपमान कर रही हैं। उनके इस ट्वीट में भारत विरोधी सोच साफ नजर आती है। मैं मुंबई पुलिस से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करता हूं।'

### ऋचा ने मांगी माफी



ऋचा ने सोशल मीडिया के जरिए माफी मांगते हुए लिखा, मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। ऋचा ने अपने माफीनामा में लिखा, 'इस ट्वीट से मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था। मेरे तीन शब्दों को विवाद में घसीटा गया है। अगर अनजाने में भी मेरे शब्दों ने किसी की भावनाओं को ट्रिगर किया तो मैं उसके लिए माफी मांगती हूं। मेरे नाना जी खुद फौज में थे और लेफ्टिनेंट कर्नल की पोस्ट पर थे। 1960 में भारत-चीन की लड़ाई में उनके पैर में गोली लगी थी। मेरे मामा जी भी पैराट्रूपर थे। ये मेरे खून में है। अगर सेना में कोई शहीद होता है तो उससे पूरी फैमिली अफेक्ट होती है। यहां तक कि अगर कोई सेना में घायल होता है तो भी दर्दनाक होता है। ये मेरे लिए एक भावनात्मक मुद्दा है।'



## 'मैं किसी ऐसे शख्स से शादी करूंगी, जो मेरी मां के साथ रह सके' : सारा अली खान

**बॉलीवुड एक्ट्रेस** सारा अली खान कई मौकों पर अपनी मां अमृता सिंह की तारीफ करते नजर आई हैं। सारा अली खान ने कई मौकों पर ये भी कहा कि सिंगल मदर के साथ बड़ा होना उनके लिए बहुत मुश्किल भरा है। सारा अली खान ने एक बार फिर अपनी जिंदगी में, अपनी मां की अहमियत पर बात की है। सारा अली खान ने यह भी कहा है कि वह एक ऐसे ही लड़के से शादी करेंगी, जो उनकी मां के साथ भी रहने को तैयार हो

**सारा ने कहा- मैं अपनी मां से कभी दूर नहीं रह पाऊंगी**

सारा अली खान ने एक इंटरव्यू में कहा, "मैं अपनी मां पर इतनी अधिक निर्भर हूं कि मैं उनसे दूर नहीं रह पाऊंगी।" सारा ने बिना पिता के बड़े होने पर कहा कि वह समय से पहले ही बड़ी और समझदार हो गई हैं। जिसका उन्होंने पूरा श्रेय अपनी मां को दिया है। सारा ने कहा, "मैं तेजी से बड़ी हुई हूं और जीवन में बहुत कुछ देखा है। शायद उन्होंने मुझे थोड़ी तेजी से बढ़ने में मदद की है। आज के दिन सिंगल मदर के साथ रहना आपको जरूरत से थोड़ा ज्यादा सख्त और कठिन बना देता है। आप ला ला लैंड में बहुत लंबे समय तक नहीं रहते हैं। आप दुनिया को देखते हैं कि यह क्या है।

**'मैं बिना मां की मदद के ड्रेस भी सेलेक्ट नहीं करती हूं'**

फिल्म अतरंगी रे में सारा का कैरेक्टर एक ऐसी लड़की का है, जो उस आदमी के साथ भाग गई है जिसे वह प्यार करती है? सारा से पूछा गया कि क्या वह कभी असल जिंदगी में ऐसा कर सकती हैं? तो सारा ने कहा, "मैं अपनी मां की मदद के बिना अपनी चूड़ियां और आउटफिट का भी चुनाव नहीं करती हूं। जब तक मेरी मां मुझे देखकर ओके नहीं करती हैं, मैं इंटरव्यू देने के लिए नहीं निकलती हूं। जब मैं यहां इंटरव्यू के लिए आ रही थी तो मां ने मुझे कहा कि मैं थोड़ी सी हरे रंगे की चूड़ियां भी पहन लूं, क्योंकि मेरे दुपट्टे के एक कोने में हरा रंग भी है।"

सारा ने आगे कहा, मेरी औकात नहीं है, मम्मी से दूर भगने की। मैं कहीं भी भाग जाऊं, घर तो वही जाना है, रोज। मैं जहां भी भागती हूं, वह घर है जहां मुझे हर दिन लौट कर जाना अच्छा लगता है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने कभी बगावत करने की इच्छा महसूस की है? सारा ने कहा, "बिल्कुल नहीं। मैं किसी ऐसे व्यक्ति से शादी भी करूंगी, जो मेरे और मेरी मां के साथ रह सके। मैं उसे कभी नहीं छोड़ने वाली हूं। मजाक के अलावा, मेरी मां बहुत उदार महिला हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में वह मेरी तीसरी आंख है। वह मेरे लिए एक आवाज की तरह हैं, इसलिए, नहीं, मैं कभी नहीं भागने वाली हूं।"



## मुझे नहीं पता था कौन सा रास्ता चुनना है... पहली फिल्म की सफलता के बाद कन्फ्यूज हो गई थीं यामी गौतम



अभिनेत्री यामी गौतम ने छोटे पर्दे से लेकर हिंदी सिनेमा तक में अपनी पहचान बनाई है। आज शोबिज की दुनिया में वह जाना-माना चेहरा है। हालांकि हर कलाकार की तरह यामी गौतम को भी सफलता के लिए संघर्ष का सामना करना पड़ा। अब एक्ट्रेस ने एक साक्षात्कार के दौरान बातचीत में अभिनय की दुनिया में जर्नी और पहली फिल्म की सफलता के बाद की अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

बात करें करियर की तो डेली सोप 'चांद के पार चलो' में लीड रोल से अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने कई विज्ञापनों और अन्य सीरियल्स में काम करने के बाद बड़े पर्दे की ओर रुख किया और साल 2012 में आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म 'विक्की डोनर' से बॉलीवुड में कदम रखा। इसके बाद वह 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक', बाला और थर्सडे जैसी कई फिल्मों में अपने अभिनय से सराही जा चुकी हैं। यामी गौतम ने कहा, मेरी जर्नी अभी जारी है...मैंने बहुत उतार चढ़ाव का सामना किया है लेकिन आखिर में यह सब इसके लायक था...। इसके आगे अभिनेत्री ने अपनी पहली फिल्म की सफलता को याद करते हुए कहा, मेरी पहली फिल्म की सफलता के बाद मैंने खुद को खोया हुआ महसूस किया, मुझे नहीं पता था कि आगे कौन सा रास्ता चुनना है, मैं उस वक्त मिलने वाले अवसरों से कनेक्ट करने में सक्षम नहीं थी। यामी कहती हैं कि उस वक्त मेरे दिमाग में ये घूमता रहता था कि क्या मैं बिना काम के रहूं या मैं इन अवसरों को फायदा उठाऊं या फिर कोशिश करती रहूं...इस तरह से मुझे खुद समझने और सही दिशा देने में थोड़ा समय लगा। मुझे यह समझने के लिए खुद को फिर से खोजना पड़ा कि यहां आने और अपने होम टाउन को छोड़ने का मेरा उद्देश्य क्या है।₹ बात करें यामी गौतम के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की तो उनके हाथ में फिल्म 'लॉस्ट है' जिसे 53वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था।

## ट्रांसपेरेंट ड्रेस में मोनोकिनी पहन शेफाली जरीवाला ने दिया बोल्ड पोज, फैंस के दिल की बढ़ी धड़कनें



कांटा लगा गाने से फेमस हुई शेफाली जरीवाला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी लेटेस्ट फोटो पोस्ट की हैं। फोटोशूट की 4 तस्वीरें में उनकी पहली तस्वीर में उन्हें स्पीड बोट पर देखा जा सकता है। वो व्हाइट कलर की वन पीस ट्रांसपेरेंट ड्रेस पहने हुए हैं और सनग्लासेस लगाए हुए हैं।वहीं अंदर उन्होंने क ल र फु ल मोनोकिनी पहने हुए हैं। दूसरी तस्वीर में शेफाली अपनी ड्रेस उतारती हुई दिख रही हैं। वहीं तीसरी फोटो में पालथी मारकर बैठी नजर आ रही हैं। वहीं चौथी फोटो में थम्सअप करते हुए फोटोशूट करा रही हैं।

इन तस्वीरें को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'साल्टी ब्रीज और सैंडी टोज को मिस कर रही हूं।' उनकी ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग खुब लाइक्स और कमेंट कर रहे हैं। कई लोग दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है। वहीं क्यूटनेस ओवरलोडेड, जलपरी, ब्यूटीफुल, सो हॉट शेफाली, गॉर्जियस जैसे कमेंट किए हैं।

बता दें कि शेफाली जरीवाला कांटा लगा गाने से चर्चा में आई थीं। इस गाने ने उन्हें खूब शोहरत दिलाई थी। बाद में उन्होंने इस गाने के कई लाइव शो भी किए थे। शेफाली सलमान खान और अक्षय कुमार की फिल्म मुझसे शादी करोगी में भी थीं। उन्होंने कई म्यूजिक वीडियो में भी काम किया। वह में बिग बॉस 13 का भी हिस्सा थीं।

## अमिताभ की नातिन नव्या का छलका दर्द



अमिताभ बच्चन का पूरा परिवार अक्सर किसी-न-किसी वजह से चर्चा में रहता है। कभी अपनी तस्वीरों या वीडियो को लेकर तो कभी अपने बयानों को लेकर इस बीच हाल ही में बिग बी की नातिन नव्या नवेली नंदा ने एक बड़ा बयान दे दिया है। जिसमें उन्होंने घर में होने वाले भेदभाव पर बात की है। उनका कहना है कि उनकी मां श्वेता बच्चन गेस्ट्स के आने पर सारे काम की जिम्मेदारी उन पर डाल देती हैं। ऐसे में किसी-न-किसी तरह घर की जिम्मेदारी लड़कियों पर ही होती है।

दरअसल, नव्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें नव्या 'शीदपीपल' से बात करते हुए कहता हैं कि उन्होंने अपने घर पर भी ये चीज देखी है। जब कभी मेहमान घर पर आते हैं तो उनकी मां उन्हें बोलती हैं- ये ले आओ या वो ले आओ। उन्हें एक तरह से होस्ट की तरह रोल प्ले करना पड़ता है। हालांकि, उनका भाई भी ये सब करता है। उनका कहना है कि अगर कोई ज्वाइंट फैमिली में रहता है, तो कहीं-न-कहीं घर चलाने, मेहमानों को संभालने की जिम्मेदारी बेटियों पर ही डाली जाती है। वो आगे कहती हैं कि उन्होंने कभी ये नहीं देखा कि ये जिम्मेदारी पुरुष संभाल रहे हों। ऐसे में लड़कियां ये समझने लगती हैं कि घर चलाने की जिम्मेदारी उनकी ही है। उनका ये वीडियो लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। साथ ही कई लोगों ने उनकी इस बात पर सहमति जताई है। आपको बता दें कि एक्टिंग की दुनिया से नव्या का दूर-दूर तक नाता नहीं है। हालांकि, उनकी फैन फॉलोइंग किसी एक्ट्रेस से कम नहीं है। उन्हें करीब 5 लाख 69 हजार लोग फॉलो करते हैं। नव्या सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो आए दिन अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर कर फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। जिन्हें उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। साथ ही जमकर रिएक्शन भी देते हैं। नव्या नवेली एक बिजनेस वुमन हैं। वो प्रोजेक्ट नवेली की फाउंडर हैं, जबकि आरा हेल्थ की को-फाउंडर के तौर पर काम करती हैं। बता दें कि 'नवेली' एक एनजीओ यानी नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन है। जिस पर नव्या काम कर रही हैं। जहां महिलाओं को बराबरी का सम्मान दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां महिलाओं को सशक्त होने में मदद मिलती है।

## ब्रालेट संग हद से ज्यादा छोटी स्कर्ट पहन इस भोजपुरी एक्ट्रेस ने मचाई खलबली

## लोग बोले- 'गर्मी लौट रही है'



**भोजपुरी सिनेमा की** मशहूर एक्ट्रेस नम्रता मल्ला किसी न किसी वजह से खुद को सुर्खियों में बनाए रखती हैं. वो अक्सर अपनी बोल्ड अदाओं से फैंस को दीवाना बना देती हैं. एक बार फिर नम्रता ने अपनी सिजलिंग तस्वीरों से लोगों का ध्यान खींचा है. आप भी देखें हॉट एक्ट्रेस नम्रता मल्ला की बोल्ड अदाएं.

एक्ट्रेस नम्रता मल्ला की अदाएं बहुत ही कातिलाना हैं, उनकी तस्वीरें देख कर कोई भी उन पर मर मिटने के लिए तैयार हो जाता है. इंस्टाग्राम पर उनके 1.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं. हम जानते हैं कि नम्रता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं जहां वो अपनी हॉट तस्वीरों और वीडियोज को अक्सर शेयर करती रहती हैं. एक बार फिर नम्रता ने अपने बोल्ड लुक से लोगों के दिलों को क्लीन बोल्ड कर दिया है. हाल ही में नम्रता मल्ला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिन्हें देख फैंस उनके दीवाने हुए जा रहे हैं. कुछ ही देर में नम्रता की तस्वीरों को 24 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं. नम्रता मल्ला अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में कहर ढाती दिख रही हैं. सोशल मीडिया पर उनके फैंस लगातार नम्रता की तस्वीरों पर कमेंट्स और लाइक्स की बरसात कर रहे हैं. नम्रता मल्ला अपनी लेटेस्ट पिक्चर्स में बहुत ही ज्यादा ग्लैमरस दिख रही हैं. उन्होंने ब्लैक कलर की ब्रालेट के साथ व्हाइट शॉट्स पहना था, जिसमें एक्ट्रेस कयामत लग रही थीं. नम्रता मल्ला ने एक के बाद एक कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जिनमें वो अपने बोल्ड अंदाज से लोगों के होश उड़ा रही हैं. फोटोज में नम्रता के एक्सप्रेशन देखने लायक हैं. हर तस्वीर में नम्रता मल्ला अपने परफेक्ट और कर्वी फिगर को बड़ी खूबसूरती से फ्लॉन्ट कर रही हैं. न्यूड मेकअप और खुले बालों के साथ भोजपुरी एक्ट्रेस ने अपना लुक कम्पलीट किया था.

## टॉपलेस होकर भोजपुरी इंडस्ट्री की इन हसीनाओं ने मचाया हंगामा, तस्वीरें खूब हुई वायरल

**भोजपुरी सिनेमा की** अभिनेत्रियों का जलवा किसी भी अन्य इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों से ज्यादा छाया रहता है. आपको बता दें कि बोल्डनेस का मामले में भोजपुरी अभिनेत्रियां बॉलीवुड की अभिनेत्रियों को भी टक्कर देती नजर आती हैं. भोजपुरी अभिनेत्रियों को चाहनेवालों की तादाद भी बहुत बड़ी है और इनके सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स की संख्या भी बहुत है. इसकी एक सबसे बड़ी वजह यह है कि भोजपुरी के दर्शकों की संख्या 40 करोड़ से ज्यादा है और हिंदी के दर्शकों के बाद ये संख्या सबसे ज्यादा बड़ी है. ऐसे में भोजपुरी फिल्मों का जलवा दर्शकों के सिर चढ़कर बोलता है.



मोनालिसा

आपको बता दें कि भोजपुरी इंडस्ट्री की कई अभिनेत्रियां तो ऐसी हैं जिनकी बोल्डनेस को देखकर आपको भी पसीना आ जाएगा. इनमें से कुछ अभिनेत्रियों ने तो टॉपलेस होकर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया था. ऐसे में हम आपके सामने उन भोजपुरी एक्ट्रेस के बारे में बताएंगे जिन्होंने टॉपलेस होकर बोल्डनेस की सारी हदें पारी कर दी थी. इस सूची में मोनालिसा से रानी चटर्जी तक का नाम शामिल है.

**रानी चटर्जी**

भोजपुरी सिनेमा की क्वीन रानी चटर्जी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सफेद चादर लपेटकर फोटो पोस्ट किया था. उनकी इस तस्वीर ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी थी.

**मोनालिसा**

टॉपलेस और बोल्डनेस का तड़का लगाने के मामले में भोजपुरी अभिनेत्रियों की सूची में टॉप पर मोनालिसा आती हैं. उनकी टॉपलेस पिक्चर ने इंटरनेट का पार बढ़ा दिया था.

**नम्रता मल्ला**

भोजपुरी सिनेमा की उर्फी जावेद के नाम से मशहूर नम्रता मल्ला को कौन नहीं जानता, उन्होंने टॉपलेस होकर अपने फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ा दी थी.

**स्वीटी छाबड़ा**

भोजपुरी एक्ट्रेस स्वीटी छाबड़ा ने भी टॉपलेस होकर बोल्ड फोटो शूट कराया था. उनकी इस तस्वीर ने खूब सुर्खियां बटोरी थी.

**सुषमा अधिकारी**

भोजपुरी सिनेमा के पर्दे पर चमकने वाली नेपाली बाला सुषमा अधिकारी के टॉपलेस फोटोशूट को देखकर आपको पसीना आ जाएगा.

**सोनिका गौड़**

सोनिका गौड़ ने भी टॉपलेस फोटोशूट कराई और ये तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हुई थीं.

**श्वेता शर्मा**

भोजपुरी इंडस्ट्री की सनी लियोनी श्वेता शर्मा को कौन नहीं जानता है. सोशल मीडिया पर अपने किलर पोज से आग लगा देने वाली श्वेता ने भी टॉपलेस होकर फोटो शूट कराया था.

**संचिता बनर्जी**

संचिता बनर्जी भोजपुरी दर्शकों के बीच किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. एक्ट्रेस की टॉपलेस तस्वीरें देख आपके पसीने छूट जाएंगे.

**सोना बत्रा**

सोना बत्रा ने भी अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स पर टॉपलेस होकर तस्वीरें पोस्ट की थी जो काफी वायरल हुई थी।



रानी चटर्जी



# अमेरिका और पश्चिमी देश रूसी तेल पर लगाएंगे प्राइस कैप, जल्द हो सकती है घोषणा



नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। फरवरी 2022 से जारी रूस और युक्रेन जंग के दौरान पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा रहे हैं। इस बीच रूस भारत को सस्ती दरों पर पेट्रोलियम पदार्थ उपलब करा रहा है। अब भारत पर तेल बेच रहे रूस पर नकेल कसने की मंशा से अमेरिका और उसके सहयोगी देश तेल की कीमतों 65 डॉलर से 70 डॉलर प्रति बैरल का कैप लगाने की योजना बना रहे हैं। सस्ते दामों पर भारत को तेल बेच रहे रूस पर नकेल कसने के लिए जी-7 समूह और यूरोपीय यूनियन जल्द की प्राइस कैप का एलान कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो इसका असर भारत के रूस से तेल खरीदने पर पड़ सकता है। रूस के तेल पर प्राइस कैप लगाने की मंजूरी के लिए यूरोपीय यूनियन में शामिल सभी देशों के राजदूतों ने बुधवार को बैठक की और इसमें प्राइस कैप लेवल का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव को जैसे ही मंजूरी मिलेगी, प्राइस कैप की घोषणा हो सकती है। यूक्रेन युद्ध के बाद से ही भारत रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहा है। भारत को रूस से तेल की खरीदारी पर छूट मिल रही है। अमेरिका व पश्चिमी देशों के विरोध के बावजूद भारत और रूस के बीच तेल की लेन-देन जारी है।

# एयर इंडिया में महिला क्रू मेंबर्स के लिए बिंदी की साइज और झुमके का स्टाइल तय



नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। टाटा समूह एयर इंडिया को फिर से दुनिया की बेहतरीन एयलाइन्स बनाने में जुटा हुआ है. एयर इंडिया की कमान टाटा के हाथ में आने के बाद से इसमें कई बदलाव किए गए हैं. अब क्रू मेंबर्स के सजने-संवरने के लिए भी नई गाइडलाइन जारी की गई है. अब महिला और पुरुष क्रू मेंबर्स को इन गाइडलाइन के अनुसार ही स्वयं को तैयार करना होगा. नई गाइडलाइन के अनुसार, अब महिला क्रू मेंबर्स के लिए बिंदी का साइज, चूड़ियों की संख्या और लिपस्टिक और नेल पेंट का कलर तक तय कर दिया गया है.

एयर इंडिया की नई गाइडलाइन में कर्मचारियों से ऑफ ड्यूटी कंपनी की यूनिफॉर्म और एक्सेसरीज न पहनने की सलाह भी दी गई है. एयर इंडिया ने अब हेयर जेल लगाना अनिवार्य कर दिया है. साथ ही जिन पुरुष क्रू मेंबर्स के कुछ बाल सिर से उड़े हुए हैं, उन्हें अब अपन सिर क्लिन शेव्ड रखना होगा. क्रू कट को अब पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है.

**बिंदी का साइज और चूड़ियों की संख्या**

महिला क्रू मेंबर्स को अब पर्ल के झुमके न पहनने की सलाह दी गई है. वे केवल सोने या चांदी के गोल आकार के झुमके ही कानों में डाल सकती हैं. एयर इंडिया की जो क्रू मेंबर्स साड़ी पहनती हैं, वो केवल 0.5 सेटीमीटर की ही बिंदी लगा सकती हैं. इसके अलावा उन्हें हाथों में केवल एक-एक चूड़ी पहनने की इजाजत होगी, जिन पर न तो कोई डिजाइन होगा और न ही स्टोन होंगे. महिला केबिन क्रू के लिए काफी डिटेल्ड गाइडलाइन जारी की गई है. वे अब हाई टॉप नॉट्स हेयर स्टाइल नहीं कर पाएंगी. बालों में केवल चार काली बॉबी पिन लगाने की ही अनुमति होगी. इसके अलावा आईशैडो, लिपस्टिक, नेल पेंट और बालों का रंग भी निर्धारित किया गया है. इनका पालन भी सख्ती से करना होगा. अपनी पसंद के रंग की लिपस्टिक और नेल पेंट लगानी की पूरी तरह मनाही होगी.

**बाल कलर करना जरूरी**

एयर इंडिया की नई गाइडलाइन में कहा गया है कि महिला और पुरुष कर्मचारी, जिनके बाल सफेद हो चुके हैं, उनके लिए बालों को कलर करना होगा. कलर भी नेचुरल होना चाहिए. फैशन कलर और मेहंदी लगाने की अनुमति नहीं होगी. इसके अलावा गर्दन, कलाई और टखने पर किसी भी तरह का धार्मिक चिन्ह गुदवाने की अनुमति नहीं होगी. एयर इंडिया ने ऑफ ड्यूटी पर अपने कर्मचारियों को कंपनी की यूनिफॉर्म और एक्सेसरीज को नहीं पहनने की सलाह दी है.

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**

शनि १०, ९, सूर्य, बुध, चंद्र ८, शुक्र, केतु ७, ६, ११, ५, गुरु १२, राहु १, मंगल २, ३, ४

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में |
| चंद्र- | वृश्चिक | में |
| मंगल | वृष | में |
| बुध- | वृश्चिक | में |
| गुरु- | मीन | में |
| शुक्र- | वृश्चिक | में |
| शनि- | मकर | में |
| राहु- | मेष | में |
| केतु- | तुला | में |

| लग्नारभ समय | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक. | 05-50 | बजे |
| धनु--- | 08-05 | बजे |
| मकर- | 10-10 | बजे |
| कुंभ - | 12-01 | बजे |
| मीन... | 13-39 | बजे |
| मेष-- | 15-15 | बजे |
| वृष-- | 17-00 | बजे |
| मिथुन.. | 19-01 | बजे |
| कर्क... | 21-12 | बजे |
| सिंह... | 23-25 | बजे |
| कन्या.. | 01-35 | बजे |
| तुला | 03-41 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2549,हिजरी सन् -1443
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- द्वितीया - 22 -35 तक उपरान्त तृतीया
मास - मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष , शुक्रवार Nov 25
नक्षत्र - ज्येष्ठा - 17 - 20 - तक उपरान्त मूल
योग - सुकर्मा -08 - 42 - तक उप- धृति
करण- बालव - 12 - 07 - तक उप -कौलव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - ज्येष्ठा मूल संज्ञक

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल** 10:39 से 12:03 तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:30 - 07:51 | शुभ | रोग | 17:38 - 19:15 | अशुभ |
| लाभ | 07:51 - 09:15 | शुभ | काल | 19:15 - 20:51 | अशुभ |
| अमृत | 09:15 - 10:39 | शुभ | लाभ | 20:51 - 22:27 | शुभ |
| काल | 10:39 - 12:03 | अशुभ | उत्पात | 22:27 - 00:03 | अशुभ |
| शुभ | 12:03 - 13:27 | शुभ | शुभ | 00:03 - 01:40 | शुभ |
| रोग | 13:27 - 14:51 | अशुभ | अमृत | 01:40 - 03:16 | शुभ |
| उत्पात | 14:51 - 16:15 | अशुभ | चंचल | 03:16 - 04:52 | शुभ |
| चंचल | 16:15 - 17:35 | शुभ | रोग | 04:52 - 06:30 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) आज का दिन नई शुरुआत के लिए बिलकुल सही है।आप अपने आपको पीछे धकेलने वाली चीजों से आज मुक्त महसूस करेंगे।किसी नए अवसर में जिंदगी बदलने की क्षमता है लेकिन आपको उसे समय रहते पकड़ना होगा।समय रहते लिया गया निर्णयात्मक फैसला आपके लिए काफी महत्वपूरण एवं लाभकारी बदलाव ला सकता है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) आज आप बहुत साहसिक अनुभव कर रहे हैं और अपना रास्ता खुद बनाने के लिए तैयार हैं। आप अपनी इच्छाशक्ति से सब मुश्किलों पर विजय प्राप्त कर लेंगे।आज आपकी तरक्की को कोई नही रोक सकता।इसीलिए अपने सभी मुश्किल काम आज करने की योजना बनाएं,सफलता आपके कदम चूमेगी।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) आप उन बदलावों के बारे में सोच रहे हैं जो शायद आपके काम और आपकी सेहत के बीच संतुलन ला सकते हैं। आप अपने किसी करीबी दोस्त से इस सम्बन्ध में मेल करके समाधान पूछ सकते हैं। इन बदलावों से आपको आराम मिलेगा। आप अपने आप को फ़िलहाल सही आदमियों के साथ पायेंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) आज आपके विचार उलझे और बिखरे हुए से हैं।आप एक साथ बहुत सारी बातों के बारे में सोच रहे हैं। इसका परिणाम यह होगा की आज कोई भी काम पूरा नही कर पायेंगे। ध्यान को केन्द्रित रखने की जरुरत है। थोडा सा मानसिक अभ्यास करें और दूसरों से सलाह ना लें क्योंकि अलग-अलग सलाह से आप और भी उलझते जायेंगे।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) आज का दिन अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बिलकुल सही है।आज आप सामान्य से अधिक आक्रामक और दृढ व्यवहार करेंगे।इससे आसपास के लोगों को आश्चर्य होगा। उन्हें शायद आपके बारे में अपनी राय बदलने पर भी मजबूर होना पड़े। लेकिन उनके आश्चर्य की भावना से आपको आज जरुरी मौका मिल जाएगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आपका दिमाग आज बहुत सक्रिय है ,आप उर्जा और प्रेरणा से भरे हैं। आपके दिमाग में नयी योजनायें आती रहेंगी जिन्हें आप आसानी से कार्यान्वित भी कर पायेंगे। आपकी समस्या आज यही रहेगी की आपके दिमाग में आज लगातार नए विचारों की बाढ सी आती रहेगी।आप अपने आसपास के सभी लोगों को भी अधिक प्रेरित कर पायेंगे।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) आज आप आकर्षण का केंद्र रहेंगे।फोकस का केंद्र रहना आपकी सहज विशेषता है जिसके कारण कई लोग आपसे इर्ष्या करेंगे। जब आप सहज रूप से वर्त्तमान भूतकाल और भविष्य के बारे में सोचेंगे तो आपको बहुत से अपने जवाब और समाधान मिल जायेंगे।आजका दिन आपके लिए काफी उलझन भरा रहेगा।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) आज सृजनात्मक महसूस करेंगे और बहुत सारे कामों के लिए खुद को तैयार पायेंगे। हालंकि आपको यह वास्तविक भय रहेगा कि दूसरे क्या सोचेंगे और कहेंगे आपको यह समझना है कि सही नजरिये से आधा काम तो बिना किये ही हो जाता है। यद्यपि सृजनात्मक और ऊर्जापूर्ण रहने के बावजूद आपका आत्मविश्वास आज साथ नही देगा।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) आप आज किसी मनोरंजक व्यक्ति के साथ सम्बन्ध स्थापित करेंगे। उसके साथ मजेदार बातचीत से समय अच्छा गुजरेगा। इस आदमी से सीखने और प्रेरणा लेने की कोशिश करें। इससे आपको और लोगों की मन स्थिति समझने में भी मदद मिलेगी। परिवार की यात्रा में अगर अपनी मनपसंद जगह जाना है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) यह समय मजे और स्वतन्त्रता दोनों में से किसी एक को चुनने का है। अगर आप जिम्मेदार हैं तो आपको स्वतंत्रता भी मिल ही जायेगी। हालाँकि अत्यधिक परिश्रम के बाद भी आप अपनी मंजिल पर तो नही पहुंच पायेंगे लेकिन बाद में आपको इसका फल जरुर मिलेगा इसलिए परिश्रम करते रहें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) आपसे सामजिक संपर्कों पर और ध्यान देने की अपेक्षा है।आपके आकर्षक व्यक्तित्व का सबपर प्रभाव पड़ेगा।इसके अलावे आपको उन लोगो पर भी ध्यान दें जो आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुंचा रहे हैं। अपनी व्यस्त कार्यशैली के बावजूद सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) आप आज कल्पनात्मक रहेंगे। कार्यस्थल की ओर से किसी अन्य स्थान की यात्रा का मौका मिल सकता है। आपकी रोमांटिक प्रवृति उजागर होगी। अपने आपको थोड़ी ढील देने का दिन है ,लेकिन काम में व्यवहारिकता भी दिखानी होगी। साथियों के साथ अच्छे मूड में रहेंगे। अपनी मेल देख लें।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# दिसंबर में 13 दिन बंद रहेंगे बैंक



नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। साल का आखिरी महीना दिसंबर शुरू होने वाला है। इस महीने में देश भर में बैंक करीब 13 दिन बंद रहने वाले हैं। इस बात की जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ आरबीआई जिनके कारण बैंकों की छुट्टियां रहेंगी।

**इस बार रविवार को क्रिसमस**

दिसंबर महीने में अलग-अलग राज्यों और शहरों में दिसंबर में 3, 12, 19, 26, 29, 30, 31 तारीख को बैंकों में छुट्टी रहेगी, जबकि 4, 10, 11, 18, 24, 25, दिसंबर को दूसरे और चौथे शनिवार के अलावा रविवार का साप्ताहिक अवकाश है। इस बार क्रिसमस (25 दिसंबर) को भी रविवार के दिन ही है। ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं।

**शिलांग में 2 लॉन्ग हॉलिडे**

दिसंबर में शिलांग में 2 लॉन्ग हॉलिडे पड़ रहे हैं। पहला 10 से 12 दिसंबर तक और दूसरा 24 से 26 दिसंबर तक पड़ेगा। इसके चलते यहां के लोगों को इस महीने थोड़ी परेशानी हो सकती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया हर महीने अपनी वेबसाइट पर बैंक हॉलिडे लिस्ट को अपडेट करता है। आप आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर इसे चेक कर सकते हैं।

# गेहूं-चावल की कीमतों को लेकर सरकार ने लिया बड़ा फैसला!

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। गेहूं की बढ़ती कीमतों को लेकर सरकार बड़ा प्लान बना रही है. सरकार ने कहा है कि गेहूं की कीमतों पर उनकी नजर है और अगर इसमें और तेजी देखने को मिलेगी तो उस पर अंकुश लगाने के खास कदम उठाएं जाएंगे. केंद्रीय खाद्य सचिव ने जानकारी देते हुए बताया है कि गेहूं और चावल की स्थिति इस समय पर काफी सहज है और सरकार की बफर की जरूरतों से काफी ऊपर है. एक तरफ जहां गेहूं की कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है. वहीं, चावल की कीमतों में स्थिरता है. मई महीने में गेहूं की कीमतों में प्रतिबंध लगने के बाद में खुदरा कीमतों में करीब 7 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली थी. इसके अलावा एमएसपी मूल्य में करीब 4 से 5 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है. केंद्र सरकार की ओर से घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया गया था. इसके अलावा खाने वाले तेल की कीमतों की बात करें तो इनमें भी गिरावट देखने को मिल सकती है. इंटरनेशनल मार्केट में तेल की कीमतों में गिरावट हावी है तो माना जा रहा है कि घरेलू मार्केट में भी तेल की कीमतों में कमी आने की संभावना है. इसके अलावा फ्री राशन पर मंत्री ने कहा है कि अगर सरकार उचित समय पर इस स्कीम को बढ़ाने का फैसला लेती है तो इसको आम जनता के लिए बढ़ाया जाएगा और सरकार के पास पर्याप्त स्टॉक है.

# आईटीआर फाइलिंग में किया छोटा सा बदलाव

## सरकार को पूरे 400 करोड़ का फायदा

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते समय कई बार आयकरदाताओं से गलतियां हो जाती हैं. लेकिन पिछले दिनों सरकार ने अपडेटेड आईटीआर की सुविधा शुरू की. इसके परिणाम चौंकाने वाले आए और सरकार को पूरे 400 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है. पिछले दिनों टैक्स पेयर्स के लिए सरकार ने उनके टैक्स रिटर्न को अपडेट करने की सुविधा दी थी.

**5 लाख री फाइलिंग हुईं**

हाल ही में लागू हुए इस नियम के बाद आयकर विभाग को अब तक 5 लाख री फाइलिंग हुई हैं. इस छोटे से कदम से सरकार को करीब 400 करोड़ रुपये का एक्सट्रा बेनिफिट हुआ है. एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी. वित्त अधिनियम 2022 में कर रिटर्न को अपडेट करने का नया नियम जोड़ा गया है. इसके तहत टैक्सपेयर फाइलिंग के 2 साल के अंदर अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) को अपडेट कर सकता है.

**मई में नया फॉर्म लाया गया**

अपडेटेड आयकर रिटर्न फाइल करने के लिए इस साल मई में नया फॉर्म लाया गया था. अधिकारी ने बताया कि अब तक 5 लाख अद्यतन आईटीआर जमा किए जा चुके हैं और टैक्स के रूप में करीब 400 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है. उन्होंने कहा कि कंपनियां भी अपडेटेड आईटीआर फाइल कर रही हैं. अधिकारी ने आंकड़ों के हवाले से बताया कि एक कंपनी ने अद्यतन रिटर्न दाखिल किया और एक करोड़ रुपये का कर जमा करवाया है.

# भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग करेगा जीएसटी से जुड़े मामलों में मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ जांच



नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स से जुड़े मामलों में मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ जांच का अधिकार अब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के पास होगा. एक दिसंबर 2022 से ये जिम्मेदारी सीसीआई को सौंप दी गई है. पहले ये काम नेशनल एंटी-प्रॉफिटयरिंग अथॉरिटी के पास था जिसका कार्यकाल एक दिसंबर को खत्म हो रहा है. सीबीआईसी ने अपने आधिकारिक आदेश में कहा है ये कि ये फैसला जीएसटी काउंसिल के सिफारिशों के आधार पर लिया गया है. सीबीआईसी के मुताबिक सीसीआई को ये अधिकार सौंपा गया है कि किसी रजिस्टर्ड व्यक्ति द्वारा इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने या फिर जीएसटी रेट के कटौती के चलते किसी भी गुड्स या सर्विसेज के दामों में कटौती का लाभ का फायदा दिया गया है या नहीं. नेशनल एंटी-प्रॉफिटयरिंग अथॉरिटी एक दिसंबर से कार्य करना बंद कर देगा. हालांकि इसका इवेस्टीगेशन विंग डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ एंटी-प्रॉफिटयरिंग (डीजीएपी)के पास जीएसटी कानून के मुताबिक जांच करने का अधिकार बना रहेगा. डीजीएपी जो भी रिपोर्ट तैयार करेगी उसपर आदेश सुनाने के लिए सीसीआई को सौंपा जाएगा. हालांकि मामले की सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच बनाने डीजीएपी से पेंडिंग केस को सीसीआई को ट्रांसफर करने में समय लगेगा जिससे लंबित मामलों की संख्या बढ़ सकती है. सीसीआई के पूर्व चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता के अक्टूबर में रिटायर होने के बाद अभी तक नए सीसीआई चेयरमैन की नियुक्ति नहीं हो पाई है.

चेयरमैन के नियुक्ति के बाद उन्हें नेशनल एंटी-प्रॉफिटयरिंग अथॉरिटी की भूमिका भी अदा करना होगा. जीएसटी कानून के तहत नेशनल एंटी-प्रॉफिटयरिंग अथॉरिटी का गठन किया गया था. जिसका काम अनैतिक रूप से मुनाफाखोरी करने वाले रजिस्टर्ड सप्लायर पर नजर रखना था. साथ ही इस संस्था पर जिम्मेदारी थी कि वो सुनिश्चित करे कि जीएसटी काउंसिल द्वारा टैक्स घटाये जाने का लाभ आम लोगों को मिले.

# शेयर बाजार का नया रिकॉर्ड

## सेंसेक्स ने 62,412 का ऑल टाइम हाई बनाया, निफ्टी 18,484 पर बंद हुआ; आईटी शेयर्स भागे

मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार ने हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन, यानी गुरुवार (24 नवंबर) को एक नया रिकॉर्ड कायम किया। सेंसेक्स ने 62,412 का ऑल टाइम हाई बनाया है। ये 762 अंकों की बढ़त के साथ 62,272 के स्तर पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स का ऑल टाइम क्लोजिंग हाई भी है।

**निफ्टी ने 52 हफ्तों का नया हाई बनाया**

वहीं निफ्टी ने 52 हफ्तों का नया हाई बनाया है। निफ्टी 216 अंक बढ़कर 18,484 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 28 शेयरों में तेजी देखने को मिली। वहीं सिर्फ 2 शेयरों में गिरावट रही।

**अपोलो हॉस्पिटल टॉप गेनर**

अपोलो हॉस्पिटल, एचडीएफसी लाइफ, बीपीसीएल, इंफोसिस, टाटा कंज्यूमर, एचसीएल टेक, पावर ग्रिड, विप्रो समेत 44 शेयर्स निफ्टी के गेनर रहे। सिप्ला, कोल इंडिया, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स समेत 5 शेयर्स निफ्टी के लूजर्स रहे। वहीं एक शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**3% प्रीमियम पर लिस्ट हुआ कीस्टोन**

कीस्टोन रियल्टर्स ने शेयर बाजार में एक फ्लैट नोट पर शुरुआत की थी। यह बीएसई पर 3% के प्रीमियम के साथ 555 रुपए पर लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 541 रुपए था। हालांकि, कीस्टोन का शेयर 15.85 रुपए यानी 2.93% की तेजी के साथ 556.85 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी का 635 करोड़ रुपए का आईपीओ 514-541 रुपए की रेंज में 14-16 नवंबर के बीच खुला था। ये केवल 2 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

**बीकाजी फूड में दूसरे दिन अपर सर्किट**

बीकाजी फूड में लगातार दूसरे दिन अपर सर्किट लगा। आज यह स्टॉक 10% उछाल के साथ 379.20 रुपए पर पहुंचा। हालांकि, 10 बजे के करीब शेयर का सर्किट खुल गया था और ये 7% चढ़कर कारोबार कर रहा था। वहीं यह 34.45 रुपए यानी 9.99% की तेजी के साथ 379.20 रुपए पर बंद हुआ।

**आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.63% की तेजी रही**

एनएसई के सभी 11 सेक्टोरल इंडेक्स में तेजी देखने को मिली। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.63% की तेजी रही। फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में 1.09% की बढ़त दिखाई दी। इनके अलावा ऑटो, बैंक, मेटल, फार्मा, प्राइवेट बैंक, एफएमसीजी, मीडिया, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर में भी तेजी रही।

**बुधवार को भी चढ़ा था बाजार**

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार में मामूली बढ़त दिखी थी। सेंसेक्स 91 अंक या 0.15% चढ़कर 61,510 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 23 अंक या (0.13%) की तेजी रही। ये 18,267 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 16 शेयर में गिरावट और 14 में तेजी रही।

# रेस्टोरेंट, मल्टीप्लेक्स से खाने-पीने के सामान खरीदने पर चुकाना ही होगा ज्यादा पैसा

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। महंगे रेस्टोरेंट या एयरपोर्ट लाउंज में जाकर खाने-पीने की चीजें खरीदना आपके लिए बहुत महंगा साबित हो सकता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इन चीजों पर जगह और एनवायरनमेंट के हिसाब से परिचालन शुल्क लिया जाता है। हालांकि, अगर आपको लगता है कि मल्टीप्लेक्स या पॉश होटल में बर्गर या पॉपकॉर्न के लिए प्रीमियम का भुगतान करने में आपकी मेहनत की कमाई धोखा है, तो ऐसा नहीं है। दरअसल, इन चीजों के लिए आप से परिचालन लागत वसूली जाती है, यानी 'एनवायरनमेंट' के लिए अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। सूत्रों ने बताया कि चूंकि यह लागत वस्तु के प्रदर्शित मूल्य में शामिल है, इसलिए इसे ओवरचार्जिग नहीं कहा जा सकता। उद्योग पर नजर रखने वालों का कहना है कि ऐसे मामलों में शायद ही कुछ ऐसा हो, जो अधिकारी कर सकें, क्योंकि परिवेश लागत के हिस्से के रूप में एक साधारण स्नैक पर अतिरिक्त कर लगाया जाता है। उपभोक्ता मामलों के विभाग को मुख्य रूप से ओवरचार्जिग की शिकायतें मिलती हैं, यानी जब लोग शिकायत करते हैं कि उनसे किसी उत्पाद पर उल्लिखित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक शुल्क लिया गया है। विभाग के सूत्रों ने बताया कि इन मामलों में कार्रवाई जरूरी है।

# आसमान छूते हवाई टिकट के दाम, जानिए क्यों बढ़ रहा है किराया, कैसे तय होती है कीमत?

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन के दौरान हवाई किराए में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली थी। अक्टूबर में दिवाली के दौरान फ्लाइट टिकट की कीमतें सामान्य स्तर से दो से तीन गुना बढ़ गई थीं, साथ ही पर्यटक स्थलों के लिए टिकट के दाम चार से पांच गुना तक हो गए थे। हालांकि, अब भी लगभग हर रूट पर हवाई किराया ज्यादा है। वहीं, तत्काल यात्रा करने के लिए ग्राहकों को टिकट के लिए ज्यादा किराया देना पड़ता है। हवाई किरायों की बढ़ती कीमतों से ग्राहक हैरान हैं और जानना चाहते हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है? पिछले दिनों कई लोगों ने इस मुद्दे को उठाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। इस बारे में कई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने इसके कारण बताएं और ग्राहकों को अहम सुझाव दिए कि आखिर वे कैसे कम दामों पर एयर टिकट हासिल कर सकते हैं। स्ट्री विशेषज्ञों का कहना है कि डीजीसीए द्वारा हवाई किराए की सीमा को हटाना, हवाईअड्डों का निजीकरण और हवाई टिकटों की प्रतिस्पर्धी कीमत कुछ ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से कभी-कभी हवाई किराया कई गुना बढ़ जाता है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस से ट्रैवमॉड ट्रेवल्स के संस्थापक दर्शन शर्मा ने कहा, "डीजीसीए द्वारा किराये पर लगी सीमा को हटाने से टिकट की कीमत पर बड़ा प्रभाव पड़ा है,

## पेशावर में जर्जर मस्जिद गिराने का विरोध, मेयर व नेता जिला प्रशासन के खिलाफ

पेशावर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पेशावर में एक जर्जर मस्जिद को गिराने का विरोध शुरू हो गया है। जिला प्रशासन की योजना का शहर के मेयर व कई तहसीलों के प्रमुख विरोध कर रहे हैं। उन्होंने मस्जिद संरक्षण समिति के समर्थन का एलान किया है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार मस्जिद गिराए जाने की योजना को लेकर विवाद पैदा हो गया है। पेशावर के मेयर हाजी जुबैर अली ने कहा है कि जिला प्रशासन को जुमात मस्जिद विवाद में शामिल नहीं होना चाहिए। वह जनता और प्रशासन के बीच इसे लेकर टकराव के पक्ष में नहीं हैं। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब पेशवर जिला प्रशासन ने जुमात मस्जिद को उसकी जर्जर हालत के कारण गिराने की योजना बनाई है। हाजी जुबैर अली के हवाले से डॉन ने कहा कि जिला प्रशासन को जुमात मस्जिद मामले में किसी भी तरह के दखल से बचना चाहिए।

# 'अमेरिका द्वारा डाली हड्डी खाने वाला जंगली कुत्ता है दक्षिण कोरिया'

## किम जोंग उन की बहन का जोरदार हमला



सोल, 24 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया वह जंगली कुत्ता है जो अमेरिका के फेंके हुए हड्डियों के आगे पीछे दौड़ता है। बता दें कि शुक्रवार को कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। भारत, अमेरिका समेत कई देशों ने नॉर्थ कोरिया के इस कदम का जमकर विरोध जताया। यूएनएससी की बैठक में भारत ने इसे चिंता का विषय बताया और कहा कि इसका असर क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा पर पड़ेगा।

**किम यो जोंग ने दी धमकी**

किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया को लेकर कई अपमानजनक बातें कहीं। उत्तर कोरिया पर लगाए जाने वाले प्रतिबंधों से संबंधित दक्षिण कोरिया के बयान को लेकर उन्होंने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति युन सीओक योल और उनकी सरकार को बेवकुफ कहा। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि, उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों को लेकर उस पर अतिरिक्त एक तरफा प्रतिबंधों की समीक्षा कर रहा है। मंत्रालय ने कहा कि अगर उत्तर कोरिया परमाणु परीक्षण जैसा कोई बड़ा उकसावा करता है तो वह कथित साइबर हमलों पर प्रतिबंध लगाने और उन पर शिकंजा कसने पर भी विचार करेगा, जो कि उसके हथियार कार्यक्रम के लिए धन का एक नया प्रमुख श्रोत है।

**कोरियाई प्रायद्वीप में टेंशन**

उत्तर कोरिया का मानना है कि दक्षिण कोरिया और अमेरिका मिलकर उसे झुकाने का प्रयास कर रहा है। ऐसा अक्सर देखा गया है कि जब भी अमेरिका और दक्षिण कोरिया साझा सैन्य अभ्यास करता है, ठीक उसके कुछ समय पश्चात किम जोंग उन एक मिसाइल छोड़ देते हैं। उत्तर कोरिया यह दिखाना चाहता है कि वह दोनों की गीदड़ भभकियों से डरने वाला नहीं है। किम यो जोंग ने सरकारी मीडिया के साथ बातचीत में कहा कि, यह क्या तमाशा है! उत्तर कोरिया पर क्या प्रतिबंध लगाया जा रहा है। उन्होंने यह कहने की कोशिश की है कि दक्षिण कोरिया अमेरिका के इशारे पर नाचता है और वह वाशिंगटन के फेंके हुए हड्डियों के पीछे दौड़ता है।

**खतरनाक स्थिति पैदा कर रहा दक्षिण कोरिया**

किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया की सरकार को रूढिवादी सरकार का दर्जा देते हुए कहा कि, नए राष्ट्रपति युन सीओक योल की सरकार खतरनाक स्थिति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया हमारा लक्ष्य नहीं था। किम यो जोंग ने कहा कि, उत्तर कोरिया दुस्साहसी और मूर्ख लोगों को एक फिर से चेतावनी दे रहा है। अगर अमेरिका और उसके दक्षिण कोरियाई कठपुतली सख्त प्रतिबंध लगाने की कोशिश करेंगे तो वे ऐसा करके उत्तर कोरिया के साथ दुश्मनी और गुस्से को हवा देंगे। उत्तर कोरिया की नाराजगी अमेरिका और दक्षिण कोरिया के लिए फंदे का काम करेंगे।

**उत्तर कोरिया-दक्षिण कोरिया के बीच टेंशन**

पिछले महीने, दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों और मिसाइल कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए अवैध गतिविधियों में शामिल होने के संदेह में 15 उत्तर कोरियाई व्यक्तियों और 16 संगठनों पर प्रतिबंध लगाए। ये पांच वर्षों में उत्तर कोरिया पर सियोल के पहले एकतरफा प्रतिबंध थे। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक तरह से प्रतीकात्मक कदम थे क्योंकि दोनों कोरियाई देशों के बीच वित्तीय लेन-देन बहुत कम है। बता दें कि, उत्तर कोरिया 2006 से अपने परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर लगाए गए संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की दौर से गुजर रहा है।

# मस्जिद में नमाज़ के लिए आए लोगों पर

## अफगान में सैनिक ने बरसाई गोलियां...पांच मरे, एक घायल

काबुल, 24 नवंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक मस्जिद के भीतर हुई गोलीबारी में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया. पुलिस प्रवक्ता खालिद ज़ादरान ने यह जानकारी दी. उन्होंने एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में इस जानकारी की पुष्टि करते हुए कहा कि काबुल में एक मस्जिद के भीतर एक सैनिक ने नमाज के लिए आये लोगों पर गोलीबारी कर दी. इस गोलीबारी के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया. अधिकारी ने कहा कि काबुल सिटी के पूर्वी छोर पर स्थित डिस्ट्रिक 09 पुलिस थानाक्षेत्र के खावजा रवाश में एक मस्जिद के भीतर यह गोलीबारी हुई. प्रांरभिक जांच में पता चला है कि किसी पुरानी रंजिश के कारण इस खूनी घटना को अंजाम दिया गया. जांच की जा रही है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जायेगी

# भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाली चीनी राजदूत की मंशा पर फिरा पानी

**नेपाल से लेनी पड़ रही विदाई**

काठमांडू, 24 नवंबर (एजेंसियां)। नेपाल में रहकर भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाली चीनी राजदूत हाओ यांगकी ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। अब उन्हें नेपाल छोड़कर जाना होगा। नेपाल में नई सरकार के शपथग्रहण से पहले भारत के लिए यह अच्छी खबर मानी जा रही है। चीन ने हाओ को अब नेपाल से हटा कर आसियान देशों के मामले देखने के लिए इंडोनेशिया में भेजा है। हाओ यांकी राजदूत डेंग जिजुन की जगह लेंगी। बता दें कि हाओ 2018 से काठमांडू में तैनात हैं। वह चुनाव खत्म होने का इंतजार कर रही थी। अब जब चुनावी प्रक्रिया पूरी हो गई है तो उन्हें विदाई लेनी पड़ रही है।

**कौन हैं हाओ यांगकी**

साल 2018 से नेपाल में चीन की राजदूत के रूप में काम कर रही हाओ यांगकी को दक्षिण एशियाई मामलों का जानकार माना जाता है। इसी लिहाज से हाओ यांगकी ने विदेश मंत्रालय में लंबे वक्त तक डिप्टी डायरेक्टर की भूमिका निभाई और कई अहम फैसले लिए। उनके कई फैसले से चीन का संबंध पड़ोसी देशों से प्रभावित हुआ। यांगकी ने चीनी राजदूत के तौर पर पाकिस्तान में भी तीन साल बिताए हैं।

**पाकिस्तान के बाद नेपाल में चलाने लगीं भारत विरोधी एजेंडा**

भारतीय खुफिया एजेंसियों के अनुसार हाओ यांगकी ने पाकिस्तान में राजदूत के रूप में



काम करते हुए पाकिस्तानी सरकार के लिए भी कई नीतियों पर काम किया है। इनमें से कई नीतियां ऐसी भी थी जिनका संबध भारत से था। पाकिस्तान में उनकी सफलता को देखते हुए उन्हें नेपाल भेजा गया। भारत और नेपाल के रिश्तों में पहली बार इतनी कड़वाहट आई है। दोनों देशों के बीच बेटी और रोटी का संबंध है।

**नेपाल को उकसाने में यांगकी ने कोई कसर नहीं छोड़ी**

नेपाल ने जबसे विवादित नक्शा को अपने हिस्से में शामिल किया है, तभी से दोनों देशों के बीच तल्खियां बढ़ी हैं। माना जा रहा है कि नेपाल की इस खुराफात के पीछे यांगकी का ही हाथ है। उन्होंने ही पीएम ओली और नेपाल की संसद को इसके लिए तैयार किया। जानकारी के मुताबिक यांगी पीएम ओली के दफ्तर और उनके निवास पर भी बिना रोक टोक ही आती जाती हैं। यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल की सत्तासीन पार्टी के जिस प्रतिनिधिमंडल ने नक्शे में संशोधन के लिए विधेयक बनाया, यांगी उसके संपर्क में भी थीं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली यांगकी के कूटनीतिक दिमाग का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है

# इंडोनेशिया में भूकंप: जाको राखे साइयां

## दो दिन बाद मलबे से जिंदा निकला छह साल का बच्चा, माता-पिता की मौत

जकार्ता, 24 नवंबर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत के सियांजुर में बीते सोमवार को आए 5.6 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक इस तबाही में अब तक 271 लोगों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने बताया कि भूकंप के बाद 151 लोग लापता हैं, जबकि 1083 घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 300 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। लेकिन इन सबके बीच एक अच्छी खबर भी आई है कि बुधवार देर शाम मलबे से छह साल के बच्चे को जिंदा निकाल लिया गया। फिलहाल बच्चा अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज किया जा रहा है। बच्चा लगभग तीन दिनों तक मलबे में जिंदा रहा। बच्चे को जिंदा देखकर लोगों को हैरानी हुई आखिर बिना खाए-पिए तीन दिन तक कैसे जिंदा रहा।

**बच्चे की माता, पिता और दादी की हो गई मौत**

इंडोनेशिया की नेशनल एजेंसी फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट (बीएनपीबी) ने कहा कि बचावकर्ताओं ने सियानजुर रीजेंसी के कुगेनांग उप जिले के नागरक गांव में अज्का मौलाना मलिक नाम के बच्चे को बचाया गया। फुटेज में वह पल दिखाया गया जब एक बचाव दल ने उसे ढूंढ निकाला। एजेंसी ने कहा कि लड़का अपनी दादी के शव के बगल में मिला था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि अज्का का अब सियांजुर अस्पताल में इलाज चल रहा है। एजेंसी ने कहा कि बचावकर्मियों ने पहले उसके माता-पिता के शव निकाले थे।

**सियांजुर में सबसे ज्यादा तबाही**

सबसे ज्यादा तबाही हुई है सियांजुर कस्बे में, जहां भूकंप के दौरान तीन मिनट तक इमारतें हिलती रहीं। सबसे ज्यादा मौतें भी यहीं हुई हैं। हालांकि, मौतों की सरकारी आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। सियांजुर सबसे ज्यादा प्रभावित इसलिए हुआ, क्योंकि वहां आबादी काफी घनी है। यहां भूस्खलन आम बात है। घर ज्यादा मजबूती से नहीं बने हैं।

**इस भूकंप में 56,320 घर क्षतिग्रस्त**

इस भूकंप में 56,320 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से एक तिहाई से अधिक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। अन्य क्षतिग्रस्त इमारतों में 31 स्कूल, 124 पूजा स्थल और तीन स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं।

# चीन में फिर कोरोना से बढ़ी दहशत

## एक दिन में रिकॉर्ड 32 हजार नए मामले, सरकार ने उठाए ये कदम

बीजिंग, 24 नवंबर (एजेंसियां)। चीन में एक बार फिर से कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं. बुधवार को चीन में कोविड मामलों की संख्या में रिकॉर्ड उछाल दर्ज किया गया. स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, बीते दिन चीन में 31656 नए कोरोना पॉजिटिव केस दर्ज किए गए. चीन में एक दिन में कोविड-19 के मामलों में आया ये सबसे बड़ा उछाल है. ये आंकड़े अप्रैल के मध्य में दर्ज किए गए 29,390 संक्रमणों से ज्यादा हैं. एक दिन पहले चीन में करोना के 28000 से ज्यादा नए केस दर्ज किए गए थे. चीन में कोरोना मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. रविवार को छह महीने बाद कोरोना से एक बुजुर्ग की मौत हुई थी. करोनो संक्रमितों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी हुई है. इसे देखते हुए चीनी सरकार ने कई शहरों में लॉकडाउन लगा दिया है. स्वास्थ्य विभाग की टीम ज्यादा से ज्यादा कोरोना टेस्टिंग और क्वारंटीन पर जोर दे रही है.

**आज से सार्वजनिक स्थानों पर कोविड रिपोर्ट जरूरी**

चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए कोविडि के सख्त नियम लागू कर दिए गए हैं. आज से राजधानी में सार्वजनिक स्थानों पर एंट्री के लिए 48 घंटे पहले की नेगेटिव पीसीआर कोविड टेस्ट रिपोर्ट




दिखानी अनिवार्य कर दिया गया है. यानी लोगों को अब शॉपिंग मॉल, होटल, सरकारी दफ्तर में जाने के लिए कोविड रिपोर्ट दिखानी होगी. साथ ही लोगों को जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह दी गई है.

**बीजिंग में स्कूल हुए बंद**

चीन में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए एहतियातन स्कूलों को बंद करा दिया गया है. बीजिंग में कोरोना का व्यापक असर देखने को मिल रहा है. कोविड-19 के खतरे को देखते हुए चीनी सरकार ने बीजिंग में कई जिलों में स्कूलों को बंद कर दिया है. सरकार ने स्कूलों से ऑनलाइन पढ़ाई कराने के निर्देश दिए हैं. दरअसल, पिछले कुछ दिनों से बीजिंग में कोरोना मामलों में उछाल आया है.

**चीन में फिर से लॉकडाउन जैसे हालात**

चीन में कोरोना वायरस एक बार फिर से तेजी से पैर पसार रहा है. जिसे देखते हुए चीनी सरकार ने कोरोना संक्रणम को फैलने से रोकने के लिए कई कदम उठाने शुरू कर दिए हैं. सरकार ने बीजिंग समेत कई दूसरे इलाको में कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए वहां शॉपिंग मॉल और रेस्टोरेंट को बंद करने का फैसला किया है. इसके अलावा कुछ पार्क और जिम को भी बंद करा दिया गया है. चीन के चाओयांग जिले के अधिकारियों ने वहां की कंपनियों को अपने कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम की सुविधा करने के आदेश दिए हैं. अधिकारियों ने लोगों से जरूरत नहीं होने पर घर में रहने और एक जिले से दूसरे जिले के बीच यात्रा नहीं करने की सलाह दी है.

## फोन पर दूसरी लड़की की आवाज सुनते ही आगबबूला हुई गर्लफ्रेंड

# प्रेमी के घर पर पेट्रोल छिड़ककर लगा दी आग

टेक्सास, 24 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के टेक्सास से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है जहां गुस्साई गर्लफ्रेंड ने अपने ब्वॉयफ्रेंड के घर में पेट्रोल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया। इतना ही नहीं आग लगाने से पहले उसने अपने ब्वॉयफ्रेंड के घर से कई कीमती सामान भी चुरा लिए थे। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है और कड़ी पूछताछ कर रही है। वहीं आग लगने के बाद से लड़के के घर वाले दहशत में हैं और उन्होंने लड़की पर चोरी के आरोप लगाए हैं।

**क्या है मामला?**

पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सोटो नाम की लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को फेसटाइम किया था। उस वक्त एक दूसरी महिला ने कॉल उठा लिया। फिर क्या था, आवाज सुनते ही



सोटो आगबबूला हो गई। आनन-फानन में वह ब्वॉयफ्रेंड के घर पहुंची और पहले कीमती ज्वेलरी और सामान की चोरी कर ली। फिर बदला लेने के लिए उसने ब्वॉयफ्रेंड के लिविंग रूम में एक सोफे में आग लगा दी और देखते ही देखते पूरे घर में आग फैल गई। जब घर में आग लगी थी, वीडियो रिकॉर्ड किया गया था और यह दिखाया गया था कि उसने सोफे पर आग लगाई थी जो फैल गई। आग से घर में 50,000 अमेरिकी डॉलर का सामान जलकर राख हो चुका है।

**वो महिला बॉयफ्रेंड की रिश्तेदार निकली**

जिस महिला की आवाज सुनने के बाद सोटो आगबबूला हुई थी वह महिला उसके प्रेमी की करीबी रिश्तेदार निकलीं। सबसे बड़ी बात यह की लड़की ने आग लगाते वक्त वीडियो रिकॉर्डिंग भी की। सोटो को दोपहर लगभग 2:30 बजे बर्गलरी हैबिटेशन-फोर्स, गुंडागर्दी और आगजनी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# जर्मन संग्रहालय से प्राचीन सोने के सिक्के चोरी, 2.3 मिलियन डॉलर थी कीमत



बर्लिन, 24 नवंबर (एजेंसियां)। जर्मनी में एक बार फिर से म्यूजियम में चोरी हो गई. चोरों ने म्यूजियम से 2.3 मिलियन डॉलर मूल्य के प्राचीन सोने के सिक्के चोरी कर लिए. सेल्टिक और रोमन म्यूजियम में जब बवेरिया के छोटे शहर मैनचिंग में स्थित सेल्टिक और रोमन संग्रहालय के कर्मचारी जब मंगलवार (22 नवंबर) की सुबह म्यूजियम पहुंचे तो उन्हें पता चला कि 2.3 मिलियन डॉलर की कीमत वाले 483 प्रचीन सोने के सिक्के चोरी हो गए हैं.

कहा जा रहा है कि ये सिक्के ईसा के जन्म से करीब 100 साल पहले के हैं. ये सिक्के छोटे-छोटे बटन की तरह दिखते थे. म्यूजियम के एक अधिकारी ने बताया कि चोरी हुए सोने के सिक्कों की कीमत तकरीबन 1.7 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो सकती है. इस घटना पर शहर के मेयर श्री हर्बर्ट नेरब ने कहा कि ये एक बुरी फिल्म की तरह है. यह एक पूर्ण तबाही है. चोरी हुए सोने के सिक्के अपनी कीमत से ज्यादा इस शहर के समृद्ध पुरातात्विक इतिहास का प्रतीक माने जाते थे.

**सरकार ने इसे अपूरणीय छति बताया**

बवेरिया के विज्ञान और कला राज्य मंत्री मार्कस ब्लूम ने इस घटना को अपूरणीय छति बताया. उन्होंने कहा कि ये सिक्के हमारे इतिहास के गवाह थे. इनका चोरी होना एक आपदा है. पुलिस ने भी इस घटना की पुष्टि की है. वहीं पुलिस ने बुधवार (23 नवंबर) को चोरी की पुष्टि करते हुए कहा कि पूरे इलाके के टेलीफोन लाइन की एक केबल काटकर 1,300 कनेक्शन को ठप कर दिया था. पुलिस बैंकों की रखवाली करती रहीपुलिस ने बताया कि मंगलवार (22 नवंबर) को सुबह 4 बजे के करीब एक टेक्नीशियन ने टेलीफोन सिस्टम बाधित होने की जानकारी दी. पुलिस ने इस सूचना पर बैंकों की चेकिंग करने के लिए पेट्रोलिंग कारों को भेजा, क्योंकि उन्हें लगा कि निशाने पर बैंक होंगी. उन्हें म्यूजियम में चोरी हो जाने का एहसास नहीं हुआ. जब म्यूजियम के कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे पुलिस को फोन किया तब पुलिस को चोरी के बारे में पता चला.

**2017 में चोरी हुआ था एतिहासिक सिक्का**

इससे पहले 2017 में बर्लिन के बोडे म्यूजियम में रखा 100 किलोग्राम का सोने का सिक्का चोरी हो गया था. इस सिक्के की कीमत 10 लाख डॉलर थी. ये सिक्का 53 सेंटीमीटर का था, जिसकी मोटाई 3 सेंटीमीटर था. इस सिक्के की विशेषता यह थी कि इस पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर थी.

# जेल में मौज: सत्येंद्र जैन ही नहीं इन वीवीआईपी के भी जेल के किस्से हैं मशहूर

नई दिल्ली, 24 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद सत्येंद्र जैन का एक के बाद एक मौज का वीडियो सामने आ रहा है. कभी सत्येंद्र जैल जेल में मसाज करते हुए नजर आ रहे हैं, तो कभी जेल के अंदर स्पेशल खाने का वीडियो का सामने आ रहा है.

मतलब सत्येंद्र जैन भले ही जेल में बंद हैं, लेकिन वह जेल रहते हुए आराम की जिंदगी जी रहे हैं. जेल में मौज का वीडियो सामने आने के बाद बीजेपी केजरीवाल सरकार पर हमलावर हो गई है. बीजेपी ने जेल में मौज की जिंदगी जी रहे सत्येंद्र जैन को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं. वैसे सत्येंद्र जैन कोई अकेले ऐसे शख्स नहीं रहे हैं, जो जेल में मौज फरमाते नजर आए.

इनसे पहले भी कई ऐसे अन्य लोगों ने जेल के अंदर वीवीआईपी की जिंदगी जी है. अक्सर भारत में कई मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें जेल में कैदी मौज काट रहे होते हैं. आज हम आपको ऐसे वीवीआईपी के बारे में बताएंगे, जो जेल में मौज की जिंदगी जी. बिल्कुल नहीं लगा कि लोग जेल में रह रहे हैं. एकदम से घर वाली जिंदगी जीते रहे हैं.

**लालू प्रसाद यादव-**

चारा घोटाले में जेल की सजा के दौरान लालू प्रसाद यादव ने खूब मौज काटी. आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सजा के दौरान खूब मौजभरी जिंदजी जिए. लालू प्रसाद



यादव के जेल की सजा के दौरान फोन पर बात करने की घटना सामने आई थी. इसके बाद बीजेपी ने जमकर हमला बोला था. कुछ साल पहले आरजेडी नेता कमलेश शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ था. जिसमें वे कहते पाए गए हैं कि उनसे लालू प्रसाद यादव जेल से रोज बात करते हैं. उस समय जेल में लालू यादव द्वारा फोन इस्तेमाल करने की घटना सामने आने के बाद खूब बवाल हुआ था.

**अतीक अहमद-**

उत्तर प्रदेश के माफिया अतीक अहमद के भी जेल के किस्से मशहूर हैं. 4 साल पहले में बाहुबली अतीक अहमद यूपी की देवरिया जेल में खूब मौज किया था. जेल में अतीक अहमद जिस चीज की डिमांड करते थे, वह उन्हें बड़ी आसानी से वह सुविधाएं मिल जाती है. अतीक अहमद का जेल में इतना दबदबा था कि जेल में रहते हुए अतीक ने कइयों की जमानत कराई तो कई को अन्य प्रकार से मदद पहुंचाकर अपना मुरीद बना लिया. जेल में बंद अपने संबंधी को मिल रही सहूलियत के कारण ही उनके घर वाले भी बाहर से अतीक की मदद के लिए तत्पर रहते थे.

**ठग सुकेश चंद्रशेखर–**

तिहाड़ जेल में मनी लॉनड्रिंग और ठगी के आरोप में बंद सुकेश चंद्रशेखर को लेकर बड़ी बात सामने आई थी. सुकेश ने पैसे के रसूख के बल पर ऑलीशान भरी जिंदगी जी रहा था. वह जैमर के बावजूद सुकेश चंद्रशेखर जेल में मोबाइल का इस्तेमाल करता था. वह अपनी इच्छा के अनुसार सुविधा पाने के लिए सुकेश चंद्रशेखर ने करोड़ों रुपये खर्च किए थे. वह बैरक में दो मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था. उसकी मदद जेल के बड़े अधिकारी करते थे.

**गुरप्रीत राम रहीम–**

रेप केस में 20 साल की सजा काट रहे राम रहीम ने भी जेल में मौज भरी जिंदगी जी. जेल में राम रहीम को स्पेशल खाने की व्यवस्था की जाती रही है. राम रहीम न तो खाने के लिए लाइन में लखता था, ना ही नह अपने खाने के जूठे बर्तन को धोता था. उसे बाकियों कैदियों से बेहतर सुविधा दी जाती थी. राम रहीम को स्पेशल टिफिन बंद खाने दिए जाते थे. यहीं नहीं उसे बैरक में स्पेशल बिस्तर की व्यवस्था की गई थी. सरकार की ओर से राम रहीम को रिश्तेदारों से मन भर मुलाकात करने की भी छूट भी दी गई है.

# बेटी का बिजनेस संभालने से इनकार, इसलिए बिसलेरी बिकेगी

## टाटा ग्रुप 7000 करोड़ में खरीदेगा, पिता रमेश बोले- पैसा चैरिटी में देंगे

मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड थम्स अप, गोल्ड स्पॉट और लिम्का को कोका-कोला को बेचने के लगभग तीन दशक बाद, रमेश चौहान बिसलेरी इंटरनेशनल को टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) को बेचने जा रहे हैं। ये डील 6,000-7,000 करोड़ रुपए में हो रही है। इकोनॉमिक टाइम्स ने इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है।

**बिजनेस बढ़ाने के लिए उत्तराधिकारी नहीं**

82 साल के चौहान का कहना है कि बिसलेरी को विस्तार के अगले लेवल पर ले जाने के लिए उनके पास उत्तराधिकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि बेटी जयंती कारोबार में ज्यादा दिलचस्पी नहीं रखती। बिसलेरी भारत की सबसे बड़ी पैकेज्ड वाटर कंपनी है। डील के तहत वर्तमान मैनेजमेंट दो साल तक जारी रहेगा।

**टाटा ग्रुप बेहतर तरीके से बिजनेस बढ़ाएगा**

चौहान ने कहा कि टाटा ग्रुप इसका और भी बेहतर तरीके से देखभाल करेगा और आगे बढ़ाएगा। हालांकि, बिसलेरी को बेचना अभी भी एक पेनफुल फैसला था। मुझे टाटा का कल्चर पसंद है और इसलिए अन्य खरीदारों के बावजूद मैंने टाटा को चुना। कहा जाता है कि बिसलेरी को खरीदने के लिए रिलायंस रिटेल, नेस्ले और डेनोन सहित कई दावेदार थे।

**चौहान चैरिटी में लगाएंगे पैसा**

चौहान ने कहा कि वह बिसलेरी में माइनोरिटी स्टेक भी नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि बिजनेस को बेचने के बाद उन्हें कंपनी में माइनोरिटी स्टेक होल्ड करने का कोई कारण नजर नहीं आता है। वहीं उन्होंने बताया कि बोतलबंद पानी के कारोबार से बाहर निकलने के बाद, वह वाटर हार्वेस्टिंग, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग जैसे पर्यावरण और चैरिटी से जुड़े कामों में फोकस करना चाहते हैं।

**एफवाई 23 में 220 करोड़ के प्रॉफिट का अनुमान**

चौहान ने कहा कि एफवाई 23 के लिए बिसलेरी ब्रांड का



कारोबार 220 करोड़ रुपए के प्रॉफिट के साथ 2,500 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। मार्च 2021 को खत्म साल में कंपनी ने 1,181.7 करोड़ रुपए की बिक्री और 95 करोड़ रुपए का प्रॉफिट दर्ज किया। वहीं मार्च 2020 को खत्म वित्त वर्ष में कंपनी का रेवेन्यू 1,472 करोड़ रुपए था और 100 करोड़ रुपए का प्रॉफिट दर्ज किया था।

**27 साल की उम्र में मिनरल वाटर बेचना शुरू किया**

मिनरल वाटर ब्रांड 'बिसलेरी' को भारत में पॉपुलर बनाने वाले रमेश चौहान का जन्म 17 जून, 1940 को जयंतीलाल और जया चौहान के यहां मुंबई में हुआ था। उनके दोस्त उन्हें आरजेसी के नाम से बुलाते हैं। उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग और बिजनेस मैनेजमेंट किया है। हमेशा अपने समय से आगे रहने के लिए जाने जाने वाले, चौहान 27 साल की उम्र में भारतीय बाजार में बोतलबंद मिनरल वाटर पेश किया था।

पारले एक्सपोर्ट्स ने 1969 में एक इटली के एक बिजनेसमैन से बिसलेरी को खरीदा था और भारत में मिनरल वाटर बेचना शुरू किया था। 50 साल से ज्यादा के करियर में चौहान ने बिसलेरी को मिनरल वाटर का भारत का टॉप ब्रांड बना दिया। चौहान ने प्रीमियम नेचुरल मिनरल वाटर ब्रांड वेदिका भी बनाया है। इसकेके अलावा, थम्सअप, गोल्ड स्पॉट, सिट्रा, माजा और लिम्का जैसे कई ब्रांड को बनाने वाले भी चौहान ही हैं।

**जयंती ने प्रोडक्ट डेवलपमेंट की पढ़ाई की**

रमेश चौहान की बेटी जयंती ने हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद, प्रोडक्ट डेवलपमेंट की पढ़ाई करने के उन्होंने लॉस एंजिल्स के फैशन इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड मर्चेंडाइजिंग (एफआईडीएम) में एडमिशन ले लिया। फिर उन्होंने इस्टिटूटो मारंगोनी मिलानो में फैशन स्टाइलिंग को सीखा। उन्होंने लंदन कॉलेज ऑफ फैशन से फैशन स्टाइलिंग और फोटोग्राफी भी सीखी है।

जयंती ने 24 साल की उम्र में बिसलेरी जॉइन की थी। उन्होंने दिल्ली ऑफिस का कार्यभार संभाला, जहां उन्होंने जमीनी स्तर पर शुरुआत की। उन्होंने फैक्ट्री का रिनोवेशन और ऑटोमेशन किया।

उन्होंने 2011 में मुंबई ऑफिस का कार्यभार संभाला। न्यू प्रोडक्ट डेवलपमेंट के साथ वो पुराने प्रोडक्ट के ऑपरेशन को स्ट्रीमलाइन करने में भी शामिल रहीं। जयंती शौकिया फोटोग्राफर और ट्रैवलर भी हैं। अभी वो कंपनी में वाइस चेयरपर्सन है।

बात भारत के आजादी के कुछ सालों बाद की है। उस वक्त एक डॉक्टर थे सेसार रॉसी। उनके दिमाग में एक बिजनेस आइडिया आया। सोचा कि भारत में आने वाले दिनों में पानी का कारोबार काफी सफल हो सकता है। उस समय पानी की उपलब्धता तो बहुत आसान थी, लेकिन साफ और मिनरल वाटर मिलना मुश्किल था। ऐसे में 1965 में डॉ. रॉसी ने खुशरू सुंतूक नाम के एक वकील के साथ मिलकर इंडिया में बिसलेरी लॉन्च की।

# 25 गायों के लिए आधी रात को खुला द्वारकाधीश मंदिर

## मालिक ने इनके लंपी वायरस से ठीक होने की मांगी थी मन्नत, कच्छ से द्वारका पहुंची



द्वारका, 24 नवंबर (एजेंसियां)। भगवान श्रीकृष्ण की नगरी 'द्वारका' के इतिहास में शायद ये पहला ही मौका है, जब द्वारकाधीश मंदिर के दरवाजे आधी रात को खोले गए। जी हां, बुधवार की रात यहां कुछ ऐसा ही हुआ। मंदिर के पट किसी वीआईपी के लिए नहीं बल्कि 25 गायों के लिए खोले गए। ये गाएं अपने मालिक के साथ 450 किमी की पैदल यात्रा कर कच्छ से द्वारका पहुंची थीं।

**पहले जानते हैं, ऐसा क्यों हुआ**

दरअसल, कच्छ में रहने वाले महादेव देसाई की गोशाला की 25 गायें करीब दो महीने पहले लंपी वायरस से ग्रस्त हो गई थीं। इस दौरान पूरे सौराष्ट्र में लंपी वायरस से गायों के मरने का सिलसिला जारी था। इसी बीच महादेव ने भगवान द्वारकाधीश से मन्नत मांगी थी कि अगर उनकी गायें ठीक हो गईं तो मैं इन गायों के साथ आपके दर्शन करने आऊंगा।

**लोगों को परेशानी ना हो इसलिए आधी रात को खोला गया मंदिर**

मंदिर प्रशासन के लिए सबसे बड़ी समस्या गायों की मंदिर में एंट्री को लेकर ही थी। क्योंकि यहां दिन भर हजारों भक्तों की भीड़ रहती है। ऐसे में गायों के पहुंचने से मंदिर की व्यवस्था बिगड़ जाती। इसलिए तय किया गया कि मंदिर आधी रात को खोला जाए। ऐसा भी सोचा गया कि भगवान श्रीकृष्ण तो गायों के ही भक्त थे, तो वे रात में भी इन्हें दर्शन दे सकते हैं। इस तरह रात के 12 बजे के बाद मंदिर के दरवाजे खोले गए।

द्वारका पहुंचकर गायों ने सबसे पहले भगवान द्वारकाधीश के दर्शन करने के बाद मंदिर की परिक्रमा भी की। इस समय भी मंदिर परिसर में कई लोग गायों के स्वागत के लिए मौजूद थे। मंदिर के पुजारियों ने भगवान के प्रसाद के अलावा इनके लिए चारा और पानी की भी व्यवस्था की थी।

**ठीक हो गईं गायें, दूसरी गायों में भी नहीं फैला वायरस**

महादेव बताते हैं कि भगवान द्वारकाधीश पर सबकुछ छोड़कर मैं गायों के इलाज में लग गया। कुछ दिन बाद ही गायें ठीक होने लगीं। करीब 20 दिन बाद सभी 25 गायें पूरी तरह स्वस्थ हो गईं। इतना ही नहीं, गोशाला की दूसरी गायों में भी लंपी वायरस का संक्रमण नहीं फैला। इनके पूरी तरह स्वस्थ हो जाने के बाद मैं इन्हें लेकर पैदल ही कच्छ से द्वारका के लिए रवाना हो गया।

# रायपुर की शादियों में घुस रहे सूट-बूट वाले चोर

## बच्चे, महिलाओं, पुरुषों का पूरा गैंग, रिश्तेदारों के अंदाज में पार्टी में घुसकर चुरा लिए कैश और गहने

रायपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर में शादियों का सीजन, कुछ बदमाशों के लिए चोरियों का सीजन बन गया है। शहर में कुछ ऐसे गैंग एक्टिव हैं, जो मैरिज पैलेस के इवेंट में जाकर चोरियों को अंजाम दे रहे हैं। ये शादियों में मिले तोहफे, गहने, कैश पर हाथ साफ कर रहे हैं। हाल ही में शहर में ऐसा ही कांड हुआ है। मंदिर हसौद थाने की पुलिस इस कांड को अंजाम देने वाले गैंग को खोज रही है।

बीते मंगलवार रायपुर के शिवानंद नगर खमतराई निवासी रियल स्टेट कारोबारी प्रशांत नाग के बेटे अनिश की शादी थी। समारोह सेरी-खेड़ी के सिब्बल फॉर्म में चल रहा था। कारोबारी के कई रिश्तेदार और करीबी इस कार्यक्रम में शामिल थे। इसी बीच यहां से जेवर और कैश से भरा बैग, कुछ तोहफे और शगुन लिफाफे चोरी कर लिए गए। कारोबारी के परिवार ने अब मंदिर हसौद थाने जाकर इस मामले की जानकारी दी है और कार्रवाई की मांग की है।

**फोटो खिंचवा रहा था परिवार पीछे हो गया कांड**

कार्यक्रम देर रात तक चला पूरा परिवार तस्वीरें खिंचवाने में मशगूल था। इसी बीच चोरों ने अपना काम कर दिया। पुलिस को कुछ फुटेज मिले हैं। इसमें स्टेज



फाइल फोटो

में जब परिवार के लोग जमा थे, तो पीछे कुछ लोग खड़े दिखे। घरवाले भी इन्हें पहचान नहीं सके। ये सब सूट-बूट में थे। माना जा रहा है कि मौका पाकर इन्होंने ही चोरी के कांड को अंजाम दिया।

**पूरा परिवार शामिल था चोरी में**

कारोबारी के रिसेप्शन में एक दो लोग नहीं बल्कि चोरों का पूरा गैंग आया था। इसमें कई महिलाएं, पुरुष बच्चे थे। मौका पाकर सभी ने अपनी-अपनी तरह से चोरी की। कोई रिश्तेदारों पर नजर रखे हुए था तो कोई बाहर जल्दी निकलने का बंदोबस्त कर रहा था। किसी ने मंच पर घर वालों को बात-चीत में उलझाया तो किसी ने बैग चुराकर दूसरे को दे दिया। इनमें महिलाओं ने बढ़िया साड़ी पहन रखी थी। बच्चे और पुरुष सूट बूट में थे ताकि सभी पार्टी में आए मेहमान की तरह लगें।

**पहले भी हो चुका है ऐसा ही कांड**

पिछले साल रायपुर के सेरी खेड़ी के मैरिज पैलेस में मेहंदी की रस्म चल रही थी। किसी ने दुल्हन के जेवर ही चोरी कर लिए। पुलिस को शादियों में चोरी करने वाले एमपी के गिरोह पर शक हुआ। जांच के लिए एक टीम मध्यप्रदेश के राजगढ़ पहुंची। पुलिस पहले ही रायपुर में सीसीटीवी फुटेज के जरिए संदिग्ध लोगों का हुलिया पहचान चुकी थी। टीम ने एमपी में छापा मारा और रितिक नाम के बदमाश को पकड़ा गया था।

ऐसा ही कांड लाभांडी के कोर्टयार्ड मैरियट होटल में हो चुका है। यहां सूट बूट पहनकर आए मेहमान ने दुल्हन के जेवर पार कर दिए। यहां भी पुलिस को फुटेज में कुछ संदिग्ध मिले थे। बारात विशाखापटनम लौट गई थी, इसलिए चोरी का पता कई दिनों बाद चला था।

**इस गैंग का काम ही आपकी शादियों में चोरी**

करनाइस गिरोह के सदस्य मूलतः जिला राजगढ़ (म.प्र.) के पचोर के निवासी होते है। गिरोह के सदस्य विवाह समारोह में अच्छे कपड़े पहनकर शामिल होते है। सभी चोर घरवालों सहित आसपास के लोगों पर लगातार नजर रखकर यह समझ जाते हैं कि गिफ्ट या गहने कहां हैं। फिर मौका देखकर सोने, चांदी के जेवरात, नगदी रकम और तोहफे लेकर फरार हो जाते हैं। यह गिरोह देश भर में घूम-घूम कर ऐसी चोरियां करता है। गिरोह के सभी चोर सूट-बूट में तैयार होकर कार्यक्रमों में जाते हैं ताकि किसी को शक ना हो।

# धान खरीदी में पंजीयन घोटाला

## सहकारी समिति ने बिना जमीन के भी किसानों का रजिस्ट्रेशन कर लिया, दो कर्मचारी सस्पेंड, 2 पर एफआईआर

रायपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया में पंजीयन घोटाला सामने है। यहां सहकारी समिति के कर्मचारियों ने ऐसे किसानों का नाम धान बेचने वालों की सूची में रजिस्टर कर लिया जिनके पास खेती की जमीन ही नहीं है। प्रशासन ने शुरुआती जांच के बाद दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। वहीं दो लोगों पर एफआईआर कराया गया है। प्रशासन की ओर से बताया गया, जांजगीर-चांपा जिले के धान खरीदी केन्द्र कोरबी में धान खरीदी में अनियमितता का मामला पकड़ में आया है। सेवा सहकारी समिति कोरबी में फर्जी पंजीयन की शिकायत मिली थी। कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने अनुविभागीय अधिकारी कमलेश नंदिनी साहू, उप पंजीयक उमेश गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी अश्वनी पांडेय, भू-अभिलेख शाखा के सहायक अधीक्षक विनय पटेल ने शिकायत की जांच सौंपी। जांच में शिकायत सही पाई गई। उसके बाद कलेक्टर ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एस.के. जोगी और धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी सह ऑपरेटर विकास सिंह को निलंबित कर एफआईआर दर्ज कराया है। फर्जी पंजीयन कराने वाले पूजा अग्रवाल और जितेन्द्र अग्रवाल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कराया है। प्रशासन की ओर से कहा गया, धान खरीदी में किसी भी तरह की अफरा-तफरी की रोकथाम के लिए लगातार निगरानी हो रही है। धान खरीदी की व्यवस्था की शिकायत से लेकर फर्जी पंजीयन, अवैध धान के विक्रय एवं अन्य गड़बड़ियों की जांच-पड़ताल के लिए अनुभाग स्तर पर चार जांच दल गठित किए गए हैं। धान खरीदी के पिछले सीजन में भी जांजगीर-चांपा जिले में ऐसी कई गड़बड़ियां पकड़ी गई थीं। नवागढ़ ब्लॉक तुलसी और किरीत केंद्रों पर तो सहकारी समिति कर्मचारियों और तहसील कर्मियों की मिलीभगत से ऐसे किसानों के नाम पर पंजीयन कर लिया गया जिनके नाम से एक डेसीमल जमीन भी नहीं थी। जिस जमीन का पंजीयन हुआ वह रिकॉर्ड में सरकारी भूमि के तौर पर दर्ज थी। शिकायत के बाद जांच हुई और चोरी पकड़ी गई। कई कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर हुई। प्रदेश में धान की सरकारी खरीदी एक नवम्बर से शुरू हुई है। इन 23 दिनों में 13 लाख 34 हजार मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। तीन लाख 85 हजार 822 किसानों को दो हजार 803 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक अब 1 दिसंबर को

रांची, 24 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड कैबिनेट की बैठक अब 1 दिसंबर को होगी। पहले ये बैठक 28 नवंबर को बुलायी गयी थी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में होने वाली कैबिनेट की बैठक की तारीख में बदलाव की जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा दी गयी है। ये बैठक शाम 4 बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि 28 नवंबर यानी सोमवार को शाम 4 बजे से होने वाली मंत्रिपरिषद की बैठक अब 1 दिसंबर यानी गुरुवार को 4 बजे से होगी। मंत्रिपरिषद यानी कैबिनेट की बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

झारखंड कैबिनेट की बैठक की तारीख में बदलाव किया गया है। पहले ये बैठक 28 नवंबर को होनी थी। अब ये मीटिंग 1 दिसंबर को होगी। प्रोजेक्ट भवन में शाम 4 बजे से कैबिनेट की बैठक होगी। इससे पहले 10 नवंबर को कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी थी। इसमें मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना समेत अन्य कई अहम योजनाओं पर मुहर लगायी गयी थी।

# छत्तीसगढ़ में पहली बार ब्रेन डेड का आर्गन ट्रांसप्लांट

## 32 घंटे की सर्जरी में 100 से अधिक डॉक्टरों-टेक्निशियन की टीम, तीन मरीजों में लगाई किडनी, लीवर

रायपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में पहली बार कैडेवर ट्रांसप्लांट-यानी ब्रेन डेड व्यक्ति से निकाले गए अंगों को दूसरे मरीजों में लगाने की सर्जरी हुई है। इसके लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में 100 से अधिक डॉक्टरों-तकनिशियनों की टीम ने लगातार 32 घंटे तक सर्जरी की। ब्रेन डेड हो चुकी 44 वर्षीय महिला के शरीर से किडनी और लीवर निकालकर तीन मरीजों को तो वहीं लगा दिया गया। शेष अंगों को अलग-अलग अस्पतालों को भेजा गया है, जहां वह जल्दी ही जरूरतमंदों के काम आएंगे।

रायपुर में कबीर नगर की रहने वाली 44 वर्षीय अमरजीत कौर को ब्रेन स्ट्रोक की वजह से ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। उनके परिजनों ने अंगदान की इच्छा जताई और प्रशासन ने उनके नेक काम में मदद की।



रायपुर स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप दवे ने बताया, हमें पता चला कि शहर में ब्रेन डेड का एक केस है, जिसमें परिजन कैडेवर आर्गन डोनेशन के लिए तैयार हैं। इसके बाद हमने तैयारी शुरू कर दी। कोई चूक न हो, इसके लिए 100 से अधिक डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की टीम बनाई। परिजनों को भावनात्मक सपोर्ट देने के लिए एक काउंसलिंग टीम पूरे समय उनके साथ रही।

शुक्रवार को रात 9.30 बजे जब डोनर हमारे अस्पताल में पहुंची, तब सबसे पहले इस बात की पुष्टि के लिए दो बार टेस्ट किए कि वह वाकई ब्रेन डेड हैं। दोनों टेस्ट पॉजिटिव रहे यानी उनके ब्रेन डेड की दोबारा पुष्टि हो गई।

# छत्तीसगढ़ की हीरा खदान पर तस्करों का कब्जा

## अवैध खनन कर 10-10 फीट तक कर दिए सैकड़ों गड्ढे, माइंस में वर्ल्ड क्लास हीरे मौजूद

गरियाबंद, 24 नवंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे बड़े हीरा खदानों में से एक पायलीखंड में तस्कर बेखौफ होकर हीरे की अवैध खुदाई कर रहे हैं। खदान शुरू करने के लिए सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। 32 साल पहले पायलीखंड में हीरा होने की पुष्टि हुई थी। साल 2000 में छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनते ही खदान की सुरक्षा का जिम्मा सीआरपीएफ को सौंप दिया गया। यहां सीआरपीएफ के जवानों का पहरा था, लेकिन 2009 में इस घने जंगली इलाके को नक्सलियों ने अपना ठिकाना बना लिया। इसके बाद शासन ने सुरक्षा के लिहाज से तैनात बल को यहां से हटा लिया। सुरक्षा जवानों के हटते ही नक्सलियों ने यहां अपनी पैठ मजबूत कर ली। 2016 तक नक्सलियों के साए में यहां बड़े पैमाने पर हीरे की अवैध



तस्करी जारी रही। हैरानी की बात ये है कि वर्ल्ड क्लास बेशकीमती हीरे का ये गढ़ सरकारी उपेक्षा का बुरी तरह से शिकार है।

नदी-नालों से होकर कच्ची सड़क गुजरती है, जिसके जरिए यहां तक आया जा सकता है। सुरक्षा की बिल्कुल व्यवस्था नहीं है। तार टूटे हुए हैं और सुरक्षाकर्मियों के बैरक उजड़े हुए। यही नहीं खदान के लगभग 10 किमी इलाके में ताजा खनन के गहरे गड्ढे और नदी किनारे पानी में धोकर मिट्टी से हीरा अलग करने की तस्वीरें साफ बताती है कि यहां कितने बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन हो रहा है। ग्रामीणों की मानें तो पुलिस की आवाजाही बरसात में नदी उफान पर होने के कारण जब बंद हो जाती है, तो यहां तस्करों का जमावड़ा लग जाता है।

2016 में जब पायलीखंड के नाम पर जुगाड़ में थाना खोला गया, तो तस्करी पर अंकुश जरूर लगा, लेकिन ये पूरी तरह से बंद नहीं हुई। आंकड़े बताते हैं कि 5 साल में पुलिस ने 12 मामले में 19 तस्करों को दबोचा, उनसे 2210 नग हीरे भी जब्त किए गए, जिनकी कीमत 2 करोड़ रुपए से ज्यादा बताई गई है। खदान से अवैध उत्खन्न और हीरा तस्करों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कोशिश कर रही है।

पायलीखंड खदान 4600 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। अविभाजित मध्यप्रदेश के दौरान खदान से हीरा निकालने की अनुमति वी विजय कुमार के डिबियर्स कम्पनी को दी गई थी। कंपनी ने यहां पंडरी पानी गांव में अपनी लैब और माइनिंग की बड़ी मशीन भी स्थापित की। कंपनी काम शुरू करती, इससे पहले ही छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश से अलग राज्य बन गया। प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने डिबियर्स कंपनी के साथ हुए अनुबंध में गड़बड़ी मिलने पर इसे निरस्त कर दिया।

कंपनी सरकार के फैसले के खिलाफ न्यायालय में चली गई। 2008 से मामला हाईकोर्ट में लंबित है। भूपेश सरकार ने अब इस मामले में फिर पहल की है।

# रांची मेयर सीट आरक्षण को लेकर ठनी रार

## एसटी और एससी दोनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

रांची, 24 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों का उल्लंघन कर नगर निकाय चुनाव कराने की साजिश और आदिवासियों का प्रतिनिधित्व खत्म किये जाने के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने अलबर्ट एक्का चौक पर नगरपालिका अधिनियम-2011 की प्रति जलायी और राज्य निर्वाचन आयोग का पुतला फूंका।

आदिवासी अधिकार रक्षा मंच के लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा झारखंड के पांचवीं अनुसूची जिलों में भी नगर निकायों का चुनाव सामान्य कानून से कराया जाता रहा है। वहीं, यही आयोग पांचवीं अनुसूची जिलों में विशेष पंचायत कानून (पेसा कानून) के तहत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराता है। श्री मुंडा ने कहा कि एक ही शिड्यूल एरिया में पंचायत चुनाव विशेष कानून के तहत और नगर निकायों का चुनाव सामान्य कानून से हो, यह संविधान विरोधी, आदिवासी विरोधी और पांचवीं अनुसूची के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस चुनाव से शिड्यूल एरिया में भी आदिवासियों का प्रतिनिधित्व समाप्त हो रहा है। संताल परगना प्रमंडल के दुमका, साहेबगंज, पाकुड़, जामताड़ा जिले, कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खारसावां जिले, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के रांची जिले में नगर निगम, नगर परिषद व नगर पंचायत के एकल पद को अनारक्षित या अनुसूचित जाति का कर दिया गया है।

# राज्यपाल ने लौटाया आबकारी बिल

## भाजपा ने बताया- साहसिक कदम, हेमंत सरकार से वापस लेने की मांग

रांची, 24 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने हेमंत सोरेन सरकार के आबकारी संशोधन विधेयक-2022 को मंजूरी देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने इस विधेयक को पुनर्विचार के लिए सरकार के पास वापस लौटा दिया है। अब इस फैसले पर राजनीति शुरू हो गई है। झारखंड भाजपा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यपाल के इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इसे साहसिक कदम बताते हुए कहा कि झारखंड आबकारी संशोधन विधेयक शराब विक्रेताओं के हित में है। इससे राज्य के राजस्व को नुकसान हो रहा है। भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा, भाजपा शुरुआत से ही इस विधेयक का विरोध करती आई है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार से इस विधेयक को वापस लेने को कहा। प्रकाश ने कहा, राज्यपाल का फैसला राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता के हित में है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, यह विधेयक भ्रष्ट लोगों को सुरक्षा प्रदान करता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, बड़े दुर्भाग्य की बात है कि इस विधेयक ने राज्य को नुकसान पहुंचाया है और ऐसी चीजों को विधेयक में शामिल किया गया, जिससे राज्य के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, यह विधेयक यहां के लोगों और शराब उद्योग, व्यापार और रोजगार से जुड़े लोगों को भी नुकसान पहुंचाने वाला है।



# गहलोत बोले-पायलट ने गद्दारी की, सीएम कैसे बन सकता है

## कहा– जिसके पास 10 विधायक नहीं हों, उसे कोई स्वीकार ही नहीं करेगा

जयपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आने से पहले कांग्रेस में एक बार फिर भारी खींचतान शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि पायलट को कैसे सीएम बना सकते हैं। जिस आदमी के पास 10 विधायक नहीं हैं, जिसने बगावत की हो, जिसे गद्दार नाम दिया गया है, उसे कैसे लोग स्वीकार कर सकते हैं।

गहलोत ने कहा कि जिसके कारण हम 34 दिन होटलों में बैठे रहे, ये सरकार गिरा रहे थे, अमित शाह भी शामिल थे। धर्मेंद्र प्रधान भी शामिल थे। गहलोत ने एनडीटीवी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में पायलट पर हमला बोला।

गहलोत कैंप के द्वारा पायलट को स्वीकार नहीं करने के सवाल पर गहलोत ने कहा- जो आदमी गद्दारी कर चुका है, उसे हमारे एमएलए और मैंने खुद भुगता है, 34 दिन तक होटलों में रहे हैं, उनको वे कैसे स्वीकार करेंगे?




**आज तो मैं ही सीएम, मुझे हाईकमान से कोई संकेत नहीं**

सीएम रहने के सवाल पर गहलोत ने कहा- आज तो मैं ही हूं यहां पर। हाईकमान की तरफ से इशारे के सवाल पर कहा- हाईकमान के इशारे की छोड़ो, मुझे तो कोई इंडिकेशन नहीं है। मैं हाईकमान के साथ हूं। पायलट को कोई स्वीकार ही नहीं करेगा।

गहलोत ने कहा- हाईकमान राजस्थान के साथ न्याय करेगा। सितंबर की बातें हैं। अजय माकन और हाईकमान को अपनी फीलिंग बता चुका हूं। राजस्थान में सरकार आना जरूरी है। मैं तीन बार सीएम रह चुका। मेरे लिए सीएम रहना जरूरी नहीं है।

गहलोत ने कहा कि आप सर्वे करवा लीजिए कि मेरे मुख्यमंत्री रहने से सरकार आ सकती है तो मुझे रखिए। अगर दूसरे चेहरे से सरकार आ सकती है तो उसे बनाइए। मैं अमरिंदर सिंह की तरह बगावत नहीं करूंगा। मैं सरकार लाने के लिए जान लगा दूंगा।

**'मंत्री बनने के लिए पायलट ने मुझे फोन किया था'**

सचिन पायलट के साथ झगड़े के सवाल पर गहलोत ने कहा- जब 2009 में लोकसभा चुनाव में राजस्थान से 20 सांसद कांग्रेस के जीते तो मुझे दिल्ली बुलाया गया। जब वर्किंग कमेटी की बैठक हुई तो राजस्थान से मंत्री बनाने के बारे में मुझसे पूछा गया। सचिन पायलट को जानकारी है, मैंने पायलट को केंद्र में मंत्री बनाने की सिफारिश की थी। उस समय वसुंधरा राजे की सरकार में 70 गुर्जर मारे गए थे, य हां गुर्जर-मीणाओं में झगड़ा था।

गहलोत ने कहा कि मैंने गुर्जर समाज से सचिन पायलट को मंत्री बनाने की सिफारिश की। इससे गुर्जर-मीणा का झगड़ा खत्म होगा। बाद में मेरे पास सचिन पायलट का फोन आया था कि मेरी सिफारिश कीजिए, जबकि मैं तो पहले ही सिफारिश कर चुका था। जिस आदमी के दिल में प्यार होगा, तभी तो वह नौजवान की सिफारिश करेगा।

**25 सितंबर को पायलट की वजह से माहौल बिगड़ा**

पार्टी की हालत पर गहलोत ने कहा- मुझे कोई टेंशन नहीं है। थोड़े बहुत मतभेद सब जगह होते हैं। 25 सितंबर को बगावत नहीं हुई थी। 2019 में बगावत हुई थी, 34 दिन होटलों में रहे। 25 सितंबर को 90 लोग इकट्ठे हुए, ये वे लोग थे, जिन्होंने सरकार बचाने में सहयोग किया, वरना सरकार बच नहीं सकती थी। बिना हाईकमान कोई सीएम सरकार बचा ही नहीं सकता।

गहलोत ने कहा कि कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री ऐसा नहीं है जो हाईकमान के बिना विधायकों का समर्थन ले ले। जिसने पार्टी के साथ गद्दारी की, गद्दारी किए हुए आदमी को हमारे विधायक कैसे स्वीकार कर सकते हैं।

**दो महीने पहले राजस्थान में हुई बगावत की कहानी...**

'पायलट ने ऐसा व्यवहार किया जैसे वो सीएम बन रहे हों'

गहलोत ने कहा- एक बात फैलाई गई कि सचिन पायलट को सीएम बनाया जा रहा है। पायलट ने खुद ऐसा व्यवहार किया कि वे सीएम बनने जा रहे हैं। उन्होंने कई विधायकों को फोन किए कि पर्यवेक्षक आ रहे हैं, उन्हें यह कहना है।

गहलोत ने कहा कि इन हालातों में एमएलए को यह भ्रम हो गया कि पायलट विधायक दल की बैठक के दूसरे दिन ही शपथ ले रहे हैं। इसलिए 90 विधायक इकट्ठे हो गए थे। वे सब निष्ठावान हैं और हाईकमान के साथ हैं। जिसकी वजह से हम 34 दिन होटलों में रहे, जिसने सरकार गिराने का षडयंत्र किया, उसे विधायक कैसे स्वीकार करते।

# गहलोत सरकार ने कुर्सी बचाने में निकाल दिए 4 साल

## राठौड़ ने कहा- कांग्रेस वाले एक परिवार की गुलामी कर रहे

सीकर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा की दिसंबर में होने वाली जन आक्रोश रैली को लेकर गुरुवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री और जिला प्रभारी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सीकर पहुंचे। कार्यकर्ताओं से रैली में बड़ी संख्या में लोगों को लाने पर चर्चा की गई। इस मौके पर राठौड़ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 4 साल में राजस्थान सरकार जिम्मेदारी से भागती रही। केवल अपनी कुर्सी बचाने के लिए नेता जोर-आजमाइश करने में व्यस्त रहे। कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को लेकर भाजपा की ओर से दिसंबर से जनआक्रोश रैली निकाली जाएगी। रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने और बड़ी संख्या में रैली में लोगों की मौजूदगी को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सीकर के भाजपा कार्यालय में विधानसभा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होने बताया कि 200 रथ तैयार किए गए तो हर विधानसभा में जाएंगे ।

राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में 4 साल तक सरकार ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से नहीं निभाई, केवल सरकार



कुर्सी और आपसी मतभेदों से ही घिरी रही। किसान,युवा, महिला, कानून व्यवस्था सभी जगह सरकार फैल रही। उन्होने कहा कि केवल लूट मची हुई है । अगस्त में एक सड़क का लोकार्पण किया था और अब वह सड़क पूरी तरह से गायब हो चुकी है। उन्होने तंज कसते हुए कहा कि यह कुर्सी बचाओ योजना के तहत सड़क बनी थी। इसलिए सड़क इसी योजना में लग गई।

राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में रीट, पुलिस, स्वास्थ्य, पेपरलीक पर तमाशा बना रखा है। 4 सालों में राजस्थान को पीछे धकेलने का काम किया गया है। इसलिए जनता में आक्रोश है कि जो जिम्मेदारी सरकार को दी वह निभाई नहीं जा रही है। राजस्थान में कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। जनता अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। परिवार वाले अपनी बेटी को शाम को पढ़ने के लिए भेजने के लिए दस बार सोचते है। उन्होने कहा की मुख्यमंत्री खुद प्रदेश के गृह मंत्री है लेकिन इसके बाद भी हालात बिगड़ रहे है।

भारत जोड़ों यात्रा पर राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री कह रहे है कि राहुल गांधी नए रूप में दिख रहे है। राहुल गांधी 50 साल के हो गए और बचपन से सत्ता संभाली हुई है। ऐसे में राहुल गांधी कितनी बार अपना रूप बदलेंगे। विपक्ष का रोल केवल पार्लियामेंट को नहीं चलने देना,पानी घर-घर तक नहीं पहुंचने का रह गया। राजस्थान के साथ हो रही बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस वालों को एक परिवार की गुलामी करने का गर्व है। राजस्थान में अगले चुनाव पर कहा कि डबल इंजन की सरकार ही जमीन को पानी पिला सकती है और वह काम भाजपा करेगी।

राठौड़ ने कहा कि कुर्सी पर कौन बैठेगा इसकी कांग्रेस को चिंता लगी हुई है। वहीं भाजपा को राजस्थान को आगे बढ़ाने की चिंता है। कांग्रेस 4 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फेल करने में ही लगी रही। इनको पता नहीं कि मोदी को पूरा देश प्यार करता है।

# जयपुर में 25 से 27 नवंबर तक एबीवीपी-राष्ट्रीय अधिवेशन

## योगगुरू स्वामी रामदेव-केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शामिल होंगे

जयपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। बीजेपी की स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 68वां राष्ट्रीय अधिवेशन 25 से 27 नवंबर तक जयपुर के जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी कैम्पस सीतापुरा में लगेगा। जिसमें देशभर से 3000 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे। योगगुरू स्वामी रामदेव इसका उद्घाटन करेंगे। समापन सत्र के दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शामिल होंगे। 'मिनी इंडिया' में देशभर की सांस्कृतिक झलक और महापुरुषों की गौरव गाथा इस दौरान देखने को मिलेगी। 5 प्रस्ताव अधिवेशन के दौरान पास किए जाएंगे। अधिवेशन से पहले आज राष्ट्रीय कार्यपरिषद की बैठक बुलाई गई है। जिसमें सालभर के कार्यक्रमों का रिव्यू होगा और अगले साल के कार्यक्रमों पर चर्चा होगी। बैठक में एबीवीपी के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन भाई पटेल, महामंत्री निधि त्रिपाठी और राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय मंत्री होश्यार मीणा समेत पदाधिकारी मौजूद हैं। कल उद्घाटन सत्र में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही भी मौजूद रहेंगे।

18 साल बाद राजस्थान में हो रहे अधिवेशन का उद्घाटन 25 नवंबर को योगगुरू स्वामी रामदेव करेंगे। 26 नवंबर को अग्रवाल कॉलेज से अल्बर्ट हॉल तक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सभी राज्यों की संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। जबकि अंतिम दिन 27 नवंबर को समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान 'यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार समारोह' के चीफ गेस्ट होंगे। जेईसीसी सीतापुरा कैम्पस देशभर के विद्यार्थी परिषद के युवा नेताओं के स्वागत के लिए सज-धजकर तैयार हो गया है।

अधिवेशन में एबीवीपी पदाधिकारियों के अलावा राजस्थान बीजेपी के ऐसे सांसद, विधायक और नेता भी शामिल होंगे। जो पहले एबीवीपी संगठन में रह चुके हैं। सभी राज्यों के विचारधारा से जुड़े हुए छात्र, शिक्षक और शिक्षाविद् भी अधिवेशन में हिस्सा लेंगे। पार्टिसिपेट्स इस दौरान एजुकेशन फील्ड में बदलावों की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करेंगे।

# दिसंबर में फिर गर्माएगी राजस्थान की सियासत

## सीएम कुर्सी के लिए पॉलिटिकल ड्रामा फिर संभव, भारत जोड़ो से टकराएगी बीजेपी की रथ यात्रा

जयपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एक बार फिर एक मंच पर साथ दिखाई दिए। भले ही ये राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों के लिए हुई कांग्रेस की कॉर्डिनेशन कमिटी की बैठक का मौका था, लेकिन ये तस्वीर दिसंबर में बदल सकती है।

साल 2022 के इस अंतिम महीने में राजस्थान का मौसम भले ही ठंडा होगा, मगर राजनीतिक पारा गर्म होने वाला है। देशभर की नजरें गुजरात और हिमाचल चुनाव के नतीजों पर होंगी। लेकिन राजस्थान में फिर से बड़ा पॉलिटिकल ड्रामा होने की संभावनाएं फिर से जन्म ले रही हैं। चाहे बीजेपी हो या कांग्रेस, दोनों ही पार्टियों के लिए दिसंबर का महीना बड़ी उथल-पुथल की ओर इशारा कर रहा है।

आखिर दिसंबर में क्या होने वाला है? राजस्थान की राजनीति में क्या बदलाव होंगे, जो देश की सुर्खियां बन सकते हैं। ये सब समझने के लिए सबसे पहले तो राजस्थान में अगले महीने होने वाले पॉलिटिकल इवेंट को जानना जरूरी है। ये इवेंट महज कार्यक्रम नहीं होंगे बल्कि प्रदेश की सियासत को नई दिशा दे सकते हैं।

**यात्रा की एंट्री के साथ चढ़ेगा राजनीतिक पारा**

राजस्थान में सियासी गर्मी तब बढ़ने लगेगी जब दिसंबर के पहले ही सप्ताह में राहुल गांधी की यात्रा झालारापाटन (झालावाड़) से राजस्थान में एंट्री लेगी। सियासी संकट के बीच यह यात्रा राजस्थान से सफलतापूर्वक निकलना किसी चैलेंज से कम नहीं होगा। खासतौर से तब जब यह यात्रा गुर्जर और मीणा बाहुल्य इलाकों से गुजरेगी। इन इलाके में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट का दबदबा है। पायलट को सीएम नहीं बनाए जाने की टीस यहां के लोगों में भी है। ऐसे में यात्रा के दौरान यह संभव है कि सचिन पायलट के समर्थन में माहौल नजर आए।




इन बातों का इशारा अभी से मिलना शुरू हो गया है। यात्रा के राजस्थान पहुंचने से पहले चेतावनियों और धमकियों का दौर शुरू हो चुका है। अगर इस वजह से यात्रा के दौरान जरा भी माहौल बिगड़ता है तो यह पायलट को बैकफुट पर भी धकेल सकता है। क्योंकि अभी तक राहुल गांधी की यात्रा सभी राज्यों से बिना किसी विवाद के होकर गुजरी है।

**सरकार के 4 साल और बीजेपी का आंदोलन**

भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश में रहने के दौरान ही कांग्रेस सरकार अपने 4 साल पूरे कर रही है। अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सरकार के पास अपने काम गिनाने और वाहवाही लूटने का अंतिम मौका है। इसी को देखते हुए राजस्थान सरकार इसकी पूरी तैयारी में जुटी है।

मगर इसी बीच बीजेपी ने कांग्रेस को घेरने की तैयारी कर ली है। बीजेपी इसे गहलोत सरकार के 4 साल को विफलता गिनाने के सबसे अहम मौके के रूप में देख रही है। हाल ही में राजस्थान बीजेपी की वर्किंग कमेटी की बैठक में भी जोरदार आंदोलन की रूपरेखा तैयार हो चुकी है।

**भारत जोड़ो यात्रा के बीच बीजेपी की रथ यात्रा**

राजस्थान का सियासी पारा तब और बढ़ेगा जब कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा और बीजेपी की रथ यात्रा टकराएगी। फिलहाल माना जा रहा है कि 3 से 20 दिसंबर के बीच राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में रहेगी। मगर इसी दौरान बीजेपी प्रदेशभर की विधानसभा सीटों में अपनी रथयात्रा निकालेगी।

बीजेपी पूरे प्रदेश में रथयात्रा के जरिए यह माहौल बनाने की कोशिश करेगी कि कांग्रेस की सबसे खराब और कमजोर सरकार है। इसके लिए बीजेपी कांग्रेस सरकार में बड़े अपराध, लगातार पेपर लीक प्रकरण, भर्तियां रद्द होने और सियासी संकट को मुद्दा बनाएगी।

ये तो थे वो बड़े राजनीतिक घटनाक्रम जो दिसंबर में राजस्थान में होने हैं। मगर इन घटनाक्रमों से भी ज्यादा जरूरी इनका असर राजस्थान की सियासत की नई दिशा तय करेगा।

**गहलोत बने रहेंगे या पायलट आएंगे?**

दिसंबर में ही राजस्थान में सीएम की कुर्सी को लेकर बड़ा फैसला हो सकता है। गुजरात चुनाव 5 दिसंबर को पूरा हो जाएगा, वहीं 8 दिसंबर को इसका रिजल्ट भी आ जाएगा। ऐसे में यह माना जा रहा है कि इसके बाद राजस्थान के सीएम को लेकर चल रही अटकलें भी दूर हो जाएंगी। अशोक गहलोत बने रहेंगे या सचिन पायलट सीएम की ताजपोशी होगी, ये फैसला भी यात्रा के दौरान कर लिया जाएगा। इसी के साथ पीसीसी चीफ और राजस्थान में कांग्रेस की रणनीति पर भी स्थितियां साफ हो जाएंगी।

# राहुल गांधी के साथ चिपकने से कोई सीएम नहीं बनता'

## दिव्या की फोटो पर भाजपा नेता और बेनीवाल का कमेंट ; बोले– इनकी शादी कराओ

सरदार शहर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जैसे-जैसे राजस्थान की ओर बढ़ रही है, वैसे ही सियासी सरगर्मियां भी तेज होने लगी हैं। यात्रा से जुड़ी फोटो और शामिल नेताओं को लेकर विरोधी कुछ न कुछ तंज कसते हुए दिख रहे हैं। अब ओसियां (जोधपुर) से विधायक दिव्या मदेरणा की राहुल गांधी के साथ एक फोटो को लेकर भाजपा नेता के साथ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) अध्यक्ष ने भी इशारों-इशारों में कमेंट किए हैं। राहुल के साथ भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुई कई एक्ट्रेस व महिला नेताओं को लेकर तो सांसद हनुमान बेनीवाल ने ये तक कह दिया कि 'चिपकने से कोई सीएम नहीं बनता है'।

बेनीवाल ने यह बयान सरदारशहर (चूरू) उपचुनाव में प्रचार के दौरान दिया। इससे पहले उत्तर प्रदेश में भाजपा के पूर्व विधायक अरुण यादव ने भी दिव्या-राहुल की फोटो ट्वीट करते हुए यूजर्स से कैप्शन मांगे थे। इसके बाद दिव्या मदेरणा ने कई ट्वीट करते हुए नीचतम स्तर की राजनीति बताया था। वहीं, सोशल मीडिया यूजर्स ने भी अरुण यादव को ट्रोल करना शुरू कर दिया था।

**एक फोटो से सियासी बवाल**

कांग्रेस की तेज-तर्रार विधायक दिव्या मदेरणा दरअसल 21-22




नवंबर को महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुई थीं। इस दौरान राहुल गांधी ने उनका माथा चूमा था। दिव्या ने यही फोटो 23 नवंबर को ट्वीट की थी। इसके बाद इस फोटो को लेकर सियासी तंज और बयानबाजी शुरू हो गई।

इसी दिन शाम को सांसद हनुमान बेनीवाल बिना नाम लिए दिव्या की फोटो पर जमकर तंज कसे। उन्होंने कहा कि किसान की बेटियां राहुल से चिपक-चिपक कर फोटो ले रही हैं। क्या उससे कोई मुख्यमंत्री बनता है क्या..?

**क्या कहा सांसद हनुमान बेनीवाल ने-**

जिस तरह आप महिलाओं का अपमान कर रहे हो,..ये क्या यहां कोई इंग्लैड और अमेरिका थोड़े ही है, जो आधे कपड़ों में लोग घूम रहे हैं। हमारे कई किसान की बेटियां और अभिनेत्रियां राहुल के चिपक-चिपक कर फोटो ले रही हैं, उससे कोई मुख्यमंत्री बनता है क्या..? उनकी अकल का दिवाला निकल गया, उनका भी साथ में राहुल गांधी का भी।

मैं अशोक गहलोत साहब से अपील करना चाहता हूं, गहलोत जी को अपील का बड़ा शौक है। आपने विधानसभा में कहा था ना कि राहुल और प्रियंका मेरे बच्चे जैसे हैं, मैंने उन्हें गोद में खिलाया है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप राहुल गांधी की शादी कराओ, इसका दिमाग खराब हो गया है। ये भारत को जोड़ेगा या नहीं जोड़ेगा ये मुझे पता नहीं, लेकिन एक दिन ऐसा बवंडर कर देगा देश के अंदर जो कांग्रेस खामियाजा उठाना पड़ेगा।

55 साल उम्र हो गई, शादी की भी उम्र होती है, मेरी भी शादी लेट हुई थी, 34-35 साल के लगभग में मेरी शादी हुई थी। ये तो मेरा भाई मेरे से भी 20 साल आगे चल रहा है, तो 55 के बाद शादी नहीं करते। इसलिए मेरी कांग्रेस नेताओं से अपील है कि आपस का झगड़ा छोड़ो, पहले अपने पार्टी के नेता ब्याह कराओ, सबको जीमणे के लिए बुलाओ और इसका घर बसाओ पहले और उसे बाद भारत को जोड़ो, ये मेरी कांग्रेस पार्टी से अपील है'। देखिए, लाड प्यार अलग होता है, किसी का स्नेह अलग होता है, लेकिन इस तरह की हरकतें करना बिल्कुल ही एक राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष को अच्छा नहीं लगता। मैं उन अभिनेत्रियों और नेत्रियों से भी अपील करुंगा कि इस तरह आप पोपुलरिटी पाने के लिए जिस तरह की हकरतें कर रही हो और सोशल मीडिया पर जिस तरह फोटा अपलोड कर रही हो। इससे समाज की भी इनसल्ट होती है, किसान की भी इनसल्ट होती है। आपके समर्थकों के अंदर भी रोष होता है कि हमारी नेत्री क्या कर रही हैं। हमारे नेताओं, नेत्रियों को सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए।

**शादी की नसीहत पर भड़के थे समर्थक**

दिव्या और हनुमान बेनीवाल के बीच राजनीति खींचतान लंबे समय से जारी है। दोनों ही नेता एक-दूसरे पर सियासी बयानबाजी का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। करीब पांच महीने पहले बेनीवाल को दिव्या को शादी की नसीहत दी थी। जिसके बाद मदेरणा के गुस्साए समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था।

# मेयर सौम्या आज पेश कर सकती है जवाब

## सरकार ने 25 नवंबर तक का दिया है समय; अगले सप्ताह हो सकती है पद से बर्खास्त

जयपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर आने वाला सप्ताह भारी पड़ सकता है। सरकार ने मेयर को जो जवाब पेश करने का समय दिया है वह 25 नवंबर को पूरा होगा। इस जवाब के बाद ऐसा माना जा रहा है कि सरकार सौम्या पर एक्शन करके उन्हें दोबारा मेयर की कुर्सी से हटा सकती है।

जानकारों की माने तो सरकार अगर सौम्या को दोबारा कुर्सी से हटाती है तो एक बार फिर से सरकार कार्यवाहक मेयर लगा सकती है। क्योंकि 10 नवंबर को जो उपचुनाव करवाए गए थे, उस पर हाइकोर्ट के आदेश का क्या असर रहा इसको लेकर निर्वाचन आयोग को आगे का फैसला करना है।

# राजस्थान के मुद्दों पर पायलट की राहुल-प्रियंका से चर्चा

## माकन के इस्तीफे और नेताओं के एक्शन पर चर्चा, राजनैतिक नियुक्तियों पर सुझाव दिया

जयपुर, 24 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में चल रही सियासी खींचतान के बीच आज सचिन पायलट ने मध्यप्रदेश के बुरहानपुर में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात की है। पायलट ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से राजस्थान के घटनाक्रम और सियासी खींचतान पर चर्चा की है। राजस्थान में यात्रा के साथ कांग्रेस की अंदरूनी सियासत के हिसाब से इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। सचिन पायलट कल ही बुरहानपुर पहुंच गए थे। आज पायलट राहुल गांधी की भारत यात्रा में उनके साथ चल रहे हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने से पहले पायलट की दोनों नेताओं के साथ हुई चर्चा के सियासी मायने हैं। माना जा रहा है कि 25 सितंबर को हुई घटना से लेकर अब तक हुए सियासी घटनाक्रम पर भी पायलट ने राहुल,प्रियंका को फीडबैक दिया है। पायलट खेमा विधायक दल की बैठक के बहिष्कार के लिए जिम्मेदार नेताओं के खिलाफ राजस्थान में यात्रा की एंट्री से पहले एक्शन चाहता है। उधर सीएम अशोक गहलोत खेमे का तर्क है कि जब मुख्यमंत्री माफी मांग चुके तो उसमें सब आ जाता है। अब मुख्यमंत्री की माफी को ही सबकी माफी माना जाता है या तीन नेताओं के खिलाफ एक्शन होता है इस पर फैसला पेंडिंग है।




सचिन पायलट ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात में राजस्थान से जुड़े सियासी फैसलों को जल्दी धरातल पर उतारने की पैरवी की है। पायलट ने विधानसभा चुनावों में साल भर से भी कम का समय होने का तर्क देकर सत्ता और संगठन से जुड़े पैंडिंग फैसलों पर तेजी से काम करने का सुझाव दिया है। पायलट ने अपनी मांगों के संबंध में भी जल्द एक्शन लेने की मांग दोहराई है।

पायलट सार्वजनिक रूप से कई बार कह चुके हैं कि सरकार रिपीट करने के लिए अलग तरीके से काम करना होगा और इसके लिए हमने कुछ उपाय सुझाए हैं।

# कोटा में महिला ने डॉक्टर पर कुर्सी उठाकर मारी

## महिला की मौत के बाद परिजनों ने किया हमला; चांटे मारे, दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

कोटा, 24 नवंबर (एजेंसियां)। एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने सरकारी हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया। इस दौरान एक महिला ने रेजिडेंट डॉक्टर पर कुर्सी उठाकर दे मारी। मामला इतना बढ़ गया कि मरीज महिला के परिजनों ने डॉक्टर्स को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मामला कोटा के MBS हॉस्पिटल में बुधवार देर रात 1 बजे का है। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इमरजेंसी में बैठे डॉक्टर्स की पिटाई के बाद गुरुवार को डॉक्टर्स भी धरने पर उतर गए हैं। जानकारी के अनुसार 26 साल की महिला मरीज शाहिस्ता जुबेर को बुधवार सुबह 10 बजे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया था।

रेजिडेंट डॉक्टर बृजलाल बैरवा ने बताया कि महिला मरीज के डेंगू था। उसकी प्लेटलेट्स 64 हजार के करीब थी। ब्लड प्रेशर भी लो आ रहा था। वार्ड में महिला का इलाज चल रहा था। शाम 7-8 बजे करीब महिला की स्थिति बिगड़ने लगी तो परिजनों ने हंगामा किया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत करवाया। रात करीब 1 बजे इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।



# एफआरओ की हत्या से पोडु भूमि सर्वेक्षण अधर में लटका

आदिलाबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। चल रहे पोडु भूमि सर्वेक्षण के पूरा होने को लेकर अनिश्चितता है क्योंकि कोत्तागुडेम में वन रेंज अधिकारी सीएच श्रीनिवास राव की हत्या के बाद वन अधिकारी चिंतित हैं। वन विभाग के अधिकारी जिले के वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण के लिए कानून लागू करने के लिए हमलों का शिकार हुए हैं। वास्तव में, 1987 से 2011 तक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सागौन लकड़ी तस्करों द्वारा किए गए हमलों में दो वन रेंज अधिकारियों, एक उप एफआरओ और पांच वन बीट अधिकारियों (एफबीओ) सहित आठ वन अधिकारी मारे गए थे। हम हर दिन वन कवर और वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। सागौन की लकड़ी के तस्कर, विशेष रूप से आदिलाबाद के खूंखार मुल्तानियों को पेड़ों को काटने से रोकने के लिए वन अधिकारियों के खिलाफ हिंसक होने के लिए जाना जाता है। वन सीमांत गांवों के कुछ निवासी वन भूमि में वृक्षारोपण करने वाले फील्ड कर्मचारियों के साथ मारपीट का सहारा ले रहे हैं। वन रेंज अधिकारी ने कहा कि वनवासियों को लगता है कि कर्तव्यों का निर्वहन शारीरिक हमलों से भरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय राजनीतिक नेता चुनावी लाभ हासिल करने के लिए वन भूमि के अतिक्रमणकारियों का समर्थन कर रहे हैं। उनका मत था कि जंगल के संरक्षण में राजनीतिक नेताओं के हस्तक्षेप से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वे चाहते हैं कि सरकार अपने बचाव के लिए हथियार मुहैया कराए। वन विभाग के अधिकारियों ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र द्वारा हमलों को रोकने के लिए अपनाई गई नीतियों का अनुकरण करे। महाराष्ट्र सरकार वन अधिकारियों को हथियार दे रही है। इस कदम ने वनवासियों में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास पैदा किया और जंगलों और वन्यजीवों की सुरक्षा में मदद की, एक अन्य वन अधिकारी ने तर्क दिया।

## मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से पोडु भूमि सर्वेक्षण में तेजी लाने को कहा



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने जिला कलेक्टरों को पोडु भूमि सर्वेक्षण में तेजी लाने और तुरंत ग्राम सभा बुलाने और तदनुसार प्रस्तावों को दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं।

मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने गुरुवार को यहां जिला कलेक्टरों, अपर कलेक्टरों और अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की। सम्मेलन के दौरान पोडु, बृहत पल्ले प्रकृति वनम, तेलंगाना क्रीड़ा प्रांगनम में प्राप्त प्रगति और राजस्व संबंधी पहलुओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को पोडु भूमि सर्वेक्षण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावों को दर्ज करने के लिए तुरंत ग्राम सभा बुलाई जानी चाहिए। एक दो दिन में उच्च प्राथमिकता पर अनुमंडल बैठक बुलाने के निर्देश दिये गये। चूंकि अधिकांश जिलों में तेलंगाना क्रीड़ा प्रांगनामों की पहचान लगभग पूरी हो चुकी थी, इसलिए काम में तेजी लाई जानी चाहिए और पूरा किया जाना चाहिए, उन्होंने कलेक्टरों को जीओ 58 और जीओ 59 के तहत लंबित आवेदनों के प्रसंस्करण को पूरा करने का निर्देश दिया।

## राज्य और केंद्र के बीच दरार से देश में अराजकता की आशंका : निरंजन

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने आज कहा कि केंद्र और राज्य के संवैधानिक निकायों के बीच मौजूदा विरोधाभासी स्थिति और जिस तरह से जांच निकाय सत्ता में पार्टियों के लिए कठपुतली के रूप में काम कर रहे हैं, राज्य में अराजकता का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे देश में अराजकता भी फैल सकती है। टीपीसीसी नेता ने कहा कि केंद्र और राज्य में सत्ताधारी दलों द्वारा लोगों को पूरी तरह से भ्रमित करने के लिए जांच संस्थानों का इस्तेमाल करने की रणनीति अपनाई जा रही है। लोगों ने उन्हें लोगों के लिए कल्याण करने की उम्मीद में सत्ता में चुना है, लेकिन एक-दूसरे के खिलाफ बदला लेने के लिए नहीं।

## श्री गोपाल गौशाला इब्राहिमपटनम में गौसेवा की गई



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री गोपाल गौशाला इब्रहिमपटनम में अमावस्या के अवसर पर गौसेवा एवं प्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेषकर धर्मप्रेमी के. महिन्द्र रेड्डी जो श्री सिद्दी विनायक रियल स्टेट के चेयरमेन है उनकी पूरी मार्केटिंग टीम के साथ लगभग 80 कर्मियों को गौशाला लाकर गौसेवा की एवं प्रसाद का लाभ लिया। केएमआर फान्डेशन से मार्केटिंग प्रमुख मम्बुरी रवि एवं हर्षवर्धन ने अपने सभी साथी महिला एवं पुरुषों का नेतृत्व कर गौसेवा की और गोपाल गौशाला के मेनेजिंग ट्रस्टी महावीर प्रसाद अग्रवाल ने उनको गौशाला की विस्तृत जानकारी दी और गौ महिमा का संदेश दिया। सभी ने उत्साहित मन से प्रति माह गौ सेवा करने का आश्वासन दिया। सर्वप्रथम गौशाला में स्थित मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण एवं अन्य देवी-देवताओं को प्रसाद भोग चढाकर पुजा-अर्चना की एवं गौमाता को भोग लगया। अवसर पर सुबह गौमाता को गायत्रीनगर गौसेवक मंडल द्वारा डलिये की सेवा की तथा दोपहर में श्रीराम ग्रुप के सदस्यों ने गौसेवा की। इस अवसर पर श्री गोपाल गोशाला ट्रस्ट के चेयरमेन तुलसीराम बंसल, वाईस चेयरमेन सत्तबीर गर्ग, मेनेजिंग ट्रस्टी महावीर प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनोद गर्ग, भक्तगण रमेश काबरा, लक्ष्मीनिवास काबरा, महेश डीडवानी, सुभाष बादुर, सुशील शर्मा, राजेश, देवेन्द्र गौड, सुरेश योगी, श्रीराम ग्रुप के बाबु सिंह, मुकेश सिंह, भगतसिंह, बसन्त एवं अधिक संख्या में गौ भक्तों ने गौसेवा की एवं प्रसाद लाभ लिया।

## जन सेवा संघ संचालन समिति की बैठक संपन्न



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जन सेवा संघ संचालन समिति की बैठक का आयोजन संस्था के केंद्रीय कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने संस्था के प्रचार-प्रसार पर गहरा विचार विमर्श किया। सुनील श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए साप्ताहिक सदस्यता अभियान चलाने तथा क्षेत्रीय समितियों की बैठक का सुझाव दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि छठ पूजा के दौरान प्रत्येक छठ पूजा घाटों में सदस्यता अभियान उपस्थित लाभार्थियों की संख्या तथा किए जाने वाले कार्यक्रम के लाभ एवं केंद्रीय समिति द्वारा जारी अधिसूचना के पालन पर भी जानकारी लेकर सभी को सूचित किया जाना चाहिए। मौजूद सभी सदस्यों ने आगामी केंद्रीय समिति की चयन के लिए चुनाव प्रक्रिया को लागू करने पर बल दिया। गोविंद तिवारी ने संचालन समिति के सदस्यों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया। श्रीकांत पांडेय ने कार्यालय खर्चे पर अंकुश लगाने का तथा इसके समय-समय पर पूर्ण रुप से ध्यान देने का सुझाव दिया। यह भी तय किया गया कि सदस्यों के नवीनीकरण एवं सभी क्रियाकलापों पर विशेष ध्यान देते हुए केंद्रीय समिति के दिशा निर्देश पर चलने का भी सुझाव सामने आया। केडी चौबे ने सदस्यों द्वारा किए जाने वाले कार्यो में शिथिलता आने का जिक्र करते हुए सभी क्षेत्रों की बैठक निर्धारित समय पर कराने पर बल दिया।

उन्होंने कार्यालय की व्यवस्था की देखरेख, साफ-सफाई, उपकरणों की मरम्मत आदि पर भी प्रकाश डाला। एलएम चौधरी ने केंद्रीय समिति का कार्यकाल एक वर्ष करने का सुझाव दिया तथा बताया कि अगले समिति का चुनाव शीघ्रता से किया जाए जिससे नई समिति आगामी जनवरी से अपना कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ कर सके। उन्होंने जोनल प्रभारियों से अपने क्षेत्र पर विशेष ध्यान रखने का भी सुझाव दिया। राजीव रंजन चौबे ने आगामी नए वर्ष से कार्य पर सहयोग करने का आश्वासन दिया तथा अपने एरिया में कार्य को गति देने के लिए प्रतिबद्धता दर्शाया । श्री वी डी चौबे ने उनके अधीनस्थ सभी क्षेत्रों पर हो रहे क्रियाकलापों पर चर्चा करते हुए सभी सदस्यों से इस पर विशेष ध्यान देने का भी आग्रह किया। इस अवसर जन सेवा संघ के अध्यक्ष एलएम चौधरी, महासचिव केडी चौबे, संघठन सचिव वीडी चौबे, संचालन समिति के संयोजक पीपी पांडेय, श्रीकांत पांडेय, राजीव रंजन चौबे, गोविंद तिवारी, कपिराज सिंह, सुनिल श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## विट्ठल रुक्मा बाई मंदिर में गायत्री हवन पूजा का आयोजन



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अमावस्या पर जियागुडा के विट्ठल रुक्मा बाई मंदिर में गायत्री हवन पूजा का आयोजन किया गया। मंदिर के सदस्य व भावसार समाज के प्रमुख भांडेकर विनोद एवं वनिता दाम्सी ने पूजा में हिस्सा लिया। अवसर पर समाजसेवी गोपाल बल्दवा प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके हाथों मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। साथ ही मंदिर कमिटी के सदस्यों ने उनका शाल व फुलमाला पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्य बडी संख्या में उपस्थित थे। आगामी रविवार को मंदिर में रोग निदान शिवीर का आयोजन किए जाने की जानकारी डॉ. प्रशांत निमकर ने दी।



गोशामहल विस क्षेत्र की झिंगुर बस्ती गौशाला में वीडीसीसी रोड का निर्माण कार्य के शुभारंभ पर उपस्थित विधायक टी. राजा सिंह, गोशामहल पार्षद लालसिंह, बेगम बाजार पार्षद शंकर यादव, पांडु यादव, एम. कृष्ण किशन, गुणवंत बिरदार, अक्षय साहू, राजा जौहरी, एम. किशन, महेश मायाधारी, राकेश सिंह, गणेश सिंह, अजीत राणा और अन्य।

## अग्रवाल समाज मलकपेट द्वारा अन्नदान कार्यक्रम




हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज मलकपेट के तत्वाधान में प्रतिमाह अनुसार मासिक अन्न प्रसाद का आयोजन गंज स्थित अग्रसेन हॉल के पास किया गया, जिसमें 650 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अवसर पर शाखा के अध्यक्ष लाजपत राय गुप्ता, उपाध्यक्ष सतनारायण मोदी, संयुक्त मंत्री सुरेश गोयल,केंद्रीय समिति सदस्य महावीर प्रसाद अग्रवाल, हरिश्चंद्र बजाज, गोविंद नारायण मोदी, सुरेश चंद्र गुप्ता,श्याम लाल गोयल, शैलेश अग्रवाल,श्याम सुंदर अग्रवाल,ओम प्रकाश पचेरिया, अशोक अग्रवाल,सतीश बंसल, गोपाल मोदी तथा युवा मोर्चा के नितेश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल,जितेंद्र गोयल ने अपनी सेवा दी।

# महिला मंडल द्वारा 'निर्माण-उम्मीद एक बेहतर कल की' पर कार्यशाला संपन्न



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद द्वारा 'निर्माण-उम्मीद एक बेहतर कल की' कार्यशाला का आयोजित बशीरबाग में किया गया। अध्यक्ष अनीता गिड़िया ने बताया कि मंडल की बहनो द्वारा नमस्कार महामंत्र से कार्यशाला प्रारंभ की गई।

केंद्र द्वारा निर्देशित प्रारूप के अनुसार समिति सदस्य डिंपल बैद ने महाप्राण ध्वनि का प्रयोग करवाया तथा कान और नेत्रों की यौगिक क्रियाओं के बारे में अच्छी जानकारी दी। गीतिका नाहटा ने बच्चों को ताड़ासन करवाया और उसके लाभ बताए। नमिता सिंघी ने सुंदर एवं ज्ञानवर्धक माता-पिता की सेवा पर कहानी सुनाई। इस विषय पर बच्चों से चर्चा भी की गई। याददाश्त बढ़ाने के लिए गेम खिलाए गए। साथ ही एकता में शक्ति है, ग्रुप गेम खिलाया गया। न्यूज़ पेपर से किस प्रकार नई नई चीजें बनाई जा सकती है उसकी भी प्रतियोगिता रखी गई। यह प्रतियोगिता अत्यंत ही मनोरंजक रही । सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साह से इसमें भाग लिया। वातावरण को स्वच्छ किस प्रकार रखें, मंडल सदस्य वीनू नाहटा ने जानकारी दी। महिला मंडल की ओर से तोहफे वितरित किए। बच्चों ने बहुत ही सब्र,शालीनता से कार्यक्रम में सहयोग किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की और धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारे स्कूल के बच्चे लाभान्वित होते है। कार्यशाला में लगभग 165 बच्चों की उपस्थिति रही। संयोजिका मीनाक्षी सुराणा, डिम्पल बैद का विशेष सहयोग रहा। कोषाध्यक्ष शांता बैद ने सभी का आभार ज्ञापन किया।

## गांव के विकास के लिये हरसंभव प्रयास : सरपंच



मदनूर, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मदनूर मंडल बड़ा तडगूर गांव के सरपंच मोगाला ने गांव में नाली निर्माण काम का निरीक्षण करते समय बताया कि गांव के विकास के लिये हरदम प्रयास करेंगे। स्थानीय जनता कई दिनों से नाली की समस्या से परेशान थी। आज ग्राम पंचायत निधि से गांव की हरएक गल्ली में नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। आभी तक गांव में वैकुंठ धाम, विलेज पार्क, किसान भवन सीसी रोड के साथ विविध कार्य किया गया। आने वाले दिनों में स्वछता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस समय सरपंच मोगलाजी, ग्रामपंचायत सचिव भास्कर, राजन्ना, ईरना, संजू के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्व मंगल गौशाला में भजन कार्यक्रम संपन्न




हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व मंगल गौ शाला सोमाराम विलेज, मेडचल में अमावस्या के अवसर पर सभी राजस्थानी 36 कोम द्वारा गौ पालन व रक्षण हेतु तन मन धन से बढ़-चढ़कर सहयोग किया। विशनाराम सुथार के द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई जिनमें गणमान्य व्यक्ति पुखराज सीरवी (अध्यक्ष श्री जगदंबा गौशाला), लुंबाराम सीरवी, सावल राम सीरवी प्रकाश सीरवी, भोमाराम सुथार, मदनलाल, नेता राम, मोहन सुथार, पवन, अशोक, भोलाराम सीरवी, डूंगाराम सीरवी दोलाराम प्रजापत, नारायण राम, विक्रम मदनलाल, ओकाराम माली उपस्थित रहे। मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार व दलपत सिंह ने धन्यवाद प्रकट किया।

## आज पीएम मोदी के साथ खड़ा है पूरा देश : रोहित सिंह



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह ने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा है। 2014 के बाद दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। इसका श्रेय सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के कारण मुस्लिम बहनों को तीन तलाक़ से मुक्ति मिली, धारा 370 समाप्त हुआ। भारत विश्वगुरु बनने की ओर बढ़ रहा है। श्री सिंह ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब भारत में सामान्य नागरिक संहिता लागू हो। एक देश एक क़ानून होना चाहिए।

भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है फिर यहाँ हिंदू-मुस्लिम के लिए अलग क़ानून क्यों। श्री सिंह ने कहा कि मैं किसी राजनीतिक पार्टी का सदस्य नहीं हूँ परंतु भारत माता का भक्त हूँ, इसलिए राष्ट्र निर्माण हेतु सबको एकजुट करने का प्रयास कर रहा हूँ। श्री सिंह ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर, वाराणसी में काशी कारीडोर, उज्जैन में महाकाल कारीडोर जैसे एतिहासिक कार्य मोदी सरकार के कार्यकाल में हो रहा है। श्री सिंह ने कहा कि लार्ड मेकाले ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था की ख़त्म किया था परंतु देश की आजादी के बाद सरकार चाहती तो प्रथम कैबिनेट में मेकाले शिक्षा व्यवस्था को ख़त्म कर सकती थी परंतु नहीं किया। श्री सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की जनता धन्यवाद दे रही है कि नई शिक्षा नीति लागूकर देश की संस्कृति और सभ्यता को सुरक्षित करने का प्रयास किया। श्री सिंह ने कहा मोदी सरकार ने हिन्दी भाषा में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू कराकर राष्ट्र भाषा का मान बढ़ाया। श्री सिंह ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने हेतु युवा वर्ग को आगे आना होगा।श्री सिंह ने कहा की भारतीय राजनीति से परिवारवाद को समाप्त करने हेतु सबको मिलकर काम करना होगा।




भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष पर लगाए गए झूठे आरोपों के लिए टीआरएस सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए जामबाग संभाग के पार्षद राकेश जायसवाल व अन्य।



जाट समाज के समाजसेवी दोलाराम कडवा का नगर वापसी पर उनका सम्मान करते हुए जाट एकता मंच के अध्यक्ष धर्माराम ढाका, सतपाल, मोवनलाल।

## हिंदी महाविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित




हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए त्रि दिवसीय प्रवेश एवं अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल ने बताया कि उद्घाटन समारोह में काचीगुड़ा डिविजन के असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस ए. श्रीनिवास मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को उच्चतम लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि यदि उनको असफलता भी प्राप्त होगी तो उनको अनुभव प्राप्त होगा जो भविष्य निर्माण हेतु काम आएगा। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बतौर अतिथि उपस्थित सेवा निवृत्त तेलगु प्राध्यापक एवं केशव मेमोरियल के सचिव डॉ. सुब्रमण्यम मुख्य ने राष्ट्र निर्माण में युवा वर्ग की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया। प्रथम दिवस के तृतीय एवं अन्तिम सत्र में अतिरिक्त परीक्षा संचालक श्रीमती हरिता एवं पायल हर्ष ने सीबीसीएस, परीक्षा पद्धति, डीटेंशन सिस्टम आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अंत में श्री चंद्रभान गिरि ने छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय समिति के मानदमंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा एवं उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा ने भी इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्या डॉ. श्रीदेवी और श्रीमती अश्वनी संपुरकर के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में अंग्रेजी विभाग अध्यक्षा श्रीमती शारदा एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ रजनी धारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जल निकासी समस्या का जायजा लिया गया



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल विस क्षेत्र के जामबाग, पुसलाबस्ती, सिक गली, इडली गली, रामभक्त समाज, तुरुप बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में जारी जल निकासी समस्याओं का स्थानीय नेता आनंद कुमार गौड़ ने पदयात्रा निकाल जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने हिंदी नगर जल प्रबंधक शेखर से बात कर समस्या बताई। शेखर ने दोपहर तक समस्या का समाधान करने का वादा किया। बस्ती की जनता की ओर से शेखर का धन्यवाद किया गया। उन्होंने लोगों से टीआरएस सरकार आने के बाद दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को समझने को कहा। इस अवसर पर जामबाग मंडल के प्रधान सचिव जी. नंदू कुमार, बस्ती निवासी भजन सिंह, जिंगाडिया, महेश, रघु, संतोष, राकेश सिंह, रमेश, नागेश, गिरीश, रमेश, जलील, टिमकू सिंह, नरेश गौड़, शैला सहित अन्य शामिल हुए।

## युवा जागरण संस्कार शिविर का बैनर विमोचित




हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गच्छाधिपति गुरुदेव राजयशसूरीजी म.सा की आज्ञावर्तनी पूज्य लक्ष्यशाश्रीजी म.सा आदि ठाणा 3 की पावन निश्रा में श्री अजीत पार्श्व जूनियर संगठन कोठी द्वारा आयोजित एक दिवसीय युवा जागरण संस्कार शिविर का आयोजन नगर के कारवान स्थित दादावाड़ी परिसर में 11 दिसंबर को सुबह 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे होने जा रहा है। युवा पीढ़ी में संस्कारों के उद्देश्य से आयोजित एक दिवसीय शिविर के बैनर का विमोचन किया गया और नगर के समस्त भवीजनों को अपने बच्चों को शिविर में भेजने का निवेदन किया गया इस अवसर पर उपस्थित अध्यक्ष-तनीषा जैन, मंत्री-भविक बाठिया, कोषाध्यक्ष- आयुष कोठारी, सिद्धांत लूनिया, संस्कार बेदमुथा, चेताली संचेती आदि उपस्थित थे।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मैच आज

## इंडिया तोड़ सकती है पाकिस्तान के 2 रिकॉर्ड



खेल डेस्क, 24 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा। इस सीरीज के दौरान भारत के पास वनडे रैंकिंग में दुनिया की नंबर-2 टीम बनने का मौका है।

इसके अलावा भारतीय टीम पाकिस्तान के 2 बड़े रिकॉर्ड भी तोड़ सकती है। भारत के कप्तान शिखर धवन वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वेस्टइंडीज के दिग्गज विव रिचर्ड्स से आगे निकल सकते हैं। इन सभी रिकॉर्ड की बात आगे विस्तार से करेंगे। शुरुआत रैंकिंग से करते हैं।

**अभी नंबर-3 पर है टीम इंडिया**

भारत इस समय टी-20 क्रिकेट में दुनिया की नंबर-1 टीम है, तो टेस्ट में उसे दूसरा स्थान हासिल है। वनडे क्रिकेट में भारत तीसरे नंबर पर है। इस सीरीज के दौरान भारतीय टीम के पास नंबर-2 पर जाने का मौका है। अभी इंग्लैंड 119 पॉइंट्स के साथ पहले और न्यूजीलैंड 114 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। भारत के 112 अंक हैं।

भारत अगर सीरीज में 2-1 या 3-0 से जीत हासिल कर लेता है तो वह वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। 2-1 से जीत की स्थिति में भारत के 113 और न्यूजीलैंड के 112 अंक होंगे। 3-0 से जीत की स्थिति में भारत के 116 और न्यूजीलैंड के 108 पॉइंट्स होंगे।

**धवन कैसे निकलेंगे रिचर्ड्स से आगे**

इस सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी करने वाले शिखर धवन ने वनडे क्रिकेट में अब तक 161 मैचों में 6,672 रन बनाए हैं। वे ओवरऑल टैली में 53वें नंबर पर हैं। वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज रहे विवियन रिचर्ड्स 187 मैचों में 6,721 रन बनाकर 51वें नंबर पर हैं। अगर धवन इस सीरीज में 50 रन बना लेते हैं तो वे रिचर्ड्स से आगे निकल जाएंगे। रिचर्ड्स और धवन के बीच 52वें नंबर पर जिम्बाब्वे के ब्रैंडन टेलर हैं। उनके नाम 205 मैचों में 6,684 रन हैं।

**लगातार छठी सीरीज जीतने का मौका**

भारतीय टीम इस सीरीज से पहले लगातार 5 वनडे सीरीज जीत चुकी है। जनवरी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ साउथ अफ्रीका में वनडे सीरीज गंवाने के बाद से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो और इंग्लैंड, जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका को 1-1 बार वनडे सीरीज जीती हैं।

इस तरह अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ भी सीरीज जीत जाती है तो यह वनडे क्रिकेट में टीम की लगातार छठवीं सीरीज जीत होगी। इससे पहले भारत ने 2008-09 और 2017-18 में लगातार 6 द्विपक्षीय सीरीज पर कब्जा किया था। भारत कभी लगातार 6 से ज्यादा द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाया है।

**एक मैच जीतते ही टूटेगा पाकिस्तान का पहला रिकॉर्ड**

टीम इंडिया इस सीरीज में अगर एक मुकाबला भी जीत लेती है तो वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा मैच जीतने के मामले में पाकिस्तान से आगे निकल जाएगी। वहीं, अगर भारतीय टीम सीरीज में दो मुकाबले जीत लेती है तो वह न्यूजीलैंड को न्यूजीलैंड में सबसे ज्यादा बार हराने के मामले में पाकिस्तान को पीछे छोड़ तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। भारत ने अब तक न्यूजीलैंड के खिलाफ 110 वनडे में 55 जीत हासिल की है। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 107 वनडे में 55 जीत हासिल की है। न्यूजीलैंड की धरती पर भारत ने उसके खिलाफ 42 मैचों में 14 जीत हासिल की है। वहीं, पाकिस्तान ने 49 मैचों में 15 जीत हासिल की है।

# बांग्लादेश दौरे के लिए टीम इंडिया में 2 बदलाव

## जडेजा-यश दयाल बाहर, कुलदीप सेन और शाहबाज को मौका; ए टीम भी घोषित

खेल डेस्क, 24 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश दौरे के लिए टीम इंडिया में दो बदलाव किए गए हैं। रविंद्र जडेजा और यश दयाल इंजर्ड होने के चलते इस दौरे से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मध्यप्रदेश के पेसर कुलदीप सेन और ऑल राउंडर शाहबाज अहमद को जगह दी गई है।

यह दौरा दिसंबर में होगा, इसमें 3 वनडे और 2 टेस्ट खेले जाएंगे। सीनियर टीम के साथ ही भारत की 'ए' टीम का भी ऐलान किया गया है। यह टीम बांग्लादेश में दो चार दिवसीय मैच खेलेगी।

**दयाल की कमर में चोट**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहली बार टीम इंडिया में सिलेक्ट किए गए यश दयाल के लोअर बैक में दिक्कत है। इसके चलते उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा है। दूसरी तरफ, रविंद्र जडेजा के घुटने में अब भी दिक्कत है। वे अगस्त-सितंबर के दौरान UAE में खेले गए एशिया कप में बाहर हो गए थे। जडेजा तब से ही बाहर हैं। BCCI की मेडिकल टीम दोनों प्लेयर्स की फिटनेस पर नजर रख रही है।



**भारत के बांग्लादेश दौरे का शेड्यूल**

| 3 वनडे | 2 टेस्ट |
|---|---|
| पहला: 4 दिसंबर ढाका | पहला 14-18 दिसंबर ढाका |
| दूसरा: 7 दिसंबर ढाका | दूसरा 22-26 दिसंबर चटगांव |
| तीसरा: 10 दिसंबर ढाका | |

कुलदीप और शाहबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही 3 मैचों की वनडे सीरीज का हिस्सा हैं। अब उन्हें बांग्लादेश दौरे पर भी टीम में रखा गया है।

**बांग्लादेश में वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया**

रोहित शर्मा (कप्तान), लोकेश राहुल (उप कप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, राहुल त्रिपाठी, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), शाहबाज अहमद, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर और कुलदीप सेन।

**इंडिया ए पहले मैच के लिए**

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी और अतीत सेठ।

**इंडिया ए दूसरे मैच के लिए**

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत सेठ, चेतेश्वर पुजारा और केएस भरत (विकेटकीपर)।

# जापान ने जर्मनी के बाद जीता दुनिया का दिल

## ऐतिहासिक जीत के बाद खिलाड़ियों ने टीम रूम की सफाई की; सब ने कहा...

दोहा, 17 नवंबर (एजेंसियां)। जापान ने कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप में जर्मनी के साथ दुनिया का दिल भी जीत लिया। टीम और उसके फैंस ने फीफा के मंच पर दुनिया को सफाई का पाठ पढ़ाया। बुधवार को चार बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी पर जीत के बाद एक ओर जापानी खिलाड़ियों ने टीम रूम (लॉकर रूम) क्लीन किया। तो दूसरी ओर जापानी फैंस ने जाते-जाते स्टेडियम की सफाई की।

ऐसे में दुनिया भर में फुटबॉल संचालित करने वाली संस्था FIFA ने बुधवार रात एक फोटो और वीडियो पोस्ट किया। फोटो में जापान का टीम रूम बिल्कुल नीट एंड क्लीन दिख रहा है। वहीं,



...शानदार

वीडियो में जापानी फैंस मुकाबले के बाद स्टेडियम साफ करते नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया में जपानियों की जमकर तारीफ हो रही है। खबर में आगे बढ़ने से पहले देखिए जापान के टीम रूम की फोटो...

**खिलाड़ियों ने लिखा- थैंक्यू**

ऐतिहासिक जीत के बाद खिलाड़ियों ने टीम रूम साफ किया और अरबी भाषा में थैक्यू नोट भी छोड़ा। FIFA ने फोटो पोस्ट करते हुए लिखा- 'जर्मनी में ऐतिहासिक जीत के बाद जापानी फैंस ने स्टेडियम साफ किया। जबकि जापानी टीम ने खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम का टीम रूम कुछ इस तरह साफ किया।'

**4 साल पहले भी जापानी फैंस ने कूड़ा उठाया था**

कुछ ऐसा ही नजारा 4 साल पहले रूस वर्ल्ड कप में देखने को मिला था। हालांकि 2018 के उस मुकाबले में जापान 3-2 से हार गया था। फिर भी जापानी फैंस ने कूड़ा साफ किया था।

**जर्मनी पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत**

जापान ने वर्ल्ड कप में बुधवार को ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उसने 4 बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को 2-1 से हराया। फर्स्ट हाफ में पेनल्टी से गोल करने के बाद जर्मनी मजबूत स्थिति में था, लेकिन सेकेंड हाफ में जापान ने वापसी की और 8 मिनट में 2 गोल दागकर मैच 2-1 से जीत लिया।

**फैन बोला- यह हमारा रिवाज**

दुनिया को यह बड़ी बात लगती है। लेकिन जापानियों के लिए साधारण सी बात है। एक जापानी फैन ने अल जजीरा से बात करते हुए कहा- 'जिसे आप स्पेशल सोच रहे हो, वह हमारे लिए सामान्य-सी बात है। हम ऐसा करते रहते हैं। जब हम टायलेट का इस्तेमाल करते हैं, तो उसको खुद क्लीन करते हैं। ऐसा ही हम रूम खाली करते समय करते हैं। ये हमारा रिवाज है। हम किसी जगह को साफ किए बिना नहीं छोड़ सकते। ये हमारी शिक्षा और रोज की लर्निंग का हिस्सा है।

# पुर्तगाल-घाना मुकाबले से पहले रोनाल्डो 2 मैचों के लिए सस्पेंड

## 42 लाख रुपए का जुर्माना भी लगा..



एक फैन का मोबाइल तोड़ दिया था

लंदन, 24 नवंबर (एजेंसियां)। पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉल क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2 मैचों के लिए सस्पेंड कर दिए गए हैं। उन पर 42 लाख 65 हजार रुपए (50 हजार यूरो ) का जुर्माना भी लगाया गया है। फुटबॉल एसोसिएशन (FA) ने रोनाल्डो को यह सजा एक फैन के साथ मिसबिहेव करने पर दी है।

दरअसल, 9 अप्रैल को रोनाल्डो ने एफए कप के दौरान एवर्टन के एक फैंस के साथ बदसलूकी की थी। गोडिसन पार्क में मैनचेस्टर की टीम 0-1 से हार गई थी। हार से बौखलाए रोनाल्डो ने उस बच्चे के हाथ से मोबाइल छीना और जमीन पर फेंक दिया था। हालांकि, स्टार फुटबॉलर ने बाद में माफी भी मांग ली थी।

इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ था। उस बच्चे की मां ने कहा था कि उस फैन को हाथ में चोट लगी है। ऐसे में स्थानीय पुलिस ने रोनाल्डो को चेतावनी भी दी थी।

**वर्ल्ड कप मैच में सस्पेंशन का असर नहीं**

यह प्रतिबंध वर्ल्ड कप पर लागू नहीं होगा। यह सिर्फ एफए टूर्नामेंट के मैचों पर रहेगा। क्योंकि, यह बैन फुटबॉल एसोसिशन ने लगाया है। जो इंग्लैंड की घरेलू लीग एफए कप आयोजित करता है।

**मैनचेस्टर यूनाइटेड से करार टूटा**

इस सस्पेंशन का रोनाल्डो के करियर पर खास फर्क नहीं पड़ेगा। क्योंकि, वे इस समय किसी इंग्लिश क्लब के साथ नहीं हैं। एक दिन पहले ही रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ दिया है। खिलाड़ी और क्लब दोनों ने सोशल पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है। पिछले कुछ समय से क्लब और खिलाड़ी के बीच सब ठीक नहीं चल रहा था।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप...बेल्जियम की रोमांचक जीत

## कनाडा को 1–0 से हराया, बतशुआई ने दागा गोल

खेल डेस्क, 24 नवंबर (एजेंसियां)। बेल्जियम ने कतर में चल रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप में रोमांचक जीत से शुरुआत की है। उसने ग्रुप एफ के मुकाबले में कनाडा को 1-0 से हराया। बेल्जियम की ओर से विजयी गोल मिची बतशुआई ने दागा। बेल्जियम का अगला मुकाबला रविवार को मोरेक्को के साथ होगा।

इस जीत से टीम ग्रुप एफ के टॉप पर पहुंच गई है। उसके तीन अंक हो गए हैं। इस ग्रुप का एक अन्य मुकाबला मोरेक्को और क्रोएशिया के बीच ड्रॉ हो गया था। ऐसे में दोनों के पास एक-एक अंक हैं। वहीं, कनाडा एक हार के साथ सबसे निचले पायदान पर है। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालिफाई करेंगी।



....अब मोरेक्को से सामना

**बेल्जियम ने लगातार तीसरे वर्ल्ड कप में पहला मैच जीता**

बेल्जियम ने लगातार तीसरे वर्ल्ड कप में अपना पहला मैच जीता है। वे पिछले आठ वर्ल्ड कप से ग्रुप स्टेज के मैच जीत रहा है। 2014 वर्ल्ड कप के बाद बेल्जियम ने 13 मैचों में 11 जीत दर्ज की है।

**कनाडा ज्यादा आक्रामक दिखी**

मुकाबले में दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखा। उनके खिलाड़ी शुरुआत से बढ़त बनाने का प्रयास करते रहे। लेकिन, सफलता बेल्जियम को 36वें मिनट में मिली। उसके बाद कनाडा ने वापसी के कई प्रयास किए। लेकिन वे सफल नहीं हो सके। हॉफ टाइम तक स्कोर लाइन 1-0 थी।

**सेंटर से लॉन्ग पास और गोल**

बतशुआई ने यह गोल 36वें मिनट में एक लॉन्ग पास की बदौलत किया। दरअसल, बॉल कनाडा के पाले में थी। कनाडाई खिलाड़ी आक्रमण पर थे। जिसे बेल्जियम के गोलकीपर थिबाउट कोर्टियस ने विफल कर दिया। इस आक्रमण के तुरंत बाद बेल्जियम के सेंटर बैक टॉबी एल्डरविरेल्ड ने सेंटर से लॉन्ग पास किया। जिस पर बतशुआई ने शानदार गोल दाग। इस गोल ने बेल्जियम को अजेय बढ़त दिलाई।

**बिना गोल किए सबसे ज्यादा मैच खेले**

कनाडा ने बिना गोल किए चौथा मुकाबला गंवाया है। उसने वर्ल्ड कप में चार मुकाबले खेले हैं और कोई गोल स्कोर नहीं किया है। ऐसा करने वाला वह पहला देश बना है।

# नागिन डांस करने वाले श्रीलंकाई खिलाड़ी पर लगा एक साल का बैन, चार लाख का जुर्माना

कोलंबो, 24 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने चमिका करुणारत्ने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक साल का बैन लगा दिया है। इसके साथ ही उन पर लगभग चार लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। श्रीलंका के ऑलराउंडर चमिका करुणारत्ने पर एक साल का बैन लगाया है। इसके साथ ही उन पर 50 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग चार लाख रुपये) का जुर्माना भी लगाया गया है। चमिका करुणारत्ने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उनके ऊपर अनुशासन तोड़ने के आरोप लगे थे। इसके बाद तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति ने करुणारत्ने को दोषी पाया। इसके बाद उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।



करुणारत्ने ने अनुशासन से जुड़े कई नियम तोड़े हैं। जांच में उनके ऊपर लगाए गए सभी दोष सही पाए गए हैं। स मामले पर बयान जारी करते हुए श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड की तरफ से कहा गया करुणारत्ने ने जिन नियमों का उल्लंघन किया है। उसकी गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, जांच पैनल ने अपनी रिपोर्ट में श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की कार्यकारी समिति से उन्हें कड़ी चेतावनी देने और एक ऐसी सजा देने की सिफारिश की है जिसका उनके करियर पर ज्यादा प्रभाव न पड़े। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि वह दूसरी बार नियमों का उल्लंघन करने से बचें।

जांच पैनल की रिपोर्ट और सिफारिशों के बाद श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की कार्यकारी समिति ने करुणारत्ने के क्रिकेट के सभी रूपों में भाग लेने से एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है, और उन्हें एक साल की अवधि के लिए निलंबित किया जाएगा।

करुणारत्ने ने ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में समाप्त हुए टी20 विश्व कप में सात मैचों में तीन विकेट लिए। साथ ही बल्लेबाजी का मौका मिलने पर भी प्रभावित किया था। एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका की जीत के बाद उन्होंने जमकर नागिन डांस किया था। इसकी तस्वीरें वायरल होने के बाद वह काफी चर्चा में रहे थे।

करुणारत्ने से पहले श्रीलंका के बल्लेबाज धनुष्का गुणतिलका काफी विवादों में रहे थे। उन पर ऑस्ट्रेलिया में एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोप लगे थे। इस मामले पर सुनवाई चल रही है। हालांकि, फिलहाल गुणतिलका को जमानत मिल गई है।

# सातवें आसमान पर स्पेन: एकतरफा मुकाबले में कोस्टा रिका को हराया

दोहा, 24 नवंबर (एजेंसियां)। बुधवार को फीफा वर्ल्ड कप में ग्रुप E के दूसरे मुकाबले में स्पेन ने कोस्टा रिका को 7-0 से हराया। स्पेन के 6 प्लेयर ने 7 गोल दागे। टीम ने पहले हाफ में ही 3 गोल की लीड बनाई फिर दूसरे हाफ में 4 गोल स्कोर किए। डानी ओल्मो, मार्को एसेंसिओ, एल्वारो मोराटा, कार्लोस सोलर और गावी ने एक-एक, वहीं फेरान टॉरेस ने दो गोल दागे। पहले गोल के साथ ही स्पेन के वर्ल्ड कप में 100 गोल पूरे हुए। दूसरी तरफ कोस्टा रिका गोल की तरफ एक भी शॉट नहीं मार सकी।

अब स्पेन ग्रुप E के पहले नंबर पर आ चुकी है। वहीं कोस्टा रिका आखिरी स्थान पर है। दूसरे स्थान




पर जापान और चार बार का वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी तीसरे स्थान पर है।

स्पेन ने पहले ही हाफ में 3 गोल की लीड बनाई। 11 वें मिनट में डानी ओल्मो ने गोल दागा। गावी ने मिडफील्ड से ओल्मो की ओर स्पेस देखते हुए पास बनाया और ओल्मो ने कोई भी गलती नहीं करते हुए गोलकीपर को छकाते हुए नेट में बॉल को भेज दिया।

मार्को एसेंसिओ ने टीम का दूसरा गोल किया। एसेंसिओ ने एफसी बार्सिलोना से क्लब फुटबॉल खेलने वाले जोर्डी एल्बा के क्रॉस का फायदा उठाते हुए टेप इन कर के गोल किया।

तीसरा गोल पेनाल्टी से हुआ। 31 वें मिनट में पेनाल्टी बॉक्स में डुआर्ते ने स्पेन के जोर्डी एल्बा को गिरा दिया। इससे स्पेन को पेनल्टी मिली जिसे फेरान टॉरेस ने बिना कोई गलती करते हुए गोल में तब्दील किया।

**स्पेन दूसरे हाफ में गावी चमके**

पहले हाफ में बढ़त बनाने के बाद स्पेन ने दूसरे हाफ में भी गोल दागने का सिलसिला जारी रखा। पहले फेरान टॉरेस ने मैच का अपना दूसरा गोल दागा। इसके बाद 18 साल के युवा खिलाड़ी पाब्लो गावी ने 74वें मिनट में गोल स्कोर किया। गावी ने अपने पहले ही वर्ल्ड कप मुकाबले में गोल दाग दिया।

कोस्टा रिका की टीम गोल की तरफ एक भी शॉट नहीं मार पाई। स्पेन का डिफेंस इतना मजबूत था कि कोस्टा रिका बॉल को डिफेंस लाइन के भी आगे नहीं ले जा सकी। पूरे मैच में स्पेन के पास 82% समय बॉल रही। कोस्टा रिका को अब अगले राउंड में जाने के लिए ग्रुप E में जापान और जर्मनी के खिलाफ अपने बचे हुए मैच जीतने होंगे।

स्पेन के मैनेजर लुइस एनरिके बार्सिलोना के मैनेजर भी रह चुके हैं। वे मुख्य रूप से टिकी-टाका फुटबॉल में विश्वास रखते हैं। टिकी-टाका फुटबॉल यानी पासिंग का खेल। प्लेयर्स पासिंग करके गेम को आगे ले जाते हैं।

# बांग्लादेश प्रीमियर लीग खेलेंगे उन्मुक्त चंद

## चट्टोग्राम चैलेंजर्स ने खरीदा, 2012 में भारत को जिताया था अंडर-19 वर्ल्ड कप

खेल डेस्क, 24 नवंबर (एजेंसियां)। भारत को अपनी कप्तानी में 2012 का अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने वाले उन्मुक्त चंद बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलते नजर आएंगे। उन्हें चट्टोग्राम चैलेंजर्स टीम ने प्लेयर्स ड्राफ्ट के जरिए अपनी टीम में शामिल किया है। इस तरह उन्मुक्त बांग्लादेश की फ्रेंचाइजी लीग का हिस्सा बनने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। बीपीएल 6 जनवरी 2023 से शुरू होगा। पिछले साल भारत छोड़कर अमेरिका शिफ्ट होने वाले चंद ने पिछले सप्ताह ही BPL की प्लेयर्स ड्राफ्ट में नाम भेजा था। नाम भेजने के कुछ दिनों में ही उन्हें खरीदार भी मिल गया। चट्टोग्राम चैलेंजर्स टीम ने प्लेयर्स ड्राफ्ट में विदेशी प्लेयर्स के सेकेंड राउंड में उन्मुक्त को खरीदा। चैलेंजर्स



2021 में भारत से संन्यास लिया

के मालिक रिफातुज्जमान ने कहा- भारतीय खिलाड़ियों को देखने के लिए कई फैंस स्टेडियम पहुंचते हैं। इसी फैन बेस को यूज करने के लिए हमने इंडियन प्लेयर को टीम में शामिल किया। बीपीएल बांग्लादेश की फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग है। 2012 से खेली जा रही लीग का 9वां सीजन 6 जनवरी 2023 से शुरू होगा। लीग में चट्टोग्राम चैलेंजर्स के अलावा ढाका डोमिनेटर्स, फोर्च्यून बारिशल, खुलना टाइगर्स, सिल्हेट स्ट्राइकर्स और कोमिला विक्टोरियंस टीमें भी खेलेंगी।

चंद ने घरेलू क्रिकेट में ठीक-ठाक परफॉर्मेंस किया। लेकिन, इंडियन प्रीमियर लीग में वह कुछ खास नहीं कर सके। टूर्नामेंट के 21 मैचों में वह 100 के स्ट्राइक रेट से 300 रन ही बना सके। उन्होंने महज 15 की औसत से रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से एक ही फिफ्टी आई।

उन्हें दिल्ली डेयरडेविल्स, मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स ने अलग-अलग सीजन में खरीदा। 2011 में डेब्यू करने के बाद 13 मई 2016 को उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ आखिरी IPL मैच खेला था।

# डबल बेडरूम आवास निर्माण में तेजी लाएं : वेमुला

## मंत्री ने मुख्य सचिव, कलेक्टरों और अधिकारियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंस



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आवास मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी ने मुख्य सचिव सोमेश कुमार के साथ जिला कलेक्टरों, अतिरिक्त कलेक्टरों और आवास अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और उन्हें घरों के निर्माण में तेजी लाने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचागत कार्य और लाभार्थियों के चयन को भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि लाभार्थियों को मकान सौंपे जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि 2बीएचके आवास कार्यक्रम सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है जिसे मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के दृष्टिकोण के अनुसार तैयार किया गया है। कलेक्टरों से कहा गया कि वे महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना के कार्यों को प्राथमिकता दें और शेष कार्यों को स्थानीय विधायकों और मंत्री के परामर्श से अभिसरण के माध्यम से पूरा करें। बाद में, मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों, अतिरिक्त कलेक्टरों और अन्य अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और शुक्रवार को बीआरकेआर भवन से पोडु, बृहत पल्ले प्रकृति वनम, तेलंगाना क्रीड़ा प्रांगनम और राजस्व संबंधी मुद्दों में हुई प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि पोडू भूमि का सर्वेक्षण शीघ्र पूरा किया जाए और प्रस्तावों को दर्ज करने के लिए तुरंत ग्राम सभा बुलाई जाए। उपमंडल की बैठकें भी एक दो दिन में उच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरी कर लें। चूंकि अधिकांश जिलों में तेलंगाना क्रीड़ा प्रांगणम की पहचान लगभग पूरी हो चुकी है, इसलिए काम में तेजी लाकर इसे पूरा किया जाना चाहिए। कलेक्टरों को जीओ 58 व जीओ59 के तहत लंबित आवेदनों के संबंध में भी प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया।

विशेष मुख्य सचिव आवास सुनील शर्मा, विशेष मुख्य सचिव शांति कुमारी, सचिव जीएडी वी शेषाद्री, सचिव एससीडीडी राहुल बोज्जा, सचिव आदिम जाति कल्याण डॉ. क्रिस्टीना जेड चोंगथू, सचिव कृषि रघुनंदन राव, सचिव वाईएटी एंड सी श्रीनिवास राजू, जीएचएमसी आयुक्त लोकेश कुमार, सीडीएमए सत्यनारायण, विशेष बैठक में सचिव आदिम जाति कल्याण श्रीधर, सीसीएलए के निदेशक रजत कुमार सैनी, एसओ, सीसीएलए सत्य शारदा सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# एफआरओ की हत्या : पूरे तेलंगाना में पोडु भूमि सर्वेक्षण का बहिष्कार

खम्मम, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के चंद्रगोंडा मंडल के बोरलापाडु में मंगलवार को गुथिकोयस द्वारा वन रेंज अधिकारी सीएच श्रीनिवास राव की हत्या के परिणामस्वरूप गुरुवार को राज्य भर में चल रहे पोडु भूमि सर्वेक्षण का बहिष्कार किया गया।

तेलंगाना वन रेंजर्स एसोसिएशन, तेलंगाना जूनियर फॉरेस्ट ऑफिसर्स एसोसिएशन और अन्य संघों ने पोडु काश्तकारों द्वारा पट्टों के लिए आवेदनों को हल करने के लिए सर्वेक्षण और ग्राम सभाओं से दूर रहने का फैसला किया। तत्कालीन खम्मम में, कई स्थानों पर ग्राम सभाओं की कार्यवाही बुधवार को भी प्रभावित हुई थी, क्योंकि अधिकांश वन अधिकारी श्रीनिवास राव के अंतिम संस्कार के लिए खम्मम में रघुनाथपलेम मंडल के एर्लापुडी गांव गए थे। वनों की सुरक्षा के साथ-साथ अपनी सुरक्षा के लिए वनकर्मियों को हथियार उपलब्ध कराने की अपनी मांग के समर्थन में वनकर्मी संघों के नेताओं ने गुरुवार को खम्मम और कोत्तागुडेम में जिला मुख्यालयों पर विशाल रैलियों की योजना बनाई है।

# बीजेपी आईटी व ईडी के छापे से नहीं डरा सकती : मल्लारेड्डी

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रम और रोजगार मंत्री मल्ला रेड्डी ने आरोप लगाया कि उनके और उनके परिवार के सदस्यों पर आयकर (आई-टी) की छापेमारी केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा उन्हें और तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति) को निशाना बनाकर एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भाजपा टीआरएस (बीआरएस) से डरी हुई है जो अन्य राज्यों में अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रही है और अंततः भाजपा के लिए खतरा पैदा करेगी। लेकिन मैं इन छापों से नहीं डरूंगा। हम संबंधित अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं क्योंकि हमने कुछ भी गलत नहीं किया है। आई-टी छापे को राजनीतिक प्रतिशोध बताते हुए, मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पहले ही सभी मंत्रियों और विधायकों को आगाह कर चुके हैं कि आईटी, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा छापे मारे जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि उनकी निष्ठा मुख्यमंत्री के साथ है और वह केंद्र द्वारा ऐसी किसी भी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, मल्ला रेड्डी ने केंद्र द्वारा उनके परिवार और उनके शिक्षण संस्थानों में काम करने वालों पर आईटी छापे के नाम पर



किए जा रहे उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना पर कड़ी आपत्ति जताई। तलाशी के नाम पर उन्होंने कहा कि सैकड़ों आई-टी अधिकारी और सीआरपीएफ के जवानों को उनके आवास और शैक्षणिक संस्थानों में दहशत की स्थिति पैदा करने के लिए तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि जहां आईटी अधिकारियों ने उनके बेटे को उनकी जानकारी के बिना कुछ कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया, वहीं उनके पोते-पोतियों को भी नहीं बख्शा गया। यह तीसरी आई-टी छापेमारी है लेकिन मैंने इस तरह की छापेमारी कभी नहीं देखी। यह कैसा अत्याचार है? हम तस्कर हैं या अपराधी। उन्होंने सवाल किया कि आयकर विभाग आय के सभी अभिलेखों की जांच करने और उनकी जांच करने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन मेरे और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अमानवीय व्यवहार करने की क्या जरूरत है।

मंत्रियों ने जोर देकर कहा कि उनके और उनके परिवार द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान पारदर्शी तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे एक खुली किताब की तरह हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों या उनके परिवार द्वारा संचालित अन्य संस्थानों में प्रवेश में अनियमितता के आरोपों से इनकार किया। उन्होंने कहा कि सभी प्रवेश सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दिए जा रहे हैं। उन्होंने अवैध रूप से दान और अन्य शुल्क एकत्र करने के आरोपों को भी खारिज कर दिया, उन्होंने ऐसे आरोप लगाने वालों को रिकॉर्ड की जांच करने की सलाह दी क्योंकि सभी भुगतान ऑनलाइन या कानूनी तरीके से चेक किए जा रहे हैं।

# अब पल्ले वेलुगु बसों में यात्रा कर सकेंगे बस पास वाले छात्र

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) ने एक परिपत्र जारी कर कहा कि ग्रेटर हैदराबाद बसों का उपयोग करने वाले छात्रों को अब पल्ले वेलुगु बसों में जाने की अनुमति होगी। यह केवल पल्ले वेलुगु बसों पर लागू होगा, जिन्हें एक्सप्रेस सेवाओं के रूप में संचालित किया जा रहा है।

वीसी सज्जनार, टीएसआरटीसी एमडी ने ट्वीट किया कि टीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने ट्विटर पर इसकी घोषणा की। ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र के छात्रों के लिए अच्छी खबर है। ग्रेटर हैदराबाद बस पास को अब से पल्ले वेलुगु और एक्सप्रेस सेवाओं (एसआईसी) पर यात्रा करने की अनुमति है। राज्य द्वारा संचालित बसों में छात्रों की भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। इस कदम से उन छात्रों के एक महत्वपूर्ण वर्ग को मदद मिलने की संभावना है जो 'पल्ले वेलुगु' या 'ग्रामीण सेवा' बसों का उपयोग कर रहे हैं और बाहरी इलाके जैसे इब्राहिमपट्टनम, मेडचल, मोइनाबाद, नरसापुर आदि क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। हालांकि, यह ध्यान दिया जाना है कि यह सामान्य छात्र बस पास का उपयोग करने वाले छात्रों को कवर नहीं करेगा।

# तेलंगाना विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर में

## सीएम केसीआर ने दिये तैयारी करने के निर्देश



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र दिसंबर में एक सप्ताह के लिए आयोजित किया जाएगा, जिसमें तेलंगाना के लोगों को 2022-23 के चालू वित्त वर्ष के लिए तेलंगाना के कारण राजस्व में कटौती के बारे में चर्चा करने और सूचित करने के लिए चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने वित्त मंत्री टी. हरीश राव और विधायी मामलों के मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी को इस संबंध में उपाय करने का निर्देश दिया।

तदनुसार, दोनों मंत्रियों के विधानमंडल के संचालन की तारीखों को अंतिम रूप देने के लिए परिषद के अध्यक्ष गुथा सुखेंद्र रेड्डी, विधानसभा अध्यक्ष पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी और संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करने की उम्मीद है। केंद्र में भाजपा सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण, तेलंगाना को राज्य में लागू किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के लिए धन से वंचित कर दिया गया था। परिणामस्वरूप, राज्य को वर्ष 2022-23 के लिए राजस्व में 40,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमी का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र राज्य के विकास को धन से वंचित करके और राज्य पर अनावश्यक प्रतिबंध लगाकर रोक रहा है। उन्होंने इन प्रतिबंधों के बारे में विधान सभा से राज्य के लोगों को विस्तार से समझाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# ताश खेल के दौरान हुए विवाद में एक की मौत



सिद्दीपेट, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दुब्बाका मंडल के तिम्मापुर गांव में बुधवार की देर रात दो लोगों ने अपने दोस्त की हत्या कर दी, जिससे ताश खेलते समय दोस्तों के बीच विवाद घातक हो गया। पीड़ित नागराजू (37) था। दुब्बाका पुलिस के अनुसार, नागराजू अपने दोस्तों के साथ गद्दाम श्रीनिवास और स्वामी के साथ ताश खेल रहे थे, तभी उनके बीच विवाद हो गया। श्रीनिवास और स्वामी ने नागराजू पर लाठियों से हमला किया। जब वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि उनकी मृत्यु हो गई, तो स्वामी गांव के एक किराना जनरल स्टोर में पेट्रोल खरीदने आए। वह कथित तौर पर चिल्लाया कि उन्होंने नागराजू को मार डाला है और वे उसे पेट्रोल से जला देंगे। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को बुलाया, जिसने दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या घटना पूर्व नियोजित थी। जांच जारी है।

# नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने वाले को 20 साल की सजा

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंचल में नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने के मामले में पोक्सो कोर्ट ने एक व्यक्ति को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। पुलिस के मुताबिक फरवरी 2016 में मंचल निवासी दुसारी राजू उर्फ कटम राजू (24) ने करीब चार साल की एक लड़की को घर में फुसलाकर उसका यौन शोषण किया था। इसकी जानकारी होने पर बच्चे की मां ने शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने राजू के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# हैदराबाद विवि के प्रो. सुरजीत धारा भटनागर पुरस्कार से सम्मानित



हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के संकाय सदस्य प्रोफेसर सुरजीत धरा को भौतिकी के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध के सम्मान में वर्ष 2020 का शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार मिला है। हमेशा की तरह, दिल्ली में एक औपचारिक प्रस्तुति समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा हर साल पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, लेकिन कोविड-19 के कारण, हाई-प्रोफाइल पुरस्कार समारोह रद्द कर दिया गया था। यह आयोजन आखिरी बार फरवरी 2019 में आयोजित किया गया था। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने विजेताओं को डाक से पुरस्कार भेजे हैं। हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बसुथकर जगदीश्वर राव ने विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रोफेसर सुरजीत धारा को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ फिजिक्स के डीन, प्रोफेसर केसी जेम्स राजू, फैकल्टी, स्टाफ, कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, और टीआईएफआर के नए स्कूल ऑफ फिजिक्स भवन में परिसर के करीब अतिथि उपस्थित थे। सुरजीत धारा ने क्रमशः बर्धवान विश्वविद्यालय (1998) और रमन अनुसंधान संस्थान (2004) से एमएससी और पीएचडी पूरी की। उन्हें 2016 में स्कूल ऑफ फिजिक्स, हैदराबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया था।

# तेलंगाना के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की भविष्यवाणी

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अगले 24 घंटों के दौरान उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर एक ताजा चक्रवाती परिसंचरण के उभरने की संभावना है, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर हल्की या मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी-एच पूर्वानुमान बताता है कि हैदराबाद के सभी क्षेत्रों में अगले पांच दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा क्षेत्र में 30 नवंबर तक धुंध या धुंध बनी रहेगी। जबकि न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, अधिकतम तापमान में वृद्धि तय है।

# गडकरी ने तेलंगाना और आंप्र के लिए 573.13 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट्स द्वारा बताया कि मुलुगु जिले में एनएच-163 के हैदराबाद-भूपालपट्नम खंड से मौजूदा 2 लेन सड़क को चौड़ा कर चार लेन किये जाने की जानकारी दी, तेलंगाना को कुल 136.22 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है।

उन्होंने कहा कि परियोजना खंड प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे लखनवरम झील और बोगोथा झरने को जोड़ता है। इस खंड के विकास से तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बीच अंतरराज्यीय संपर्क में सुधार होगा। मंत्री ने कहा कि मुलुगु जिला वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित



जिला है और इस खंड के विकास से सरकार को वामपंथी उग्रवाद की गतिविधियों पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के नागरकुरनूल जिले में कृष्णा नदी पर आइकॉनिक ब्रिज के एप्रोच सहित एनएच-167के पर 2/4 लेन के पुनर्वास और उन्नयन को ईपीसी मोड पर 436.91 करोड़ में मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि एनएच-167के हैदराबाद/कलवाकुर्ती और तिरुपति, नंद्याला/चेन्नई जैसे महत्वपूर्ण स्थलों के बीच की दूरी को लगभग 80 किलोमीटर कम कर देगा क्योंकि वर्तमान में एनएच-44 के बाद यातायात पूरा होने के बाद एनएच-167के तक पहुंच जाएगा।

उन्होंने कहा कि नंद्याला कृषि उत्पादों और वन उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र है क्योंकि यह नल्लामाला वन के नजदीक है। उन्होंने कहा कि कोल्लापुर में स्वीकृत आइकॉनिक ब्रिज दोनों राज्यों के लिए गेटवे होगा और पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

# राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार से सम्मानित होंगे प्रकाशम के माचेपल्ली बसवैया

नई दिल्ली, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केन्द्र सरकार ने आज वर्ष 2022 के राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार कर दी है। यह पुरस्कार पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी पशुओं को पालने वाले किसानों, कृत्रिम गर्भादान तकनीशियनों और डेयरी सहकारी समितियों, दुग्ध उत्पादक कंपनी और डेयरी किसान उत्पादक संगठनों जैसे सभी व्यक्तियों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। यह पुरस्कार 26 नवंबर को कर्नाटक के बेंगलुरू में डॉक्टर बाबू राजेंद्र प्रसाद अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र, जीकेवीके कैंपस में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस समारोह के अवसर पर प्रदान किया जायेगा। यह पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है स्वदेशी मवेशी व भैंस की नस्लों का पालन करने वाला सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार हरियाणा में फतेहबाद में जितेन्द्र सिंह, द्वितीय पुरस्कार महाराष्ट्र में पुणे के रविशंकर शशिकॉन सहत्रबुद्धे और तृतीय पुरस्कार के लिए गुजरात में कच्छ की सुश्री गोयल सोनलबेन नारान का चयन किया गया है।

सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (एआईटी) की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार ओडिसा में बालनगिर के गोपाल राणा, द्वितीय पुरस्कार राजस्थान में गंगानगर में हरिसिंह और तृतीय पुरस्कार के लिए आंध्र प्रदेश में प्रकाशम के माचेपल्ली बसवैया का चयन किया गया है। इसी प्रकार से सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी, दुग्ध उत्पादक कंपनी और डेयरी किसान उत्पादक संगठन की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के लिये केरल में वायनाड की मन्नतवडी क्षीरोल्पडका संगम लिमिटेड, द्वितीय पुरस्कार के लिए कर्नाटक में मांडया की अराकेरे मिल्क प्रडयूसर कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड और तृतीय पुरस्कार के लिए तमिलनाडु में तिरूवरूर की मन्नारगुडी एमपीसीएस का राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

# तेलंगाना के बाकी हिस्सों की तुलना में आदिलाबाद में सर्दी का असर ज्यादा

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व के आदिलाबाद में इस साल नवंबर में सबसे अधिक ठंड पड़ रही है, कुमराम भीम आसिफाबाद के सिरपुर में गुरुवार को सुबह 8.30 बजे सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में भी, सिरपुर में सबसे कम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार की सुबह, तत्कालीन आदिलाबाद के कई अन्य क्षेत्रों में तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

नेराडिगोंडा में 14 डिग्री सेल्सियस, जबकि जैनाद में 14.2 डिग्री सेल्सियस और मावाला में 14.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। निर्मल में पेम्बी में 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि निजामाबाद के कोटगिरी में 15.4 डिग्री सेल्सियस, संगारेड्डी में न्यालकल में 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेलंगाना स्टेट डेवलपमेंट प्लानिंग सोसाइटी के अगले तीन दिनों के मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार, राज्य के उत्तरी जिलों में रातें और सुबह ठंडी बनी रहेगी, न्यूनतम तापमान 12 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

स्वतंत्र वार्ता

Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha2006@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# जंगली जानवरों के लिए एनएच-63 पर बन रहा तेलंगाना का पहला ओवरपास इको-ब्रिज

हैदराबाद, 24 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना का पहला ओवरपास इको-ब्रिज, जो जंगली जानवरों की सुविधाजनक और सुरक्षित आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है, राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर मंचेरियल-चंद्रपुर मार्ग पर बन रहा है। पारिस्थितिकी-पुलों का निर्माण वन्यजीव संपर्क को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है, जो कि वन क्षेत्रों में राजमार्गों पर गुजरने वाले यातायात के कारण बाधित हो सकता है। पारंपरिक अंडरपास के विपरीत, जो वन क्षेत्रों में बनाए जाते हैं, वानकिडी के पास आने वाला इको-ब्रिज एक ओवरपास संरचना है। जंगली जानवर संरचना के ऊपर से गुजरेंगे और वाहनों का यातायात पुल के नीचे से गुजरेगा और इससे जानवरों, विशेष रूप से बाघों को तेज गति से वाहनों की चपेट में आने से बचाने में मदद मिलेगी। कागजनगर जंगल में मनचेरियल-चंद्रपुर मार्ग एक पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र है क्योंकि बाघ आमतौर पर महाराष्ट्र से तेलंगाना में प्रवास करते समय मार्ग से गुजरते हैं।



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ओवरपास पुल का निर्माण कर रहा है, जिसकी लंबाई लगभग 1 किमी है। तेलंगाना वन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संरचना का निर्माण 30 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा था और काम पहले से ही तेज गति से किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि कार्यों की गति को देखते हुए, संरचना लगभग छह महीने में तैयार हो जानी चाहिए। जबकि एनएचएआई सिविल कार्य कर रहा है, वन विभाग संरचना डिजाइन, स्थान की पहचान, पारिस्थितिक पहलुओं और कार्यों के निष्पादन में समन्वय कर रहा है।

संरचना का निर्माण भारतीय वन्यजीव संस्थान के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि कार्यों के निष्पादन में सभी पर्यावरण के अनुकूल उपायों का पालन किया जा रहा है। ओवरपास पुल के निर्माण के कारणों के बारे में अधिकारी ने कहा कि आमतौर पर जंगली जानवर रात के समय अंडरपास से गुजरने में झिझकते हैं। यह पर्याप्त जगह की कमी या खराब रोशनी या कभी-कभी बारिश के पानी से भरे मार्ग के कारण हो सकता है।

इसके विपरीत, जंगली जानवरों को आसानी से और सुरक्षित रूप से सड़क पार करने की सुविधा के लिए ओवरपास पुल बनाया जा रहा था। अधिकारी ने कहा कि पुल की ओर जाने वाले दोनों तरफ काफी हरियाली होगी और यह पारंपरिक पुल जैसा नहीं लगेगा।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.